सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 08 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 8, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 234 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 234 अंक के लाभ में रहा। } 14

## अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल का किया शुभारंभ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीबीआई द्वारा विकसित नये पोर्टल भारतपोल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा इससे समन्वय स्थापित करने में मदद मिलगी। } 16

## तिब्बत में भूकंप से 126 लोगों की मौत

### 6.8 आंकी गयी तीव्रता, बिहार व नेपाल में भी महसूस हुए झटके



एजेंसी

बीजिंग। तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक के निकट मंगलवार को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई और 188 अन्य घायल हो गए। पड़ोसी देश नेपाल में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके कारण इमारतें हिलने लगीं और लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार को सुबह नौ बजकर पांच मिनट (चीन के समयानुसार) पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महाकुम्भ में स्वास्थ्य सुरक्षा का रखें पुख्ता इंतजाम : योगी

### पूछें श्रद्धालुओं का हाल, जरूरत हो तो मुहैया करायें उपचार, मेला क्षेत्र में लगातार घूमे स्वास्थ्य विभाग का दस्ता

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सर्दी के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए और हिदायत दी कि महाकुम्भ में स्वास्थ्य विभाग का दस्ता लगातार भ्रमण करके लोगों का हाल पूछे और जरूरत हो तो उपचार भी मुहैया कराये।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में कहा कि पूरे राज्य में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। शीतलहर चल रही है। यह समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने वाला है। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। ऐसे में स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए और जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आम आदमी को कोई परेशानी नहीं हो। महाकुम्भ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि सभी सेक्टर में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों और एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे। योगी ने कहा सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो अथवा कोई अन्य गंभीर बीमारी, सभी को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम महाकुंभ के सभी सेक्टर में सतत भ्रमण करे और लोगों का हाल-चाल ले, जरूरत हो तो उन्हें उचित चिकित्सकीय सहायता मुहैया करायी जाए।



# दिल्ली में बजा चुनावी बिगुल, पांच को मतदान

### ○ आठ को होगी मतगणना ○ जल्द ही 100 करोड़ मतदाताओं वाला देश बनेगा भारत: सीईसी

## मुफ्त वाली योजनाओं को परिभाषित करना मुश्किल

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चुनावी बिगुल बज गया। यहां की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती आठ फरवरी को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यहां चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है।

दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं, जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की, जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है और नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 20 जनवरी तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। उन्होंने कहा यह एक चरण का चुनाव है, हमने जानबूझकर बुधवार को मतदान रखा है, ताकि अधिक लोग मतदान करने के लिए बाहर आएं, जैसा कि हमने महाराष्ट्र में किया। उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर और तमिलनाडु में इरोड विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव इसी दिन होंगे। मिल्कीपुर के विधायक अवधेश प्रसाद के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने और इरोड से विधायक ईवीकेएस एलंगोवन के निधन के कारण इन सीटों पर उपचुनाव की जरूरत पैदा हुई है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि यह परिभाषित करना बहुत मुश्किल है कि मुफ्त उपहार योजनाएं (फ्रीबीज) क्या हैं और इस मुद्दे पर निर्वाचन आयोग के हाथ बंधे हुए हैं क्योंकि यह मामला अदालत के विचाराधीन है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि इस मुद्दे का स्वीकार्य और कानूनी जवाब ढूंढे जाएं। कुमार दिल्ली में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कुमार ने कहा कि दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं और इनमें 83.49 लाख पुरुष तथा 71.74 लाख महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि युवा मतदाताओं (20 से 21 वर्ष के) की संख्या 28.89 लाख है, जबकि पहली बार मतदान के पात्र युवाओं की संख्या 2.08 लाख ...शेष पृष्ठ 14 पर




## मिल्कीपुर विस सीट पर उपचुनाव पांच को

विशेष संवाददाता

लखनऊ। निर्वाचन आयोग ने अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का कार्यक्रम मंगलवार को घोषित कर दिया, जिसके तहत पांच फरवरी को मतदान और आठ फरवरी को मतगणना होगी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट 2022 में समाजवादी पार्टी (सपा) के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए अवधेश प्रसाद के 2024 के लोकसभा चुनाव में फैजाबाद (अयोध्या) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के तौर पर सांसद चुने जाने के बाद विधानसभा सीट से उनके इस्तीफा देने से रिक्त हुई है।

मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर के हवाले से बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, निर्वाचन की अधिसूचना 10 जनवरी 2025 (शुक्रवार) को जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी (शुक्रवार) है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी (शनिवार) को होगी। उन्होंने बताया कि नाम वापस लेने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी : 11 आईएएस व 30 आईपीएस के तबादले

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मंगलवार को एक बार फिर प्रशासनिक स्तर पर भारी फेरबदल किया गया है। 11 आईएएस अफसरों को इधर से उधर किया गया है। इसमें कई मंडलों के आयुक्त भी शामिल हैं। वहीं उत्तर प्रदेश शासन ने 30 आईपीएस अफसरों के तबादले किये हैं। जिसमें 8 जिलों के पुलिस कप्तान बदल दिये गये हैं।

○ मनीष चौहान को प्रमुख सचिव खेल व युवा कल्याण विभाग
○ आठ जिलों के एसपी बदले संकल्प लखीमपुर के कप्तान

आलोक कुमार-।। को प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रभार से अवमुक्त किया गया है। लीना जौहरी को प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रभार से अवमुक्त किया गया है। अमित गुप्ता को प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा महानिरीक्षक, निबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मनीष चौहान को प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. को सचिव, वित्त विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। के. विजयेंद्र पांडियन को कानपुर मंडलायुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बाल कृष्ण त्रिपाठी को विंध्याचल के मंडलायुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा डॉ रूपेश कुमार को महानिरीक्षक, निबंधन के प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है। विवेक को आजमगढ़ का मंडल आयुक्त नियुक्त किया गया है। अजीत कुमार को चित्रकूट धाम का मंडल आयुक्त और नरेंद्र प्रसाद पांडेय को सचिव, नियोजन विभाग तथा महानिदेशक, अर्थ एवं संख्या की जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं योगी सरकार ने मंगलवार को 30 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। जिसमें आठ जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं। सबसे चर्चित नाम लखीमपुर खीरी के एसपी गणेश प्रसाद शाहा का है। उनका तबादला मैनपुरी कर दिया गया है। लखीमपुर के नए कप्तान संकल्प शर्मा होंगे। वे हाल ही में लखनऊ ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## सपा नेता के मैरिज हाल पर चला बुलडोजर

कन्नौज। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष के बालपीर मोहल्ले में बने अवैध मैरिज हाल को मंगलवार को बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर रामकेश के साथ पालिका कर्मियों सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। उप जिलाधिकारी रामकेश के अनुसार समाजवादी पार्टी नेता ने पार्टी की सरकार के दौरान सड़क पर अवैध कब्जा करके मैरिज हाल का निर्माण कराया था। उप जिलाधिकारी रामकेश भारी पुलिस बल के साथ सुबह पहुँच गये और जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण ढहाना शुरू करवा दिया।

## पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदानों में सर्दी का सितम

### आठ डिग्री तक गिरा पारा, बारिश से और बिगड़ेगा मौसम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के तराई हिस्से में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जबकि अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। आसमान में बादलों का डेरा है, और सूरज नदारद है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है। घने कोहरे का सिलसिला 10 जनवरी तक जारी रहेगा, जिसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 48 घंटें तक मौसम का यही मिजाज रहने वाला है। इस दौरान ठंड से राहत के कोई आसार नहीं है। मंगलवार को यूपी की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 6.9 डिग्री तक लुढ़क गया। यह 13.6 डिग्री सेल्सियस ...शेष पृष्ठ 14 पर



## आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

जमशेदपुर। आसाराम बापू, जो वर्तमान में दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं, जल्द ही जेल से बाहर आ सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में दुष्कर्म के मामले में आसाराम को 31 मार्च तक चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया है. अदालत ने यह भी कहा है कि रिहाई के बाद आसाराम अपने अनुयायियों से नहीं मिल सकेंगे और वह किसी भी तरीके से सबूतों से छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं करेंगे.

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह उल्लेख किया कि 86 वर्षीय आसाराम हृदय रोग और उम्र संबंधी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं। इस कारण, उन्हें केवल चिकित्सा आधार पर राहत दी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने केंद्रीय मंत्री मांडविया से की मुलाकात

### हरदीप पुरी से राष्ट्रीय खेलों के लिए स्पासंरशिप दिये जाने का किया अनुरोध

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से शिष्टाचार भेंट कर 38वें राष्ट्रीय खेलों उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तैयारियों के बारे में जानकारियां साझा की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण की मेजबानी का सौभाग्य उत्तराखण्ड को प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी से भी भेंट कर राष्ट्रीय खेलों की आईओसी से सीएसआर मद में स्पासंरशिप दिए जाने का अनुरोध किया। सीएम धामी ने कहा कि 28 जनवरी से 14 फरवरी, 2025 तक चलने वाले राष्ट्रीय खेलों के इस महापर्व में भारत के विभिन्न प्रांतों से आये लगभग 10 हजार से अधिक कुशल खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर



**विशेष खबर** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास, आईएएस अफसर के .रविंद्र नायक, एडीजी वीके सिंह व खेल सचिव सुहास एल वाई ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# आईएचएफ ट्रॉफी : उज्बेकिस्तान यूथ के साथ जूनियर वर्ग में भी बना चैंपियन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उज्बेकिस्तान की यूथ अंडर-18 टीम ने आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज-एशिया) का खिताब मेजबान भारत को 47-23 से हराकर जीता। जूनियर अंडर-20 के फाइनल में भी उज्बेकिस्तान ने जीत दर्ज की जिसने कजाखिस्तान को 38-18 से हराया। चैंपियनशिप की यूथ व जूनियर विजेता टीम अब इंटर कांटिनेंटल फेज में चुनौती ...शेष पृष्ठ 14 पर

○ भारत यूथ में उपविजेता जूनियर में जीता कांस्य



विजेता खिलाड़ी को मेडल पहनाते यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास



खिलाड़ियों के साथ यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास व अन्य अतिथिगण



ट्राफी देते उप ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास फोटो : अमित वर्मा

# महाकुम्भ में देवलोक की अनुभूति करायेंगे 30 पौराणिक तोरणद्वार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ/महाकुम्भनगर।** पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तीर्थों के राजा तीर्थराज प्रयागराज तैयार हैं। महाकुम्भनगर में प्रवेश करते ही समुद्र मंथन के 14 रत्न सभी श्रद्धालुओं का

- **14 रत्न, नंदी, डमरू, समुद्र मंथन और कच्छप द्वार को दिया जा रहा आकार**
- **महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के अभिनंदन के लिए बन रहे विशेष प्रकार स्वागत द्वार**
- **तैयारियों को अंतिम रूप देने दिनरात काम में जुटे हैं प्रदेश भर से आये कारीगर**
- **महाकुम्भ की शोभा को चार चांद लगा रहे ये द्वार, श्रद्धालुओं को कर रहे आकर्षित**

वंदन करेंगे। जैसे ही आगे बढ़ेंगे शिव शम्भु का विशाल डमरू दिखेगा। इसके साथ ही कच्छप, समुद्र मंथन और नंदी द्वार भी श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। महाकुम्भनगर में 30 पौराणिक तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं, जो श्रद्धालुओं को देवलोक की अनुभूति कराएंगे।

**प्रदेश के कई हिस्सों से आए कारीगरों ने निभाई भूमिका :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को पहले के सभी कुम्भों से अधिक दिव्य और भव्य बनाना चाहते हैं। इसी के तहत देश दुनिया से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सबसे खास बात ये है कि यहां की तैयारियां कुछ इस तरह की गई हैं कि महाकुम्भ की आभा देख लोगों को एक अलग तरह की दुनिया का एहसास होगा। महाकुम्भ में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को देवलोक की दिव्य अनुभूति होगी। यहां 30 अलग अलग पौराणिक महत्व के तोरण द्वार बनाए गए हैं। प्रदेशभर से आए कारीगरों ने पूरे उत्साह से इसे अंजाम दिया है।

**श्रद्धालुओं को दिव्य महाकुम्भ का होगा अहसास :** महाकुम्भनगर में श्रद्धालुओं को बहुत ही मनोहारी दृश्य दिखाई पड़ेगा। यहां की पौराणिकता आने वाले श्रद्धालुओं को दिव्यता से भर देगी। सबसे पहले मेला क्षेत्र में एंट्री करते ही 14 रत्न आपका स्वागत करने के लिए तत्पर दिखाई पड़ेंगे। जिसमें ऐरावत, कामधेनु गाय, घोड़ा, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा अप्सरा, महालक्ष्मी, चंद्रमा, शारंग धनुष, शंख, धन्वंतरि, अमृत आदि शामिल हैं। इसके बाद नंदी द्वार और भोले भंडारी का विशालकाय डमरू नजर आएगा। जिसकी लंबाई 100 फीट और ऊंचाई लगभग 50 फीट से भी अधिक है। इस विशालकाय डमरू को बनाने में बड़ी संख्या में कारीगर जुटे हैं। इसके अलावा समुद्र मंथन द्वार और कच्छप द्वार समेत 30 विशेष तोरण द्वार श्रद्धालुओं को पौराणिकता की अनुभूति करा रहे हैं।

**सकारात्मक ऊर्जा और मंत्रों के जाप से गुंजायमान होने लगा समूचा महाकुम्भनगर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि महाकुम्भ को दुनिया के सामने इस तरह से सजाया और संवारा जाए कि जो पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण बनकर उभरे।

इस महाआयोजन की ओर बढ़ते ही लोगों को यहां की दिव्यता का एहसास होने लगेगा। महाकुम्भनगर का पूरा क्षेत्र सकारात्मक ऊर्जा और मंत्रों के जाप से गुंजायमान होने लगा है। यहां की महिमा ऐसी है कि पहुंचने के बाद लोग इसी पॉजिटिव एनर्जी में रच बस जाएं।

## प्रयागराज में स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाला गया स्वच्छता रथ

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ/महाकुम्भनगर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुम्भ के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सरकारी एजेंसियों , जन प्रतिनिधि से लेकर शहर

- **नगर निगम प्रयागराज की तरफ से निकाली जायेगी स्वच्छ रथ यात्रा**
- **नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता संगीत बैंड के माध्यम से स्वच्छता का दिया गया संदेश**
- **नगर निगम के सभी पार्षद, सफाई कर्मी और मेयर भी हुए शामिल**

के सभी नगरवासी प्रयास कर रहे हैं। स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश लेकर शहर में स्वच्छ रथ यात्रा का आयोजन इसी का हिस्सा है जिसमें बड़ी संख्या में जन सहभागिता देखने को मिली।

**स्वच्छ रथ यात्रा ने जगाई स्वच्छ महाकुम्भ की अलख :** महाकुम्भ नगर का रास्ता प्रयागराज शहर से होकर गुजरता है। ऐसे में महाकुम्भ आने वाले सभी श्रद्धालु और पर्यटक जब शहर के बीच से गुजरेंगे तब उन्हें स्वच्छ प्रयागराज की झलक भी देखने को मिले इसी संकल्प को लेकर शहर में स्वच्छ रथ यात्रा निकाली गई। स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश देने के लिए निकाली गई इस यात्रा को नगर निगम प्रयागराज के महापौर उमेश चंद गणेश केशरवानी ने हरी झंड़ी दिखाकर चौक कोतवाली से रवाना किया। मेयर गणेश केशरवानी का कहना है कि मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ महाकुम्भ के संकल्प को लेकर स्वच्छता रथ निकाला गया है। प्रयागराज स्वच्छ, स्वस्थ और अनुशासित हो इसके लिए यह जन जागरण यात्रा निकाली गई है। लोगों से अपील की जा रही है कि इधर-उधर कूड़ा न फेंके, डस्टबिन का उपयोग करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। इसमें स्थानीय नागरिकों का बढ़ चढ़कर सहयोग मिल रहा है

**नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता संगीत बैंड से भी दिया गया संदेश :** शहर के कोतवाली चौक से यह स्वच्छता रथ यात्रा नगर निगम प्रयागराज की तरफ से निकाली गई। इसमें एक विशाल स्वच्छ रथ में मां गंगा की भव्य मूर्ति के साथ पेड़ पौधों से सुसज्जित महाकुम्भ के प्रतीक साधुओं के स्कल्पचर तैयार किया गया था। इसे शहर के विभिन्न मार्गों में घुमाया गया।।

# महाकुंभ : जौनपुर, रीवा-बांदा और वाराणसी मार्ग से सबसे ज्यादा ट्रैफिक आने का अनुमान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में यातायात को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। यातायात पुलिस ने प्रमुख स्नान पर्व और सामान्य दिनों के लिए यातायात

- **प्रमुख स्नान पर्व और सामान्य दिनों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने तैयार की यातायात योजना**
- **जौनपुर मार्ग से 21 प्रतिशत, रीवा-बांदा मार्ग से 18 प्रतिशत ट्रैफिक का अनुमान**
- **वाराणसी मार्ग से 16, कानपुर से 14 और मिर्जापुर मार्ग से 12 प्रतिशत तक आ सकता है ट्रैफिक**

योजना तैयार कर ली है। प्रयागराज आने वाले सभी 7 प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रबंधन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। ऐसा अनुमान है कि जौनपुर, रीवा-बांदा और वाराणसी मार्गों से सर्वाधिक ट्रैफिक आ सकता है, जबकि कानपुर और मिर्जापुर मार्ग से भी बड़े पैमाने पर लोगों के आने का अनुमान है। ऐसे में आने वाले लोगों को बिना किसी असुविधा के पावन स्नान कराने के लिए यातायात को सुदृढ़ किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस बार महाकुम्भ में 40 करोड़ से ज्यादा लोगों के आने की संभावना है और यातायात पुलिस सभी के स्वागत को तैयार है।

**जौनपुर मार्ग से सर्वाधिक ट्रैफिक की संभावना :** यातायात पुलिस के द्वारा तैयार की गई यातायात योजना के अनुसार विभिन्न दिशाओं से महाकुम्भ मेला और कमिश्नरेट क्षेत्र में आने के 7 प्रमुख मार्ग हैं। इनमें जौनपुर मार्ग, वाराणसी मार्ग, मिर्जापुर मार्ग, रीवा/बांदा मार्ग, कानपुर मार्ग, लखनऊ मार्ग और प्रतापगढ़ मार्ग शामिल हैं। अनमानित यातायात के अनुसार सर्वाधिक 21 प्रतिशत यातायात जौनपुर मार्ग से होने की संभावना है, जबकि रीवां/बांदा मार्ग से 18 प्रतिशत लोगों के आने का अनुमान है। इसी तरह, वाराणसी मार्ग से 16 प्रतिशत, कानपुर मार्ग से 14 प्रतिशत, मिर्जापुर मार्ग से 12 प्रतिशत लोग आ सकते हैं। वहीं, लखनऊ मार्ग से 10 प्रतिशत और प्रतापगढ़ मार्ग से 9 प्रतिशत लोगों के आने की संभावना है।

**मेला क्षेत्र में पैदल यात्रियों के लिए एकल मार्गो का निर्धारण :** सामान्य दिनों के लिए सभी प्रमुख 7 मार्गों की अलग-अलग यातायात योजना तैयार की गई है। बड़े एवं छोटे वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया है। सामान्य दिनों में पैदल यातायात पर शहर क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा, लेकिन मेला क्षेत्र में एकल दिशा मार्गों का प्रयोग होगा। साथ ही साथ अगर सामान्य दिनों में भीड़ अत्यधिक होती है तो एसएसपी कुम्भ मेला द्वारा मौके की स्थिति के अनुसार डायवर्जन का निर्णय लिया जाएगा।

# 8 अस्थायी बस स्टेशनों से बसों का संचालन होगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुण्य भूमि प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक परिवहन सेवायें मुहैया कराने के लिए उप्र परिवहन निगम कटिबद्ध है। 13 जनवरी से शुरू हो रहे मुख्य स्नान से पूर्व परिवहन निगम द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक बसे

- **महाकुम्भ 2025 के दौरान यात्रियों को बेहतर परिवहन सेवा मुहैया होगी : दयाशंकर सिंह**

श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए उपलब्ध होगी। परिवहन निगम 07 हजार ग्रामीण बस एवं 350 सटल बसों का संचालन महाकुम्भ क्षेत्र में करेगा।

यह जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री ने बताया कि मुख्य स्नान की अवधि में प्रयागराज के निकटवर्ती जनपदों से आने वाली बसों को प्रयागराज के आउटर मेला क्षेत्र में स्थित 08 अस्थाई बस स्टेशनों तक बसों का संचालन किया जायेगा। करोड़ों श्रद्धालुओं के महाकुम्भ मेला में आने की संभावना है। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत यातायात की सुगमता बनाये जाने के निर्देश दिये हैं।



परिवहन मंत्री ने बताया कि श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यालय पर कमाण्ड कन्ट्रोल सेंटर स्थापित व कार्यरत है। महाकुम्भ मेला में संचालित बसों के किसी परिस्थिति में बस के चालक, परिचालक अथवा यात्रियों के सहायतार्थ 24घंटे मुख्यालय स्तर से सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही कन्ट्रोल रूम झूसी प्रयागराज से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक 02 घंटे के अंतराल पर प्राप्त सूचनाओं/अद्यतन स्थिति उच्च प्रबंधन को अवगत कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि कमाण्ड कन्ट्रोल सेंटर द्वारा टोलफ्री नम्बर-18001802877 एवं व्हाट्सअप नंबर-9415049606 पर यात्री सहायता के लिए सम्पर्क कर सकते हैं। यात्रियों को यथा संभव सहायता तत्काल उपलब्ध होगी।

# भाजपा सरकार में इंसान की कोई कीमत नहीं : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने संभल की घटना जानबूझकर अधिकारियों के माध्यम से करायी है। सम्भल में लोगों के साथ अभी भी बड़े

- **सपा प्रमुख संभल की घटना को लेकर भाजपा पर साधा निशाना**
- **कहा, घटना जानबूझकर अधिकारियों से करायी गयी**

पैमाने पर अन्याय हो रहा है। लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है। झूठे मुकदमे लगाये जा रहे है। जिलाधिकारी, पुलिस प्रशासन असंवैधानिक और अलोतांत्रिक काम कर रहे हैं। संभल में दंगा नही था, वहां पुलिस की गोली से निर्दोष युवाओं की जान ली गयी है। सपा सरकार बनने पर संभल की घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सजा दिलायेंगे।

संभल में नेता प्रतिपक्ष विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय और नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में पीड़ितों से मुलाकात करने और उनकी मदद के लिए गए सपा प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार देश का भाईचारा नष्ट करना चाहती है। समाज में नफरत और भेदभाव फैलाना चाहती है। जब देश में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट लागू है। तब इतनी जल्दबाजी में शाही जामा मस्जिद के सर्वे की क्या जरूरत थी? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में इंसान की कोई कीमत नहीं है। भाजपा दरारवादी पार्टी है। भाईचारा के खिलाफ है। यह हृदयहीन पार्टी है। अन्याय, अत्याचार की तमाम घटनाएं हो रही है, लेकिन इस सरकार में पीड़ितों के प्रति कोई सहानुभति नहीं है। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। न किसी की सुनवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि संभल में घटना के बाद पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को पीड़ितों से मिलने से क्यों रोका गया? आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी? संभल में पुलिस प्रशासन ने लोगों के साथ जैसा अन्याय किया है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। पुलिस ने अपने मुताबिक बयान दिलाने के लिए लोगों को पीटा, झूठे मुकदमें लगाये, प्रताड़ित किया। जब सपा के नेता पीड़ितों से जेल में मिलने गये तो वहां जेलर के खिलाफ जातीय भेदभाव करके कार्रवाई की गयी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दो पलड़े हैं। एक पीडीए के खिलाफ अन्याय है और दूसरा भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा आम है। अब भाजपा के लोग भ्रष्टाचार को लेकर एक दूसरे पर भी आरोप लगाने लगे हैं। लखनऊ वाले दिल्ली पर और दिल्ली वाले लखनऊ पर आरोप लगवा रहे हैं। भाजपा सरकार चरम पर पहुंच चुके भ्रष्टाचार और कुंदरकी, मीरापुर उपचुनाव में हुई वोटों की लूट छिपाने के लिए संभल जैसी घटनाएं करा रही है।



उन्होंने कहा कि कुन्दरकी और मीरापुर में उपचुनाव के दौरान जिस तरह के वीडियो आये उससे भाजपा की बेईमानी की पोल खुल गयी, लोग समझ गए कि भाजपा ने चुनाव निष्पक्ष नहीं होने दिया। वोटों की लूट हुई। संभल की घटना बहुत बड़ी साजिश और षडयंत्र था, खोदने वाले लोग अराजकता पर उतारू है। ये रूकने वाले नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार छिपाने के लिए किसी की भी जान ले सकते हैं। बरेली में भ्रष्टाचार छिपाने के लिए लेखपाल की हत्या हो गयी, उसमें तमाम लोग शामिल है। लखनऊ में भ्रष्टाचार की चर्चा तो आम लोगों में है। ट्रांसफर, पोस्टिंग से लेकर हर पद के रेट तय है। पूरा स्वास्थ्य विभाग बर्बाद हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार के सवाल पर कुछ लोग श्लोक सुनाने लगते हैं।

## कांग्रेस मजबूती से भाजपा के कुशासन के खिलाफ लड़ रही हैं : अविनाश पाण्डेय



विशेष संवाददाता (vol)।

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिले/शहर की इकाइयां भंग किये जाने के बाद उसके नये सिरे से गठन के लिए संगठन सृजन का कार्यक्रम मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं पूर्वांचल जोन के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में आरंभ हुआ।

- **जमीनी कार्यकर्ताओं से वार्ता कर तैयार होगा एक सशक्त संगठन: अजय राय**
- **संगठन निर्माण बैठक में शामिल हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्षगण एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

आज के संगठन सृजन कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गण जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, पूर्व सांसद निर्मल खत्री, पूर्व सांसद राज बब्बर, पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने अपने सांगठनिक अनुभवों से संगठन निर्माण कार्यक्रम को बल दिया। संगठन सृजन कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा सांसद, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर, पूर्व विधायक विवेक बंसल ने भी शामिल होकर प्रदेश में एक सशक्त संगठन निर्माण में अपना सहयोग प्रदान किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव एवं यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि आज देश में जिस तरह के नफरत और विघटन के हालात भाजपा सरकार में बन गये हैं, उनसे हमारे नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम उस लड़ाई को जमीन पर उतर कर मजबूती से लड़े। उत्तर प्रदेश में कांग्रेसजन मजबूती से भाजपा के कुशासन के खिलाफ लड़ रहे हैं, वक्त आ गया है कि हम एक सशक्त संगठन निर्माण करें। बैठक में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में अजय राय ने कहा कि इन 6 दिनों में संगठन सृजन के लिए मैराथन बैठकों का दौर जारी रहेगा।

प्रदेश के जिलों से आये जमीनी कार्यकर्ताओं से वार्ता कर एक ऐसे मजबूत संगठन का निर्माण किया जायेगा जो इस भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ जारी हमारी लड़ाई को अंतिम व्यक्ति तक ले जायेगा। राय ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि एक सशक्त संगठन निर्माण के लिए हमारे पूर्व अध्यक्षगण एवं वरिष्ठ नेता अपना सहयोग करने एवं अपने अनुभवों से हमें ताकत देने के लिए यहां मौजूद हैं।

# अग्निवीर भर्ती रैली 10 जनवरी से एएमसी स्टेडियम में होगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भर्ती क्षेत्र उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तत्वावधान में, भर्ती कार्यालय (मुख्यालय), लखनऊ द्वारा 10 जनवरी से 22 जनवरी तक अग्निवीरों (जीडी), अग्निवीरों (तकनीकी), अग्निवीरों (कार्यालय

- **इस रैली में उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के लगभग 10,000 शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार भाग लेंगे**

सहायक) और अग्निवीरों (ट्रेड्समैन) के लिए भर्ती रैली लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। अभ्यर्थी नए जारी किए गए एडमिट कार्ड पर उल्लिखित तिथि और समय पर एएमसी सेंटर एवं कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में सुबह 2 बजे रिपोर्ट करेंगे।

रैली उत्तर प्रदेश में रैलियों की श्रृंखला में पांचवीं होगी और 10 दिनों की अवधि के लिए निर्धारित है और इसमें अप्रैल 2024 के महीने में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास करने वाले अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस रैली में उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के लगभग 10,000 शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार भाग लेंगे। उन सभी उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं जिन्होंने ऑनलाइन सीईई उत्तीर्ण की है और वे औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ जिलों से संबंधित हैं।

**संबंधित जिलों के लिए रैली कार्यक्रम इस प्रकार है: -**

**10 जनवरी** – कानपुर नगर जिले के अंतर्गत कानपुर, घाटमपुर, नरवल और बिल्हौर तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) की रैली।

**11 जनवरी**– फतेहपुर जिले के अंतर्गत बिंदकी, फतेहपुर, खागा तहसील और गोंडा जिले के अंतर्गत गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) की रैली।

**12 जनवरी** – कन्नौज जिले के अंतर्गत छिबरामऊ, कन्नौज, तिर्वा और हसेरन तहसील के लिए और हमीरपुर जिले के अंतर्गत हमीरपुर, राठ, सेरीला और मौदहा तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) की रैली।

**13 जनवरी**– लखनऊ जिले के अंतर्गत मलिहाबाद, बख्शी का तालाब (बीकेटी), लखनऊ, मोहनलालगंज और सरोजिनी नगर तहसील के लिए और उन्नाव जिले के अंतर्गत सफीपुर, हसनगंज, उन्नाव, पुरवा, बीघापुर और बांगरमऊ तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) की रैली ।

**14 जनवरी** – कानपुर देहात जिले के अंतर्गत रसूलाबाद, डेरापुर, अकबरपुर, सिकंदरा, मैथा और भोगनीपुर तहसील के लिए और महोबा जिले के अंतर्गत कुलपहाड़, चरखारी और महोबा तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) की रैली।

**15 जनवरी** – औरैया जिले के अंतर्गत बिधूना, औरैया, अजीतमल तहसील और बांदा जिले के अंतर्गत बांदा, बबेरू, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) की रैली।

**16 जनवरी** – बाराबंकी जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील फतेहपुर, रामनगर, नवाबगंज, सिरसौली, गौसपुर, रामसनेहीघाट और हैदरगढ़ के लिए और चित्रकूट जिले के अंतर्गत कर्वी, मऊ, मानिकपुर और राजापुर तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) की रैली।

**17 जनवरी** – 13 जिलों के अंतर्गत आनेवाले सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर तकनिकी की रैली।

**18 जनवरी** – 13 जिलों के अंतर्गत आनेवाले सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर कार्यालय सहायक की रैली।

**19 जनवरी**– 13 जिलों के अंतर्गत आनेवाले सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं उत्तीर्ण) की रैली।

जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें रैली के लिए प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ईमेल पर भेज दी गई है । सभी अभ्यर्थी जो एएमसी सेंटर एवं कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रैली में भाग लेंगे, उन्हें रैली अधिसूचना में दिए गए अनुसार दौड़ और अन्य परीक्षणों के लिए अभ्यास करने की सलाह दी जाती है।

अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र और ऐसे सभी दस्तावेज मूल रूप में भर्ती स्थल पर ले जाने चाहिए । अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और दलालों के शिकार न बनें या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें। सशस्त्र बलों के लिए उपयुक्त सर्वोत्तम अभ्यर्थियों का चयन करने के उद्देश्य से सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है। रैली से संबंधित किसी भी समस्या का सामना करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में किसी भी असुविधा से बचने के लिए भर्ती कार्यालय (मुख्यालय), लखनऊ से संपर्क करना चाहिए।

## 9 जनवरी को लखनऊ आईटीआई में हीरो मोटोकार्प का कैम्पस ड्राइव

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 9 जनवरी को हीरो मोटोकार्प लि., हरिद्वार, उत्तराखंड द्वारा केवल महिलाओं के लिए विशेष कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने दी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में केवल महिला अभ्यर्थी भाग ले सकती हैं। प्रतिभाग के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल के साथ-साथ आईटीआई (फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, पेंटर आदि) में वर्ष 2022, 2023, और 2024 में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है। कंपनी द्वारा चयनित महिला उम्मीदवारों को 23,626 रूपए प्रति माह सीटीसी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# सालों पहले अवैध निर्माणों को ढहाने के आदेश पर आज तक अमल क्यों नहीं

विधि संवाददाता



लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने लखनऊ विकास प्राधिकरण और नगर निगम की ओर से सालों पहले शहर के तमाम अवैध निर्माणों को ढहाने का आदेश जारी करने के बावजूद भी आज तक

- **हाईकोर्ट ने अवैध निर्माणों पर सरकारी तंत्र की असंवेदनशीलता पर जताई नाराजगी**
- **प्रमुख सचिव शहरी नियोजन से 10 जनवरी तक मांगा हलफनामा**

उन आदेशों पर अमल न होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि ये हालात दुखद हैं और यह भी कहा कि अब यदि नया सर्वे कराया जाये तो हालात और बदतर मिलेंगें। कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि इन परिस्थितियों में राज्य सरकार को ऐसा तरीका इजाद करना होगा कि शहर में विनयमित विकास हो और शहरी लोगों को रहने के लिए स्वस्थ्य वातावरण मिल सके। कोर्ट ने इस पर प्रमुख सचिव शहरी नियोजन को अपना व्यक्तिगत हलफनामा पेश करने को कहा है।

कोर्ट ने कहा कि यदि 10 फरवरी को अगली सुनवायी तक उनका हलफनामा नहीं दाखिल किया जाता है तो वह सुनवायी के समय संबधित रिकार्ड के साथ स्वयं हाजिर रहें। यह आदेश जस्टिस ए आर मसूदी एवं जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने रिटायर्ड ले. कर्नल अशोक कुमार की ओर से 2012 में दाखिल की गयी एक जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया है। सुनवायी के दौरान कोर्ट के सामने आया कि विकास प्राधिकरण व अन्य ने सूची पेश कर उसके सामने उन निर्माणों का विवरण काफी पहले पेश किया था जो कि अवैध है और जिनको ढहाने के बारे में आदेश जारी किये गये थे। कोर्ट ने कहा कि 2012 में जो ढहाने के आदेश दिये गये थे आज तक उन पर अमल नहीं हुआ यह दुखद स्थिति है। कोर्ट ने प्रमुख सचिव शहरी नियोजन को यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि यह कैसे हुआ कि अवैध निर्माण होते रहे और संबंधित विभागों को खबर नहीं लगी। कोर्ट ने कहा कि वे बतायें कि बिना नक्शा पास किये किस प्रकार रिहायशी इलाकों में बहुमंजिला इमारतें और व्यवसायिक बिल्डिंगे खड़ी हो जाती हैं और अब इस प्रकार के अवैध निर्माणों को रोकने के लिए क्या उपाय किये जायेंगे।

## जानलेवा बन सकते हैं सड़क के गड्ढे

लखनऊ। अर्जुनगंज से लेकर अहिमामऊ तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर कई छोटे पेड़ो की शिफ्टिंग के बाद हुए गड्ढों को अभी तक पाटा नही गया। स्थानीय लोगो की माने तो करीब एक महीने पहले अर्जुनगंज स्थित कान्हा भोग के पास लगे एक छोटे पेड़ को हटाकर उसे कही और शिफ्ट किया गया। पेड़ हटाने के बाद करीब एक माह का समय बीत गया लेकिन गड्ढे को पाटा नहीं गया। इन दिनों ठंड में पड़ने वाले कोहरे के कारण कोई भी हादसे का शिकार हो सकता है। चौड़ी करण के नाम पर आधी अधूरी बनी सड़क ऊपर से सड़क पर गड्ढे जान लेवा बन सकते है। ऐसा ही एक गड्ढा बीसीसी टावर के पास है। जहां से करीब 180 फ्लैट्स के लोगो को रोजाना निकलना पड़ता है। घने कोहरे में कारण कोई भी हादसे का शिकार हो सकता है। बीसीसी टावर के आरडब्ल्यू के अध्यक्ष मंसूर अहमद बताते है कि करीब एक माह पहले पेड़ की शिफ्टिंग के दौरान गड्ढा होने के कारण आज तक पाटा नहीं गया अब गड्ढे में पानी भरा होने के कारण गहराई का पता नही चलता।

# बुजुर्गों और विधवाओं को मकान बनाने के लिए अतिरिक्त सहायता देने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में बुजुर्गों, विधवाओं व परित्यक्ता महिलाओं को मकान बनाने के लिए अतिरिक्त सहायता मिलेगी। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-दो में क्रमशः 30 हजार और 20 हजार रुपये अतिरिक्त सहायता के रूप में दिये जाने की तैयारी है। शासन स्तर पर सहमति

- **प्रधानमंत्री आवास योजना-दो में प्रस्ताव को कैबिनेट से कराया जायेगा पास**

बनने के बाद जल्द ही कैबिनेट से प्रस्ताव पास कराकर इसे लागू किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से लांच की गई प्रधानमंत्री आवास योजना-दो प्रदेश में शुरू करने की तैयारी है। इस योजना में शहरी क्षेत्रों में मकान बनाने वाले पात्रों को 2.50 लाख अनुदान तो दिया जाएगा, साथ में जिन वरिष्ठ नागरिकों के पास अपना मकान नहीं है, उन्हें 30 हजार रुपये अतिरिक्त दिया जाएगा। इसी तरह एकल महिला विधवा व परित्यक्ता को 20 हजार रुपये अतिरिक्त दिया देने का प्रस्ताव है। ढाई लाख के अलावा अतिरिक्त सहायता मिलने से इन जरूरतमंदों को मकान बनवाने में काफी सहायता हो जाएगी। इसके लिए इनके पास अपनी जमीन होनी चाहिए। नियम शर्तो के तहत लाभार्थी के पास शहर में कोई अपना मकान नहीं होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसे



लाभार्थी जिनके माता-पिता को केंद्र और राज्य सरकार की किसी भी आवासीय योजना में पूर्व में लाभ यानी पक्का मकान प्राप्त नहीं हुआ है। उनको पहली प्राथमिकता पर योजना में शामिल किया जाएगा। इसके बाद ऐसे लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा, जिनके माता-पिता को पूर्व में किसी आवासीय योजना का लाभ प्राप्त हो चुका है। ऐसे लाभार्थी परिवार जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 31 दिसंबर 2023 के बाद केंद्रीय स्वीकृत और निगरानी समिति द्वारा किसी कारणवश राज्य की अनुमति पर योजना का लाभ दे दिया गया है, वे प्रधानमंत्री आवास योजना दो के लिए पात्र नहीं माने जाएंगे। ऐसे सभी पात्र लाभार्थी परिवारों के पास आधार होना अनिवार्य होगा।

# चिनहट में अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन जोन पांच के दस्ते ने मंगलवार को चिनहट में लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा पारा व नीलमथा में 02 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन 5 के जोनल अधिकारी रवि

- **नीलमथा व पारा में 02 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील**

नंदन सिंह ने बताया कि सनी सिंह व अन्य की ओर से चिनहट में अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रधानमंत्री आवास योजना के पीछे लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से लेआउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही उक्त अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण के आदेश दिए गये थे। जिसके पश्चात मंगलवार को डेवलपर की ओर से स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल को बुलडोजर की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त प्रवर्तन जोन 3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि सरोज कुमार व अन्य की ओर से पारा के सलेमपुर पतौरा में मोहान रोड पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफ ल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त अवैध निर्माण को सील कर दिया। वही प्रवर्तन जोन 2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि महेश वर्मा, आदर्श वर्मा व अन्य द्वारा नीलमथा में हरिहरपुर रोड पर डिप्टीगंज बियर शॉप के सामने लगभग 1200 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। जिसे सील कर दिया गया।

# भाजपा पार्षद ने हमले का लगाया आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट द्वितीय वार्ड से भाजपा पार्षद शैलेन्द्र वर्मा ने वार्ड में रहने वाले अर्जुन यादव पर अभ्रद्रता करने का आरोप लगाया है। विभूति खण्ड थाने में उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाये हैं कि वे मंगलवार को इलाके में सीवर सफाई के कार्य करा रहे थे। इस दौरान इलाके में रहने वाले अर्जुन यादव ने सीवर सफाई का कार्य कर रहे मजदूरों से अभ्रदता कर उनके कार्य को रुकवा दिया एवं गाली-गलौज करने लगे जिसकी सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे तो अर्जुन यादव उनसे भी अभ्रदता करने लगा।

कार्य के बदले में वसूली देने की बात कही, कहा जब तक वसूली नही मिलेगी कार्य नही होने देंगे। पार्षद ने आरोप लगाया कि अर्जुन यादव इलाके में लोगों से गुण्डा टैक्स वसूलता है। कहा की गुण्डा टैक्स देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी, साथ ही उसके उक्त कृत्य से उनकी इलाके में छवि भी धूमिल हुई है। पार्षद ने सहायक पुलिस आयुक्त विभूति खण्ड को प्रार्थना पत्र दे जान माल की सुरक्षा की मांग की है।

# जलकल महाप्रबन्धक को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र

लखनऊ। नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ ने मंगलवार को जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीपक सिंह से मिलकर विभिन्न समस्याओं को लेकर वार्ता की। इस दौरान जलकल नगर निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री सैय्यद कैसर रजा के नेतृत्व में कर्मचारी नेताओं ने अपनी सात सूत्रीय समस्याओं का एक ज्ञापन महाप्रबन्धक को सौंपा।

जिसमें कर्मचारियों ने एनपीएस लागू किए जाने, न्यायालय के अनुसार दैनिक वेतन कर्मचारियों का विनियमितीकरण किए जाने, कर्मचारी आश्रितों का जलकर व सीवर कर माफ किए जाने, नवनियुक्त कर्मचारियों को सामूहिक बीमा का लाभ दिए जाने, विभागीय प्रोन्नत किए जाने व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समस्त भुगतान किए जाने समेत अन्य मांग शामिल हैं। चर्चा के पश्चात महाप्रबन्धक ने जल्द ही समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान जलकल नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ लखनऊ, नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ लखनऊ, जल संस्थान एवं नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ ऐशबाग लखनऊ, जल संस्थान श्रमिक संघ ऐशबाग , जल संस्थान कर्मचारी परिषद ऐशबाग व जल संस्थान इम्प्लाइज यूनियन महानगर के सदस्य उपस्थित थे।

# बनी सड़क का दोबारा टेंडर निकालने पर जेई को हटाया

लखनऊ। बनी सड़क पांच सड़कों का दोबारा टेंडर निकालने पर नगर निगम के जोन सात के अवर अभियंता को हटा दिया गया है। इस्माइलगंज वार्ड द्वितीय में बनी सड़क पांच सड़कों का दोबारा टेंडर निकाल दिया गया था। जेई को जोन से हटा कर मुख्यालय संबद्ध कर दिया गया है। सड़क निर्माण किस विभाग से कराया गया है, इसकी जानकारी के लिए मंगलवार को सीडीओ कार्यालय पत्र भेजा गया है। वहां रिपोर्ट मिलने के बाद जेई पर कार्रवाई के लिए शासन से संस्तुति की जाएगी। पांचों सड़क का टेंडर निरस्त कर दिया गया है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि प्रथम प्रथम दृष्टया नगर निगम जोन सात के जेई को दोषी पाया गया है। इसलिए जेई सदानंद प्रसाद को जोन से हटा दिया गया है। उन्हें जोन पांच में भेजा गया है। कहा कि यदि किसी भी सड़क का इमरजेंसी में निर्माण करना भी होता है तो इसके नियमों का पालन भी करना होता है। जेई ने इसका उल्लंघन किया है। पहले से बनी सड़क का निर्माण कराने के लिए उन्होंने बिना पड़ताल किए ही फाइल तैयार कर दिया। 33 लाख रुपये का टेंडर भी निकलवा दिया, जो कि पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। इसलिए उन्हें जोन सात से हटा कर जोन पांच में भेजा गया है। सीडीओ कार्यालय से रिपोर्ट आने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को संस्तुति की जाएगी। पूरे प्रकरण में जोन सात के सहायक अभियंता अशोक सिंह की भूमिका की भी जांच की जा रही है। जांच होने तक के लिए उन्हें नगर निगम मुख्यालय से संबद्ध करने के लिए नगर आयुक्त ने अभियंत्रण विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र लिखा है।

# एकमुश्त समाधान योजना में मिले 480.95 करोड़ रुपये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मध्यांचल ( डिस्कॉम ) के समस्त वितरण कार्यालयों में एक मुश्त समाधान योजना में 06.01.2025 तक कुल 6,51,787 विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना पंजीकरण करवाया एवं 480.95 करोड़ रुपये की धनराशि की प्राप्ति हुई।



लेसा के अमौसी क्षेत्र में अबतक सर्वाधिक पंजीकरण किया गया जिसमें 5 हजार से 25 हजार तक के कुल 10,547 विद्युत उपभोक्ताओं ने अबतक अपना पंजीकरण करवाया जिसमें विद्युत वितरण खण्ड-मलिहाबाद में सर्वाधिक लाभ उपभोक्ताओं द्वारा लिया गया तथा हाई वैल्यू बिल की श्रेणी में भी 34 उपभोक्ताओं द्वारा योजना में पंजीकरण कराया गया जिसमें सर्वाधिक विद्युत उपभोक्ता विद्युत वितरण खण्ड-मोहनलालगंज के थे।

लेसा के अमौसी क्षेत्र में 25 हजार से 5 लाख तक के कुल 3,247 विद्युत उपभोक्ताओं ने अबतक अपना पंजीकरण करवाया जिसमें विद्युत वितरण खण्ड-मलिहाबाद में सर्वाधिक 840 लाभ उपभोक्ताओं द्वारा लाभ लिया गया तथा 5 लाख से बड़े बकायेदारों में 3 विद्युत उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाया मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, के समस्त क्षेत्रों में अयोध्या क्षेत्र में अबतक 1,70,834 विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराया गया। जिसमें पांच लाख से बड़े 60 बकायेदार, 25 हजार से 5 लाख तक 29,363 बकायेदार एवं 5 हजार से 25 हजार तक 72,712 विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा अपना पंजीकरण कराया। इसी क्रम में सीतापुर क्षेत्र में 1,31,896 तथा रायबरेली क्षेत्र में 99,973 विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराया गया।

# एच टी लाइन का तार टूटने से 16 घंटे बंद रही चार गांवों की बिजली

संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम के उपकेंद्र समेसी से पोषित बहरौली फीडर से घोड़सारा जाने वाली हाईटेंशन लाइन का तार सोमवार शाम को टूटकर गिरने से चार गांवों की आपूर्ति करीब 16 घंटे ठप्प रही। सोमवार शाम सात बजे गायब बिजली मंगलवार ग्यारह बजे सुबह बहाल हुई।

रात के समय बिजली कर्मचारियों द्वारा टूटा हुआ तार न जोड़ने की वजह से सैकड़ों उपभोक्ताओं को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। सेस खंड तृतीय मोहनलालगंज के अन्तर्गत बहरौली फीडर से खवास खेड़ा के पास से घोड़सारा, चंदीदीन का पुरवा, कल्यान खेड़ा अमेठियन पुरवा, समेत चार गांवों के करीब तीन सौ उपभोक्ताओं के घरों तक बिजली पंहुचती है।

अमेठियन पुरवा के घोड़सारा के रामसिंह ,अनुराग वर्मा प्रदीप कुमार कल्यान खेड़ा के राजेश वर्मा, मुकेश वर्मा रमेश अमेठियन पुरवा के रणंजय सिंह शुभम सिंह वर्मा, ने बताया कि सोमवार शाम सात बजे अचानक बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। पता चला कि हाईटेंशन लाइन का एक तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ा। पूरी रात बिजली आने का इंतजार करते रहे ।

बिजली कर्मियों द्वारा रात के वक्त लाइन के टूटे तार को जोड़ने के बजाय सेक्सन से लाइन का जंफर खोल कर आपूर्ति रोक दीं गई । उपकेंद्र समेसी के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि बहरौली फीडर की हाईटेंशन लाइन पर खवास खेड़ा के पास से घोड़सारा जाने वाली लाइन पर जामुन के पेड़ की डाल गिरने से तार टूट कर जमीन पर गिर गया था रात होने की वजह से पेड़ की कटाई नहीं की जा सकी ऐसे में मौके पर पहुंचे कर्मचारी टूटा हुआ तार नहीं जोड़ सके। खतरे को देखते हुए सेक्शन से उस गांव को जाने वाली लाईन की आपूर्ति रोक दी गई थी सुबह कर्मचारियों द्वारा तार पर गिरी पेड़ की डाली काटकर टूटा हुआ तार जोड़ने के बाद करीब ग्यारह बजे बिजली सप्लाई चालू कर दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# ग्रामीण इलाकों में न रैन बसेरा बना न जले अलाव





शैलेन्द्र सिंह

लखनऊ। नगर निगम में समाहित हुए गांवों एवं प्रमुख चौराहों पर न रैन बसेरे बनाये गए और न ही अलाव जलवाए गए। दूर दराज से लखनऊ मजदूरी करने आये लोगो को खुले आसमान के नीचे या किसी पुल के नीचे आसरा लेना पड़ता है। इन दिनों कपकपा देने वाली के बीच शुक्रवार की रात कुछ मजदूर अहिमामऊ पुल के नीचे सोते दिखे।

स्थानीय लोगो की माने तो खरगापुर सरसवां वार्ड नगर निगम के जोन चार में आता है। लेकिन इस वार्ड में नगर निगम ने सुल्तालपुर लखनऊ मार्ग व आसपास खुर्दही से

- **कंपकंपा देने वाली सर्दी के अहिमामऊ पुल के नीचे सोते मजदूर**
- **किसी तरह कंबल में कटती है सर्द रात**

लेकर अहिमामऊ तक कही भी रैन बसेरे का कोई इंतजाम नहीं किया गया।

इस क्षेत्र में न ही कही अलाव नगर निगम द्वारा अलाव जलवाए गए। जिससे ठिठुरन भरी रात में खुले में सो रहे लोगो को राहत मिल सके। इस क्षेत्र में दूर दराज व गैर जनपद से मजदूरी करने वाले लोगो को घर न पहुंच पाने के कारण उन्हें किसी के दरवाजे य पुल के नीचे आसरा लेना पड़ता है।

जिससे उनकी ठंड भरी रात किसी तरह कट जाए। लेकिन इस बार कही भी रैन बसेरा तो दूर अलाव की व्यवस्था भी नही की गई। स्थानीय लोगो की माने तो नगर निगम इस ओर ध्यान नही दे रहा है।

संजय यादव जोनल अधिकारी जोन चार लखनऊ ने बताया कि जोन चार में छह जगह पर अस्थाई रैन बसेरे बनाये गए, लेकिन नए वार्ड में अगल से कोई नही बनाया गया है। इसकी जांच करवाकर जरूरत के अनुसार अस्थाई रैन बसेरे का इंतजाम कराया जाएगा।

अपूर्व पांडेय जेई , नगर निगम जोन चार,लखनऊने बताया कि पहले से निर्धारित जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है यदि कही जरूरत दिखती है तो तत्काल व्यवस्था करवा दी जाती है।

# प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया ने किया एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया ने राज्य के लाखों किसानों को तकनीकी सशक्तिकरण प्रदान करने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया ने लाखों किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए, जेमिनी-संचालित और बेकन-

- **ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर से लाखों किसानों को लाभ**
- **किसानों को माइक्रो क्लाइमेट और बाजार मूल्य की मिलेगी सटीक जानकारी : मुख्य सचिव**

सक्षम उत्तर प्रदेश ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश सरकार की ओर से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और गूगल क्लाउड इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट अनिल भंसाली ने हस्ताक्षर किए। गूगल क्लाउड प्रदेश सरकार के साथ मिलकर जेमिनी-



संचालित बेकन-सक्षम उत्तर प्रदेश ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर लॉन्च करेगा। यह ओपन नेटवर्क लाखों किसानों को सलाहकार सेवाओं, ऋण, मशीनीकरण और अपनी उपज बेचने के लिए बाजार संपर्क सहित आवश्यक सेवाओं तक वन-स्टॉप पहुंच प्रदान करेगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह समझौता उत्तर प्रदेश शासन के सुशासन और डिजिटल सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे किसानों को माइक्रो क्लाइमेट और बाजार मूल्य इत्यादि के बारे में त्वरित और सटीक जानकारी प्राप्त होगी। हर तहसील में वेदर स्टेशन लगभग लग चुके हैं इसको इंटीग्रेटे करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कृषि के लिए ओपन नेटवर्क उत्तर प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने के हमारे दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह डिजिटल डिवाइड की चुनौतियों को हल करने के लिए एआई का लाभ उठाने में सक्षम है। 21वीं सदी की आधुनिक कृषि व्यवस्था में किसानों को आवश्यक उपकरणों और संसाधनों से लैस करेगा। गूगल क्लाउड इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियरिंग और भारत विकास केंद्र के प्रमुख अनिल भंसाली ने कहा कि प्रदेश में कृषि के लिए ओपन नेटवर्क के लॉन्च के साथ गूगल क्लाउड डीपीआई-इन-ए-बॉक्स समाधान को जीवंत होते देखकर बेहद उत्साहित हैं। हम दुनिया भर के लोगों तक जेमिनी-संचालित डीपीआई के लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्लाउड इंडिया के उपाध्यक्ष और कंट्री एमडी विक्रम सिंह बेदी ने कहा कि हम वैश्विक स्तर पर और विशेष रूप से भारत में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को अपनाने में तेजी लाने में मदद करने के इच्छुक हैं, जहां इसने पहले ही जनसंख्या-स्तरीय प्रभाव प्रदर्शित किया है। उत्तर प्रदेश में कृषि के लिए बेकन ओपन नेटवर्क को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में डिजाइन किया गया है, और यह कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को डिजिटल बनाने में राज्य के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। यह किसी भारतीय राज्य द्वारा कृषि के लिए अपनी तरह का पहला डीपीआई है। प्रदेश में कृषि के लिए ओपन नेटवर्क खुला और विकेन्द्रीकृत होने के लिए बनाया गया है। इसका मतलब है कि कोई भी सेवा प्रदाता - इनपुट आपूर्तिकर्ताओं से लेकर वित्तीय संस्थानों से लेकर सरकारी एजेंसियों तक - आसानी से नेटवर्क में शामिल हो सकता है और किसानों से जुड़ सकता है। गूगल क्लाउड अपने स्वयं के ग्रह-स्तरीय बुनियादी ढांचे, कस्टम-निर्मित चिप्स, जनरेटिव एआई मॉडल और विकास मंच के साथ-साथ एआई-संचालित अनुप्रयोगों के साथ एक शक्तिशाली, पूरी तरह से एकीकृत और अनुकूलित एआई स्टैक प्रदान करता है, ताकि अनुप्रयोगों को अपने एआई-संचालित अनुप्रयोगों को स्थानांतरित करने में मदद मिल सके। इस अवसर पर प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
ई-टेण्डर पोर्टल – https://etender.up.nic.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–213(बी–2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**जोन–2**

| क्र0 सं0 | भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम | दर्ज भवन स्वामी का नाम | प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 244 / 170 यहियागंज | राधेरमन | गोपाल नारायण अग्रवाल | वसीयत |
| 2 | 241 / 20 / एफ–2 / 001 यहियागंज बागकाजी | नसीउन्निसा एवं अनस अहमद | वसीम अहमद | रजिस्ट्री |
| 3 | 253 / 100 / शॉप–09 नादान महल रोड आशिंक | गुलाब चन्द | सलाउद्दीन | रजिस्ट्री के आधार पर। |
| 4. | ई–1956, ई–ब्लाक राजाजीपुरम वार्ड | श्री एस०के० गुप्ता | श्रीमती निर्मला गुप्ता पत्नी स्व० सुरेन्द्र कुमार गुप्ता | रजिस्टर्ड वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र आदि। |
| 5 | डी–077 सेक्टर–A,B,C & D राजाजीपुरम वार्ड | श्री रमेश शंकर पाण्डेय | श्री विजय कुमार पाण्डेय पुत्र स्व० रमेश कुमार पाण्डेय | मृत्यु प्रमाण पत्र, अनापत्ति शपथ पत्र आदि। |
| 6 | ई–1996 / 003(GIS) ई–ब्लाक, राजाजीपुरम वार्ड | श्री आनन्द कुमार | श्री. प्रशान्त कुमार पुत्र स्व० आनन्द कुमार. | मृत्यु प्रमाण पत्र, अनापत्ति शपथ पत्र आदि। |
| 7 | 268 / 46 / 171क तकिया चांद अली शाह | चन्द्रिका | मो० जफर आलम | परिवारिक पंजीकृत बैनामा, शपथ पत्र। |

जोनल अधिकारी जोन–2

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# डीएम ने आरटीओ कार्यालय में मारा आकस्मिक छापा , सात दलाल हिरासत में

## आरटीओ कार्यालय में आने वाली गाड़ियों की फोटो खींचने व गाड़ियों के मालिकों का ब्यौरा देने के दिये निर्देश






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डीएम लखनऊ सूर्यपाल गंगवार के नेतृत्व में संभागीय परिवहन कार्यालय, लखनऊ में छापा पड़ा। कार्यालय में उपस्थित दलालों एवं अनधिकृत व्यक्तियों में मचा हड़कंप, लेकिन सड़कों पर जाम होने के कारण पहले ही सूचना पाकर मौके से भाग गए सभी दलाल एवं अनधिकृत व्यक्ति। जिलाधिकारी लखनऊ के साथ छापेमारी में पुलिस फोर्स के साथ लखनऊ आरटीओ संजय तिवारी, एआरटीओ पी के सिंह, संभागीय निरीक्षक विष्णु कुमार एवं अन्य संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी लखनऊ ने संभागीय परिवहन कार्यालय के सभी गेटों को बंद कराकर स्वयं कार्यालय में उपस्थित सभी लोगों से पूछताछ भी किया। अचानक डीएम की छापेमारी से आरटीओ कार्यालय के बाहर भगदड का माहौल उत्पन्न हो गया। इस दौरान मौके से 7 अवैध रूप से घूम रहे लोगो को हिरासत में लिया गया है। पूछताॉछ की जा रही है।

पहली बार संभागीय परिवहन कार्यालय के गेट नंबर 2 के सामने बने दुर्गा काम्प्लेक्स में जिलाधिकारी लखनऊ ने छापा मारा। दुर्गा कंपलेक्स सभी प्रकार के आरटीओ कार्यों के दलाली के लिए हमेशा से चर्चा में रहा है, लेकिन अभी तक इस पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार ने संभागीय परिवहन अधिकारी संजय तिवारी को निर्देश दिया की परिसर में उपस्थित सभी गाड़ियों की फोटो खींचकर कार्यालय के सीसीटीवी के पिछले दो दिनों और आज के फोटो का मिलान करके जांच की जाए कि किस काम से आरटीओ ऑफिस लखनऊ में इन गाड़ियों एवं वाहन मालिकों का आना हुआ है, जांच उपरांत आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी लखनऊ के जाने के बाद आरटीओ ऑफिस लखनऊ में सामान्य क्रम में काम शुरू हुआ। संभागीय निरीक्षक विष्णु कुमार ने गाड़ियों का निरीक्षण किया और ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के आए हुए सभी अभ्यर्थियों का ड्राइविंग टेस्ट लिया।

## ट्रेनों में चेकिंग कर पकड़े 49 बेटिकट यात्री

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के दिशा निर्देश तथा मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक अजय कुमार सुमन के नेतृत्व में आज लखनऊ मण्डल के लखनऊ मैलानी प्रखण्ड पर टिकट चेकिंग अभियान चला गया। इस दौरान गाड़ी संख्या 15009 गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस एवं 55083 मैलानी-डालीगंज सवारी गाड़ी पर 49 बिना टिकट/अनियमित रेल यात्रियों के साथ-साथ शयनयान एवं वातानुकूलित कोचों में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे एमएसटी धारक व वर्दीधारी यात्रियों को जॉच अभियान में पकड़ा गया। यात्रियों को रेलवे टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक भी किया गया। इस जांच अभियान को सफल बनाने में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/मुख्यालय अरविन्द श्रीवास्तव, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/लखनऊ एस.के. बरूआ, मुख्य चल टिकट निरीक्षक मुख्यालय एस.पी.सिंह एवं सीटीआई रेड तथा आर.पी.एफ व जीआरपी के बल सदस्यों के साथ रेल कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरथीपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-07.01.2025

निविदा/कोटेशन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत भरथीपुर, विकास खंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार/भट्ठा मालिक दिनांक 08.01.2025 से दिनांक 13.01.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत भरथीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 13.01.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | शकीला के घर से नहर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 3.42 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | पक्की सड़क से नसीर के घर तक खड़ंजा मरम्मत कार्य। | 2.23 लाख रुपये। | एस.ओ.बी. ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.- भरथीपुर, वि.ख.- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत भीरा घासी विकास खण्ड नकहा, जिला खीरी**

पत्रांक - मेमो/ मनरेगा वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 07.01.2025

निविदा सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा वित्त योजनांतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत भीरा घासी में स्वीकृत कार्ययोजना के सापेक्ष निम्न लिखित विवरण के अनुसार निर्माण सामग्री इत्यादि की आपूर्ति किये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित हैं। इच्छुक अनुभवी पंजीकृत फर्मों से उनकी निविदायें सीलबंद लिफाफे में दिनाँक 15.01.2025 समय 12 बजे तक कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में आमंत्रित हैं, जोकि उसी दिनांक को समय 02 बजे निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा की दरें समस्त व्यय व कर सहित दी जायें, अलग से कोई भी व्यय देय नहीं होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने एवं सामग्री की मात्रा को आवश्यकतानुसार कम या अधिक क्रय करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | जकी के घर से हनुमान मन्दिर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट,मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 771382.00 |

प्रधान
श्रीमती शमा परवीन
ग्राम पंचायत भीरा घासी
विकास खण्ड नकहा, खीरी

सचिव
श्रीमती सीमा मिश्रा
ग्राम पंचायत भीरा घासी
विकास खण्ड नकहा, खीरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत पसुरा बेलवा विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

पत्रांक: मेमा/मनरेगा/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25 दिनांक 05.01.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 08.01.2025 से 13.01.2025 को अपरान्ह 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत पसुरा बेलवा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 13.01.2025 को समय 02 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 449948.00 | 200.00 | 654797.00 |
| 2 | प्रा. वि. पसुरा की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 257072.00 | 200.00 | 385709.00 |

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

प्रधान
श्री अच्छेलाल
ग्राम पंचायत पसुरा बेलवा
विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

सचिव
श्री ओ.पी. जयशवाल
ग्राम पंचायत पसुरा बेलवा
विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत समरदाबदाल विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25/ दिनांक- 07.01.2025

अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत समरदाबदाल के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 15.01.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | राजेन्द्र के घर से लेखराम के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 11.34 घन मी. | 5485 नग | 22.68 घन मी. | 8568 नग | 82 बैग | 3.77 घन मी. |
| 2 | बिहारी के घर से जगमोहन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 11.03 घन मी. | 5313 नग | 22.05 घन मी. | 8340 नग | 80 बैग | 3.65 घन मी. |
| 3 | ब्रजकिशोर के घर से लालाराम के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 10.39 घन मी. | 5028 नग | 20.79 घन मी. | 7854 नग | 76 बैग | 3.46 घन मी. |

नियम शर्तः-
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत समरदाबदाल के कार्यालय में 08.01.2025 से 15.01.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत समरदाबदाल के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 08.01.2025 से दिनांक 15.01.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत समरदाबदाल के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 15.01.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

तौफीक अली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत समरदाबदाल
विकास खण्ड धौरहरा

निधि देवी
ग्रा0पं0वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत समरदाबदाल
विकास खण्ड धौरहरा

# पत्नी के कमेंट पर पति ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगाई

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कैंट इलाके में गेस्ट हाउस के सामने एक युवक ने खुद को आग लगा ली। मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को बचाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। मौके से एक बोतल भी मिली है। वहीं पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि वह कम पढ़ा लिखा है। पत्नी खुद को ओवर स्मार्ट समझती है। बात-बात पर कमेंट करती रहती है। जिससे परेशान होकर आत्महत्या की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया, युवक अपने साथ बोतल में पेट्रोल लेकर आया था। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। कंबल डालकर युवक को बचाया गया, लेकिन युवक का चेहरा और दोनों हाथ झुलसा गया।

मामले की जानकारी होते ही अऊ्ढ ईस्ट पंकज सिंह टीम के साथ सिविल अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। अऊ्ढ ईस्ट पंकज सिंह ने बताया, युवक की पहचान हुसैनगंज छितवापुर के रहने वाले दीपक भारती (38) के रूप में हुई है। युवक बेरोजगार है। पत्नी दीया भारती से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिससे गुस्से में पेट्रोल डालकर आग लगा ली। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया, दीपक का पहले पत्नी से घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ। जब बात बढ़ गई तो घर से भागकर कैंट गेस्ट हाउस के पास पहुंचा और आत्महत्या करने की नीयत से खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। आस-पास के लोग जब तक बचाने पहुंचते तब तक युवक ने खुद को आग के हवाले कर दिया। इस वजह से उसका हाथ और चेहरा बुरी तरह से झुलस गया। लोगों ने एम्बुलेंस से दीपक को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस से बातचीत में दीपक ने कहा कि पत्नी हर चीज को लेकर बहस करती है, खुद को बहुत ओवर स्मार्ट समझती है। उसको कहा कि मैं भी आठवीं पास हूं। उसको कहीं फॉर्म भरना होता था तो साथ में ही ले जाता था। मैं हर काम में साथ रहता हूं, फिर भी नहीं झगड़ा करती है। एक 8 साल की बेटी और 3 साल का बेटा है। दीपक की पत्नी दीया भारती से सोमवार को भी विवाद हुआ था। इसपर दीया अपने मायके चली गई थी। दीया कैंटोमेंट पाम गेस्ट हाउस में काम करती है। दीपक को लगा कि दीया जॉब पर आई होगी। मंगलवार को दीपक गेस्ट हाउस पहुंचा लेकिन दीया नहीं मिली। दीपक अपने साथ पेट्रोल लेकर आया था। जिसको छिड़ककर आग लगा ली।

## युवक ने दांत से महिला की उंगली काटी

लखनऊ। तालकटोरा इलाके में शराब के नशे में एक युवक ने महिला की उंगली दांत से काट ली। बीच-बचाव करने आए परिवार के साथ भी गाली गलौज और मारपीट की। पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है। बादशाहखेड़ा आलमनगर की रहने वाली प्रीती पत्नी सत्तीदीन लोधी ने तालकटोरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम करीब 6 बजे वो अपने घर पर खाना बनाने की तैयारी कर रही थी। तभी अचानक से घर के बाहर से गाली गलौज का शोर सुनाई देने लगा। प्रीति बाहर निकलकर देखने गई तो घर के सामने रहने वाला रंजीत शराब पीकर उनके लड़के को गाली दे रहा था। प्रीति ने वजह पूछी तो उनके माता-पिता और परिवार को भी गाली देने लगा। गाली देने से मना करने पर रंजीत ने डंडे व लात घूसे से हमला कर दिया। प्रीति ने खुद को बचाते हुए उसे पीछे हटाना चाह तो उसकी उंगली दांत से दबाकर काट ली। प्रीति के भाई व पति ने बीच बचाव कर बचाया। इसके बाद रंजीत के घर के अन्य लोग पत्नी व बहन आ गई और फिर से सबके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पीड़ित ने मदद के लिए पुलिस को सूचना दी। मामले में इंस्पेक्टर तालकटोरा का कहना है कि आरोपी रंजीत का चालान करके जेल भेज दिया गया है।

## बाइक सवार चोरों ने घर के बाहर खड़ी स्कूटी की पार, सीसीटीवी में कैद

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे बेखौफ बाइक सवार चोर बीते पांच दिन पूर्व एक घर के बाहर खड़ी स्कूटी पार कर फरार हो गए। वहीं घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की करतूतें कैद हो गई है। कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित विनयनगर निवासी उमाकान्त तिवारी पुत्र स्व० रामजीत तिवारी के अनुसार बीते 1 जनवरी की शाम करीब 6.30 बजे उनकी स्कूटी संख्या यूपी 32 जी क्यू 1130 उनके घर के बाहर खड़ी थी। जो बाइक सवार अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। वहीं चोरों की करतूतें उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वहीं पीड़ित का कहना था कि उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में तीन अज्ञात बाइक सवार चोरों की फुटेज दिखी है। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने चोरी घटना की शिकायत स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# नाका लॉज में कुर्सी पर बैठे-बैठे युवक की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नाका में मंगलवार शाम एक लॉज में युवक का शव मिला है। स्टाफ की सूचना पर पहुंची नाका पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले मयंक अरोड़ा (30) के रूप में हुई है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि युवक को सुबह चेक आउट करना था। होटल का कर्मचारी पूछने गया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। होटल में कर्मियों को लगा कि सो रहा होगा। कुछ देर फिर गया तो रिस्पांस नहीं मिला। उसने खिड़की से झांका तो युवक कुर्सी पर बैठा दिखा लेकिन सिर एक साइड लटका था।

काफी आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो युवक कुर्सी पर मृत पड़ा था। युवक के परिजनों को सूचना दी गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। सुशील लॉज के रिसेप्शन पर मौजूद समीर ने बताया, युवक सोमवार की शाम 5:15 बजे लॉज में आया था। बताया कि लखनऊ में कुछ काम है कमरा चाहिए। उसने अपनी आईडी भी दी थी। जिसपर मयंक अरोड़ा पुत्र दिनेश अरोड़ा, निवासी फरीदाबाद, हरियाणा दर्ज था। मंगलवार 12:00 बजे उसे चेक आउट करना था। दोपहर में होटल के कर्मचारियों ने आवाज देकर युवक को बुलाया लेकिन वह बाहर नहीं निकला। शाम को भी कर्मचारी उसे बुलाने गए लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद होटल प्रशासन ने थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कमरा अंदर से बंद मिला। इसके बाद जब पुलिस किसी तरह अंदर पहुंची तो अंदर युवक का शव कुर्सी पर पड़ा था।

**35 वर्षीय युवक ने फंदे पर लटक दी जानः** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के जयप्रकाश नगर में रहने वाले एक 35 वर्षीय युवक जीतू यादव पुत्र किसुन यादव ने सोमवार देर शाम अपने घर में लगे पंखे के हुक में दुपट्टा के सहारे फांसी लगा ली। वहीं मृतक की पत्नी ने पति को फंदे पर लटका देख चीख पुकार मचाना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी एकत्र हो गए। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से उतार नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक चीतू सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता था और पत्नी रश्मि सहित अपने 6 वर्ष व 4 वर्ष के साथ रहता। घटना के समय मृतक की पत्नी अपनी बहन सुमन से मिलने गई थी। वहीं कृष्णा नगर कोतवाली की आजाद नगर चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है और कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**ट्रेन से गिरकर युवक की मौतः** सुशांत गोल्फ सिटी के मलाक रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार की शाम रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात शव पुलिस को पड़ा मिला। जिस सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची ने मृतक की जामा तलाशी ली। उसके पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, कीपैड मोबाइल टूटा हुआ व निहालगढ़ से अंबाला जाने का ट्रेन का टिकट बरामद हुआ। शव की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त राम अचल (32) पुत्र रामधनी निवासी ग्राम नेवादा थाना हलियापुर जिला सुल्तानपुर के रूप में हुई। पुलिस ने मिले कागजातों और मोबाइल के आधार पर परिजनों से संपर्क कर घटना से अवगत कराया। शिनाख्त के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक मृतक ने निहालगढ़ से अम्बाला कैंट जा रहा था।

## पुलिस चौकी से पचास मीटर की दूरी पर ज्वेलरी शॉप से 3 लाख के गहने चोरी

लखनऊ। ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर 2 किलो चांदी और 15 ग्राम सोने के जेवर चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें चोर करीब आधे घंटे तक चोरी करते नजर आ रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को कब्जे में लिया है। वहीं दुकान के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं।

मलिहाबाद के मिजार्पुर के रहने वाले युवराज वर्मा की माल रोड जेहटा चौराहा पर लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। युवराज ने बताया कि मंगलवार सुबह टहलने निकले एक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि दुकान का शटर टूटा पड़ा है। उन्होंने बताया कि जानकारी मिलते ही दुकान पर पहुंचकर देखा तो शटर टूटा पड़ा था। चोर दो किलो चांदी और 15 ग्राम सोने के जेवर चुरा ले गए हैं। जेवर की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख है। घटना की जानकारी पुलिस को दी। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें तीन चोर दुकान के अंदर सफेद कपड़े पहने हुए चोरी करते और एक दुकान के बाहर पहरे पर खड़ा दिखाई दे रहा है। चारों एक ही तरह के सफेद कपड़े और नकाब पहन रखा है। घटनास्थल से जेहटा चौकी महज 50 मीटर की दूरी पर है। पुलिस को चुनौती देते हुए नकाबपोश चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस चौकी के सामने ही इतनी बड़ी घटना हो गई। आखिर पुलिस क्या कर रही थी। चौकी पर प्रभारी सहित दो दरोगा तीन सिपाही तैनात हैं।

# सेना का कैप्टन बन लड़कियों से किया लव जिहाद, बंदी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस ने मंगलवार को एक शातिर ठग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी खुद को आर्मी मेडिकल कोर टीम का कैप्टन बताकर ठगी करता था। उसने धर्म छिपाकर कई महिलाओं को अपने जाल में फंसाया और उनका यौन शोषण किया। इसके बाद जेवरात और नकदी ठग लिए। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि उड़ीसा के बालेचर के रहने वाले हैदर अली बेग पुत्र सुल्तान वेग को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के गहरु गांव के पास किसान पथ से सोमवार देर रात पकड़ा गया। वह हार्तिक पुत्र सीनू बैगलोनित के नाम से फर्जी पेपर बनवा के लखनऊ में रह रहा था।

डीसीपी साउथ ने बताया कि आरोपी के पास से आर्मी मेडिकल कोर की बैज लगी वर्दी, चैम्पियन फोर्स की वर्दी के थ्री स्टार बरामद हुए। इसके साथ ही आधार कार्ड, स्टेटस आधार कार्ड, पैन कार्ड और फर्जी आर्मी कैंटीन का कार्ड बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर सरोजनी नगर ने बताया कि आरोपी ने हार्तिक पुत्र सीनू बैगलोनित के नाम से फर्जी आधार कार्ड बनवाया था। इसके साथ ही फर्जी पैन कार्ड, मिलिट्री कार्ड बनवा कर रह रहा था। डीसीपी साउथ ने बताया कि सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत की थी। इसमें बताया था कि उसके पति शराब पीने के आदि थे। अक्सर मारपीट करता था, उसका पति से तलाक का मुकदमा चल रहा है। इसी बीच इंस्टाग्राम पर युवक हार्तिक से मुलाकात हुई। दोनों में बातचीत शुरू हो गई। कुछ समय बाद बात शादी तक आ गई। इसके बाद आरोपी घर आने लगा।

# चारबाग स्टेशन से इंटर-स्टेट स्मगलर गिरफ्तार

- लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर 16 किलोग्राम अफीम का चूरा हुआ बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर 16 किलो अफीम पकड़ी गई है। आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। वह अफीम के चूरे की खेप गंगा सतलज एक्सप्रेस से अंबाला लेकर जा रहा था। तस्कर संदीप राय (25) बिहार के सारण जिले का रहने वाला है।

वह ट्रेन (13307) की एसी कोच ल्ल-1 में 24 नंबर सीट पर था। गतिविधियां संदिग्ध लगने पर आरपीएफ ने चेक किया तो उसके पास नीले रंग का एक पिट्ठू बैग मिला। इसमें 4 प्लास्टिक के पैकेट थे, जिसमें अफीम पैक थी। प्द्धत्र्क्के मुताबिक, पकड़ी गई अफीम की बाजार कीमत 4 लाख से अधिक है। संदीप पटना से ट्रेन में चढ़ा था। उसकी योजना थी कि अंबाला कैंट पहुंचाने से पहले लोकल सप्लायर कोच में आता। इस बैग को वह लेकर चला जाता। यहां से संदीप फिर वापस बिहार लौट जाता। हालांकि, यह चाल कामयाब नहीं हो पाई और आरपीएफ क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया। अधिकारियों ने बताया कि-तस्कर का टिकट गया के रहने वाले दिलीप ने बुक की थी। कार्रवाई में पूर्वोत्तर रेलवे की आरपीएफ क्राइम ब्रांच, उत्तर रेलवे की के साथ में आरपीएफ टीम मौजूद रही। 8 महीने पहले लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से अवैध अफीम के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया था। रळत्र्क्को महिला के पास से 30 लाख की अफीम मिली थी। अधिकारियों का कहना था कि आरोपी प्रमिला देवी गिरोह की सक्रिय सदस्य है। प्रमिला ने बताया कि वह झारखंड के हजारीबाग से माल उठाती है। इसे बरेली पहुंचाने के लिए एक खेप के 10 हजार रुपए मिलते हैं। इनका मुख्य सरगना झारखंड का रहने वाला ओमवीर है। ओमवीर कई राज्यों के तस्करों से संपर्क में रहता है। पंजाब, हरियाणा के साथ अन्य राज्यों में सप्लाई के लिए पूरा गैंग एक्टिव है। करीब दो महीने पहले लखनऊ के गोसाईंगंज में अफीम पकड़ी गई थी। तब ट्रक में लकड़ियों के बीच छुपाकर ले जाई जा रही लाखों रुपए की अफीम बरामद की गई। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था। तस्करों के पास से एक ट्रैक्टर ट्रॉली, ट्रक, 17 बोरी (317.15 किग्रा ) पोस्ता (अफीम के पौधे अवशेष) बरामद किया गया था।

## शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर हड़पे 22 लाख

लखनऊ। स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग कर मुनाफे कमाने के लालच में दो लोगों ने करीब 22 लाख रुपये गंवा दिए। जालसाजों ने व्हाट्सऐप ग्रुप के जरिए पीड़ितों से सम्पर्क किया था। धोखाधड़ी में फंसे पीड़ितों ने साइबर थाने में दो मुकदमे दर्ज कराए हैं। जानकीपुरम जानकी विहार निवासी दिव्याकर सिंह के मुताबिक 11 सितंबर को व्हाट्सऐप ग्रुप स्टॉक स्ट्रैटिजी में जोड़ा गया। शुरूआती में दिव्याकर ने कुछ रुपये लगाए। जिन्हें मुनाफे समेत वापस किया गया। लालच में फंस कर दिव्याकर ने टुकड़ों में 16 लाख 25 हजार रुपये का निवेश किया। कुछ वक्त बाद अपने ही रुपये निकालने का प्रयास करने पर दिव्याकर से रुपये मांगे। शक होने पर पीड़ित ने तीन जनवरी को साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इसी तरह विभूतिखंड कस्टम एण्ड सेंट्रल एक्साइज कॉलोनी निवासी आरती प्रतापति से बी6 बुल बुल स्टॉक ग्रुप में जोड़ कर ठगों ने करीब पांच लाख 73 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरती ने तीन जनवरी को साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।

# मेरा किरदार जिस तरह से दुनिया को देखता है, वह बहुत खूबसूरत है : अदनान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** फेमस टीवी एक्टर अदनान खान कलर्स टीवी के नए शो मन्नत- हर खुशी पाने की में नजर आने वाले है। इस शो में वह एक विक्रांत सलूजा का किरदार निभा रहे हैं। हाल ही उन्होंने वॉयस ऑफ लखनऊ से शो को करने के अपने कारण, किरदार, को- एक्टर आयशा व मोना वासु और शो सहित कई मुद्दों पर बात की।

**दर्शकों ने आपके किरदार को बहुत प्यार दिया है, क्या कहेंगे ?**

मैंने ऑडिशन दिया और मुझे ऑडिशन में बहुत मजा आया था। मेरी सोच यही थी कि इस किरदार में कोई ट्रॉमा या कोई ऐसा दर्द नहीं है, जिससे मेरा किरदार जूझ रहा हो तो मुझे यह बहुत हल्का और ताजा लगा। इसके बाद मैंने सोचा, चलिए, एक कदम और बढ़ाते हैं और मॉक शूट करते हैं। मॉक शूट करने के बाद मुझे और भी ज्यादा मजा आया, फिर मैंने खुदसे कहा, अब शो करना चाहिए।

**काफी समय बाद ऐसा ग्रैंड सेटअप शो टीवी पर बन रहा है, आपका इस बारे में क्या विचार है ?**

मुझे लगता है कि रेस्टोरेंट के अंदर की दुनिया को एक्सप्लोर करना बहुत मजेदार है। शेफ्स, मालिक, पार्टनर्स, क्या होने वाला है और रसोई में अलग-अलग शेफ्स के बीच की प्रतिस्पर्धा। मुझे लगता है कि यह एक बहुत दिलचस्प विषय है, जिसे दर्शक जरूर पसंद करेंगे।

**विक्रांत का किरदार कैसा होने वाला है ? आप दर्शकों से कैसे जुड़ेंगे और आपका किरदार क्या होगा ?**

आपको विक्रांत सलूजा में एक बहुत सजीला, मस्ती पसंद और जोश से भरा इंसान देखने को मिलेगा, जो अपने देश के साथ एक अलग ही रिश्ता साझा करता है. साथ ही उसे खाना भी बहुत पसंद है। विक्रांत जिस तरह से दुनिया को देखता है, वह बहुत खूबसूरत है. जिस तरीके से वह गुस्से का जल्दी इस्तेमाल नहीं करता, न ही लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, वह छोटी-छोटी चीजों की कद्र करता है। कुल मिलाकर आप एक ऐसा इंसान देखेंगे, जो पहले से ही पूरा है।

**यह कहानी दर्शकों से जुड़ने के लिए दिलचस्प और खास कैसे होगी ?**

मुझे लगता है कि मन्नत का किरदार निभाने वाली आयशा शानदार हैं। मैं बहुत उत्साहित हूँ कि मेरे उनके साथ सीन होंगे, क्योंकि जब मैं सीन कर रहा होता हूँ तो मैं देखता हूँ कि यह लड़की बहुत अच्छी है, साथ ही इस शो के किरदार यानि विक्रांत को प्यार बहुत पसंद है। रोमांटिक सीन के लिए भी मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि मुझे इसका आइडिया बहुत अच्छा लगता है। उम्मीद है कि हम दर्शकों को कुछ ताजा देंगे।

**जोड़ी देखने के लिए दर्शकों का फैंडम बहुत उत्साहित है, आपका इस बारे में क्या विचार है ?**

मुझे लगता है कि उनके ( आयशा ) के फैंस बहुत मजबूत और सच्चे हैं। वे बहुत सपोर्टिव हैं जहाँ तक मेरे फैंस की बात है तो वे हमेशा मुझे सपोर्ट करते हैं, चाहे मैं जो भी करूं। वे हमेशा मेरे साथ होते हैं और हमेशा मेरा समर्थन करते हैं। उम्मीद है कि हम उन्हें कुछ अच्छा दे सकेंगे। हां, बिल्कुल ! दोनों अपने काम के प्रति बहुत भावुक हैं। विक्रांत का अपने देश के साथ जो रिश्ता है, वह बहुत खूबसूरत है, उसका अपने देश से एक अद्भुत रिश्ता है। वैसे ही मुझे अपने देश पर बहुत गर्व है। एम्स्टर्डम में एक गांव है, जहां मैं एक दिन रिटायर होना चाहूंगा क्योंकि वहां कैबिन और बोट्स जैसी खास चीजें हैं। लेकिन इतना कहने के बाद भी मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं।

**अपना किरदार निभाने में आपको कितना मजा आता है ?**

अमीर लोगों का किरदार निभाना मजेदार है उनके पास शानदार घर होते हैं, मैं सोचता हूं वाह, कौन नहीं चाहता ऐसा घर ? ऐसे किरदारों में आप बहुत फैंसी कपड़े पहनते हैं। ऐसे किरदार निभाते हुए मुझे हर सेकंड बहुत मजा आता है।

**आपको क्या लगता है इस शो की खासियत क्या है, इसकी युएसपी आपके हिसाब से क्या है ?**

मुझे लगता है कि इस शो का वरढ आयशा है। जोकि शो में मन्नत का किरदार निभा रही है। वह एक अद्भुत अभिनेत्री हैं। वह दर्शकों को अपने किरदार के साथ इस शो की यात्रा पर ले जाएंगी। वह अपने काम में बहुत अच्छी हैं। इसके अलावा मोना मैम, प्रोड्यूसर मुक्ता मैम, निर्देशक और कलर्स चैनल, जो पूरी तरह से सपोर्टिव है। जब आपको ये सारी चीजें मिल जाती हैं, तो आमतौर पर अच्छा मनोरंजन निकलता है।

**आप अपने फैंस से क्या कहना चाहेंगे ?**

मैं लोगों से बस यही कहना चाहता हूँ कि धैर्य रखें और हमें सपोर्ट करें मैं उम्मीद करता हूँ कि हम आपको एंटरटेन कर सकेंगे। आपको बता दें कि अदनान खान मनोरंजन जगत का एक जाना माना चेहरा है जो पिछले कई सालों से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़ा है। अदनान ने अपने करियर में अब तक कई शो, लघुफिल्म, वेबसीरीज और म्यूजिक एल्बम किए है, जिसमें- खड़े हैं तेरी राहों में, जज्बात, इश्क सुभान अल्लाह, (टीवी शो), हाय तौबा (वेब सीरीज), द रेज-ओवर इनजस्टिस, मेरा नंबर कब आ गया (लघुफिल्म) और मेरा आपकी कृपा से (म्यूजिक एल्बम) शामिल है।

# रामजानकी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रत्येक मंगलवार की भांति अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी के तत्वाधान में रामजानकी मंदिर में सामूहिक रूप में हनुमान चालीस का पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया।

मुख्य यजमान राम जीवन दास व अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी के जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र दुबे द्वारा हुये इस धार्मिक आयोजन के मौके पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, आचार्य शिव पूजन दीक्षित, राष्ट्रीय मंत्री श्रवण कुमार मिश्रा, सचिन शुक्ला, सत्यम मौर्या, शिवम विश्वकर्मा, आकाश अवस्थी योगेश शुक्ला, हर्ष शर्मासहित क्षेत्र के काफी संख्या में लोग मौजूद थे। हनुमान चालीसा के पाठ के उपरान्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने सम्बोधित करते हुये लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक मंगलवार को देश-प्रदेश के विभिन्न मन्दिरों में सामूहित रूप से हनुमान चालीसा, एवं आरती कर देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। जैसे मुसलमान शुक्रवार को जुम्मे के दिन सभी मस्जिद को जाते हैं और नमाज अदा करते हैं इस रूप में हिंदू मंगलवार की शाम को नजदीकी मंदिर में जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करें और हिंदुओं को संगठित होने का संदेश दें।

# यूपी महोत्सव : कवि सम्मेलन संग गीत-संगीत ने समां बांधा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे 17वें युपी महोत्सव में जहां कवि सम्मेलन लोगों को बंधा रखा है, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं द्वारा मनभावन प्रस्तुतियों सबको अभिभूत कर रहीं हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एन बी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा आए हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापीत करके किया गया।

यूपी महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर रिया त्रिपाठी ने यह भी न जाने वह भी न जाने और दो नैना सितारों पर खूबसूरत नृत्य का नजारा पेश करके दर्शकों का मन मोह लिया। रिया ने मैं परदेसी हूं गीत गाकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। स्वरिका मिश्रा गाना आओ ना थे, दीपिका ने कजरा मोहब्बत का गाकर और भाविका श्रीवास्तव ने रफ्ता रफ्ता पर शानदार नृत्य करके खूब वाह वाही लूटी। मंच पर आर्चीज बैंड के सिंगर अभिज्ञ श्रीवास्तव, ड्रम पर तनिष्क, पियानो पर आरव, गिटार पर श्रेय कपूर ने अद्भुत समा बांध और लोगों की भीड़ को मंच से हटने नहीं दिया। संदीप त्रिपाठी ने रफी साहब की आवाज में कई नगमे पेश किया जिससे वातावरण काफी खुशनुमा बन गया।

आज रश्मिपुंज साहित्यानुरागी के बैनर तले यूपी महोत्सव के मंच पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायबरेली के वरिष्ठ गीतकार सतीश कुमार सिंह ने और संचालन लखीमपुर के युवा कवि सुनीत बाजपेई जी ने किया। कवि सम्मेलन में सुजीत जायसवाल कौसाम्बी, अर्चना द्विवेदी अयोध्या, शुभेंद्र सिंह लखनऊ, अमित आभास प्रयागराज, उत्कर्ष शुक्ला मोहम्मदी, वर्षा श्रीवास्तव लखनऊ आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन मे रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गोविन्द 'गजब' ने सभी आये हुए रचनाकारों और अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत लोकप्रिय गायिका प्रीति लाल द्वारा भोजपुरी अवधि और कई नागमो को सुना कर आईपीएल में रोमांस पैदा कर दिया लोगों ने प्रीति लाल को खूब सराहा और तालियां बजाई।

## छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा संस्कृति उत्सव : जयवीर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शास्त्रीय एवं लोक संगीत की विभिन्न विधाओं से जुड़े प्रदेश के सभी अंचलों के कलाकारों को उनकी योग्यता के अनुसार मंच प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उन्हें प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश-हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव का आयोजन 02 जनवरी से 20 जनवरी तक किया जा रहा है। इसका समापन समारोह उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को लखनऊ में किया जाएगा। कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संस्कृति उत्सव 2024-25 का मुख्य उद्देश्य भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने एवं भावी पीढ़ी को हस्तान्तरित करके उनको अपनी गौरवशाली विरासत के प्रति जागरूक करना है। संस्कृति उत्सव के संबंध में समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को शासन द्वारा पत्र भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत, लोक संगीत तथा लोक नाटकीय विभिन्न विधाओं के मामले में अत्यन्त समृद्ध है।

जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति उत्सव के अंतर्गत गांव, पंचायत, ब्लाक, तहसील स्तर के कलाकारों की तहसील मुख्यालय पर प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसी प्रकार तहसील स्तर के चयनित कलाकारों की जनपद मुख्यालय पर प्रतियोगिता होगी। जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की मण्डलीय मुख्यालय तथा मण्डल स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कराई जाएगी। 23 जनवरी को लखनऊ में सम्पन्न प्रतियोगिता की विजयी प्रतिभागियों का उत्तर प्रदेश पर्व में प्रतिभाग करने हेतु रिहर्सल कराया जायेगा। संस्कृति उत्सव 2024-25 के उद्देश्यपरक एवं सफल आयोजन के लिए पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करा दिये गये हैं।

# होश वालों को खबर क्या बेखुदी क्या चीज है...गजल ने दिल जीता




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एकता सेवा समिति के तत्वावधान में शान ए अवध गजल संध्या का आयोजन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि लोक विशेषज्ञ मुनालश्री विक्रम बिष्ट, कला समीक्षक एवं छायानट के पूर्व सम्पादक एस. के. गोपाल ने गजल गायक रविंद्र कुमार, प्रदीप अली, ऋचा जोशी, सुमन रावत, हेमचंद पालीवाल आदि को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध गजल गायक रविंद्र कुमार ने अपनी गजल- यह सजा पाई दिल लगाने की से किया। इसके बाद जिंदगी जब भी तेरे नजम में, गुल से बुलबुल थी, फिर छिड़ी रात फूलों की, आज चांदनी थी मेरी तरह, पत्थर के जिगर वालों, जरा सी खाक हूं इस बात पर जैसे तमाम गजलों से शान ए अवध की महफि ल सजाई। संगत कलाकारों में तबले पर हेमचंद पालीवाल, हारमोनियम पर गुलाम आसिम खान, सारंगी पर जीशान खान ने अपने साज से गजलों में चार चांद लगाया। यशभारती सम्मानित ऋचा जोशी के संयोजन व निर्देशन में दस दिन की गजल प्रशिक्षण कार्यशाला के उपरान्त गजलें प्रस्तुत की गयीं। यह दौलत भी ले लो यह शोहरत भी ले लो, होश वालों को खबर क्या, माना कि हम यार नहीं आदि गजलों में देवश्री पवार, आशुतोष नौटियाल, ओमप्रकाश राव, एकता श्रीवास्तव आदि ने अपनी आवाज दी। कार्यक्रम का संचालन डा. मानसी बिष्ट ने किया। संस्था की अध्यक्ष एकता श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध नाखूनी चित्रकार रजनीश डोबरियाल, इंजी. विकास अवस्थी, समाजसेवी हेमा डोबरियाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# तुम्हें अपना बनाने की कसम खाई है...गीत से रोशन हुई अवध की शाम



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश महोत्सव के 22वें दिन समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सृजन झंकार डांस एकेडेमी की डायरेक्टर रोमा श्रीवास्तव के निर्देशन में, ऋषी सक्सेना, आरूषि सक्सेना, इशिका श्रीवास्तव, मधु अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, संजय विद्यार्थी, अमिता विद्यार्थी, विजय मिश्रा, कुमकुम मिश्रा ने 12 गीतों के सम्मिश्रण लिखे जो खत तुझे, जाने जाँ ढूँढता फिर रहा, तुम्हें अपना बनाने की कसम खाई है, छन से जो टूटे कोई सपना आदि पर लेजी डांस प्रस्तुत किया। तत्पश्चात स्नेहधरा वृद्धाश्रम में रह रहे अनुपम अवस्थी द्वारा गाने की प्रस्तुति दी गयी। कथक नृत्यांगना इशिका श्रीवास्तव ने जब मोहे रंग दो लाल पर नृत्य प्रस्तुत किया तो पूरा पंडाल झूम उठा। उसके बाद आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के स्कूल 'बुनियाद' की डायरेक्टर डॉ अर्चना सक्सेना के निर्देशन में बच्चों द्वारा चाइल्ड लेबर पर आधारित गाने पर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के अंत में माननीय मंत्री जी के कर कमलों द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति से दिव्या शुक्ला, डॉ अर्चना सक्सेना, रोमा श्रीवास्तव, आमिर सिद्दीकी, अनूप सक्सेना, शैलेंद्र मोहन, अजय यादव, स्वाति जैन आदि का सम्मान किया गया।


**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक 700/ई.ई.-6/एल.जे.एस./2024-25 दिनांक 07/01/2025

**अल्प कालीन निविदा-सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 13/01/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है सील्ड निविदायें दिनांक 13/01/2025 को अधिशासी अभियन्ताए जोन-6 के कार्यालय में अपरान्ह 3.30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 13/01/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4.00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदाय उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Development, supply of P-gravel & other mechanical works for mini tubewell bored at Amberganj South Face, Amberganj Ward. Lko | 8000.00 | Rs. 400.00 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-6
जलकल विभाग नगर निगम
लखनऊ

**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक 701/ई.ई.-6/एल.जे.एस./2024-25 दिनांक 07/01/2025

**अल्प कालीन निविदा-सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 13/01/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है सील्ड निविदायें दिनांक 13/01/2025 को अधिशासी अभियन्ताए जोन-6 के कार्यालय में अपरान्ह 3.30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 13/01/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4.00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदाय उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply & Fixing of by pass system & other electrical/Civil works for newly bore mini tubewell at Amber ganj South Face Amberganj Ward.Lko | 6200.00 | Rs. 350.00 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-6
जलकल विभाग नगर निगम
लखनऊ


# हनुमानजी को लग रहा मक्के की रोटी और सरसों के साग का भोग

## सर्दी के चलते मंदिरों में बदली देवी की सामग्री, देवताओं के लिए प्रसाद

- मां पूर्वी देवी को लग रहा गजक, रेवड़ी व गुड़ का भोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






लखनऊ। सर्दी में सिर्फ इंसान ही नहीं बल्कि भगवान के भी खान-पान में परिवर्तन किया जा रहा है। जनवरी की कड़कड़ाती ठंड में भगवान बीमार न हो, इसलिए उन्हें गरम खाद्य पदार्थ दिए जा रहे हैं। शहर की मंदिर समितियों में कहीं हनुमान जी को मक्के की रोटी, सरसों का साग और बाजरे की खिचड़ी भोग में परोसी जा रही है तो मां पूर्वी देवी को गुड़, गजक, तिल के लड्डू, पट्टी आदि का भोग लगाया जा रहा है। यही नहीं, भगवान को सर्दी से बचाने के लिए उन्हें कई प्रकार की रजाई व गद्दे ओढ़ाए जा रहे हैं। आइए आपको बताते हैं कि कहां-कहां भोग में क्या बदलाव किए जा रहे हैं।

**यहां भोग में हल्दी वाला दूध और मेवे के लड्डू :** ठाकुरगंज स्थित मां पूर्षों देवी और महाकालेश्वर मंदिर से आशीष टंडन ने बताया कि मां के स्वास्थ्य का ख्याल रहते हुए उन्हें गर्म खाद्य पदार्थों जैसे गमक रेवड़ी और गरम हल्दी वाला दूध, मेले के लड्डू आदि का भोग लगाया जा रहा है। समय- समय पर मंदिर के चारों तरफ खिड़की, पर्दे देखे जाते हैं कि कहीं कुछ भी खुला न रहे और हवा अंदर न आने पाए।

**गरम मसाले से तैयार सब्जियों का लग रहा मां चंद्रिका देवी को भोग:** बीकेटी स्थित चंदिका देवी मंदिर से पुजारी सूरज सैनी ने बताया कि गर्मियों व सर्दियों के हिसाब से खाने-पीने में परिवर्तन किया जाता रहा है। इस समय पंच्छमेवा, सूखा मेवा, गाजर का हलवा, मेले के लड्डू, गरम मसाले से तैयार विभिन्न सब्जियों का भोग लगाया जा रहा है। नियमित पूजा के बाद मां के कपाट बंद कर दिए जाते हैं ताकि हवा भीतर न आए। मां को मोटे कपड़े से बनी ऊनी शॉल ओढ़ाई जा रही है।

### हनुमान जी के लिए बाजरे की खिचड़ी ओढ़ रहे कश्मीरी शॉल

पक्का पुल स्थित लेटे। हुए हनुमान मंदिर से सेवादार रिद्दी गौड़ पेड़ ने बताया कि हनुमान जी को इस समय खास पट्टी, गुड़ के पकवान, सरसों का साग, मक्के की रोटी और बाजरे की खिचड़ी दी जा रही है। इसके अलावा गरम कपड़ों में हनुमान जी को कश्मीरी रजाई और कंबल ओढ़ाए जा रहे हैं। समय-समय पर भगवान के ऊनी कपड़े बदले जा रहे हैं। दिन में हर बार भगवान के कपड़े बदले जा रहे हैं। यहां सर्दियों में भगवान का खास ख्याल रखा जाता है।

# महाकुंभ में प्रयागराज, रामबाग व झूंसी स्टेशन रुकेंगी अनेक ट्रेनें




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु झूसी/प्रयागराज रामबाग स्टेशन से पास होने वाली निम्नलिखित गाड़ियों का कुम्भ मेला अवधि के लिये झूसी/प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 05 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा।

बलिया से 14, 15, 28 एवं 29 जनवरी तथा 04, 05, 11, 12, 25 एवं 26 फरवरी को चलने वाली 22581 बलिया-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 00.50 बजे पहुँच कर 00.55 बजे छूटेगी। जयनगर से 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 25, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 24, 25, 26, 27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 02.12 बजे पहुँच कर 02.17 बजे छूटेगी। बलिया से 12 एवं 26 जनवरी तथा 02, 09 एवं 23 फरवरी को चलने वाली 22427 बलिया-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 03.00 बजे पहुँच कर 03.05 बजे छूटेगी। दरभंगा से 10, 17 एवं 31 जनवरी तथा 14 एवं 28 फरवरी, 2025 को चलने वाली 11034 दरभंगा-पुणे एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 06.00 बजे पहुँच कर 06.05 बजे छूटेगी। रक्सौल से 11 एवं 25 जनवरी तथा 01, 08 एवं 22 फरवरी को चलने वाली 15267 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अन्त्योदय एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 06.00 बजे पहुँच कर 06.05 बजे छूटेगी। दरभंगा से 15 एवं 29 जनवरी तथा 05, 12 एवं 26 फरवरी को चलने वाली 15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 06.00 बजे पहुँच कर 06.05 बजे छूटेगी। जयनगर से 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 25, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 24, 25, 26, 27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 12561 जयनगर-नई दिल्ली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 06.30 बजे पहुँच कर 06.35 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 25, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 24, 25, 26, 27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज चौरी चौरा एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 07.15 बजे पहुँच कर 07.20 बजे छूटेगी। बनारस से 15 एवं 29 जनवरी तथा 05, 12 एवं 26 फरवरी को चलने वाली 12946 बनारस-वेरावल सुपरफास्ट एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 09.10 बजे पहुँच कर 09.15 बजे छूटेगी।

हावड़ा से 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 25, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 24, 25, 26, 27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 12333 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 11.25 बजे पहुँच कर 11.30 बजे छूटेगी। पुणे से 16 एवं 30 जनवरी तथा 04, 11 एवं 25 फरवरी को चलने वाली 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 17.24 बजे पहुँच कर 17.29 बजे छूटेगी। सीतामढ़ी से 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 25, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 24, 25, 26, 27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 14005 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनस लिच्छवी एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 17.13 बजे पहुँच कर 17.18 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 11 जनवरी तथा 01 एवं 15 फरवरी को चलने वाली 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 23.05 बजे पहुँच कर 23.10 बजे छूटेगी। दानापुर से 12, 15, 26, 29 जनवरी तथा 02, 05, 09, 12, 23 एवं 26 फरवरी को चलने वाली 20934 दानापुर-उधना सुपरफास्ट एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 23.05 बजे पहुँच कर 23.10 बजे छूटेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 25, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 24, 25, 26, 27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 14006 आनन्द विहार टर्मिनस-सीतामढ़ी एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 03.30 बजे पहुँच कर 03.35 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 03.45 बजे पहुँच कर 03.50 बजे छूटेगी। उधना से 14 एवं 28 जनवरी तथा 01, 04, 11, 15 एवं 25 फरवरी को चलने वाली 20933 उधना-दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 04.45 बजे पहुँच कर 04.50 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 05.03 बजे पहुँच कर 05.08 बजे छूटेगी। नई दिल्ली से 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 25, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 11, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 24, 25, 26, 27, एवं 28 फरवरी को चलने वाली 12562 नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 05.45 बजे पहुँच कर 05.50 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 06.02 बजे पहुँच कर 06.07 बजे छूटेगी। नई दिल्ली से 09, 10, 11, 12, 15, 16, 25, 26, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 05, 06, 09, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 26, 27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 12582 नई दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 07.48 बजे पहुँच कर 07.53 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 08.05 बजे पहुँच कर 08.10 बजे छूटेगी। नई दिल्ली से 13, 14, 27 एवं 28 जनवरी तथा 03, 04, 10, 11, 24 एवं 25 फरवरी को चलने वाली 22582 नई दिल्ली-बलिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 07.48 बजे पहुँच कर 07.53 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 08.05 बजे पहुँच कर 08.10 बजे छूटेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 11 एवं 25 जनवरी तथा 01, 08 एवं 22 फरवरी को चलने वाली 22428 आनन्द विहार टर्मिनस-बलिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 08.48 बजे पहुँच कर 08.53 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 09.02 बजे पहुँच कर 09.07 बजे छूटेगी। उधना से 14 एवं 28 जनवरी तथा 04, 11 एवं 25 फरवरी को चलने वाली 20961 उधना-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 08.48 बजे पहुँच कर 08.53 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 09.02 बजे पहुँच कर 09.07 बजे छूटेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 25, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 24, 25, 26, 27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 10.10 बजे पहुँच कर 10.15 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 10.25 बजे पहुँच कर 10.30 बजे छूटेगी। वेरावल से 13 एवं 27 जनवरी तथा 03, 10, एवं 24 फरवरी को चलने वाली 12945 वेरावल-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 12.48 बजे पहुँच कर 12.53 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 13.03 बजे पहुँच कर 13.08 बजे छूटेगी। प्रयागराज रामबाग से 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 25, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 22, 23, 24, 25, 26, 27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 12334 प्रयागराज रामबाग-हावड़ा विभूति एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर 15.54 बजे पहुँच कर 15.59 बजे छूटेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 13 एवं 27 जनवरी तथा 03, 10, एवं 24 फरवरी को चलने वाली 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल अन्त्योदय एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 17.06 बजे पहुँच कर 17.11 बजे तथा झूसी स्टेशन पर 17.25 बजे पहुँच कर 17.30 बजे छूटेगी।

## जयनगर-झूंसी के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये 05285/05286 जयनगर-झूसी-जयनगर कुम्भ मेला विशेष गाड़ी का संचलन जयनगर से 10, 24 एवं 31 जनवरी तथा 28 फरवरी दिन शुक्रवार को तथा झूसी से 11 एवं 25 जनवरी, 01 फरवरी तथा 01 मार्च दिन शनिवार को 04 फेरों के लिये किया जायेगा। 05285 जयनगर-झूसी कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 10, 24 एवं 31 जनवरी तथा 28 फरवरी दिन शुक्रवार को जयनगर से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन मधुबनी, सकरी, दरभंगा, समस्तीपुर, ढोली, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औड़िहार, वाराणसी तथा ज्ञानपुर रोड होते हुए झूसी 15.45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05286 झूसी-जयनगर कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 11 एवं 25 जनवरी, 01 फरवरी तथा 01 मार्च दिन शनिवार को झूसी से 17.45 बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औड़िहार, गाजीपुर सिटी, दूसरे दिन बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, ढोली, समस्तीपुर, दरभंगा, सकरी तथा मधुबनी होते हुए जयनगर 10.15 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एसएलआरडी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 07 तथा शयनयान श्रेणी के 07 कोचों सहित कुल 16 कोच लगेंगे।

## महिला कांग्रेस ने हजरतगंज थाने में दी विधूड़ी के खिलाफ तहरीर




लखनऊ। उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी शहला अहरारी, अनामिका यादव एवं उरूषा राणा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस का मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल हजरतगंज थाने पहुंचा और वहां जिम्मेदारी अधिकारियों से मिलकर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। इस मौके पर सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, हुस्नआरा, सिद्धि श्री, डॉ. रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, विभा त्रिपाठी, सुमन प्रजापति, मीना रावत आदि महिला कांग्रेस की पदाधिकारी मौजूद रही। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रियंका गांधी सांसद के खिलाफ अमर्यादित, अभद्र बयान उकनी कुंठित और स्त्री विरोधी मानसिकता परिणाम है। असल में भाजपा के तमाम नेताओं द्वारा समय-समय पर देश की आधी आबादी के लिए इस तरह के बयान दिये जाते रहे हैं, यही भाजपा का वास्तविक चाल चरित्र और चेहरा है। रमेश बिधूड़ी द्वारा प्रियंका गांधी के लिए दिये गये आपत्तिजनक बयान से पूरे देश के कांग्रेसजनों में रोष है।

## लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत देख गदगद हुए विदेशी छात्र



लखनऊ। सीएमएस की मेजबानी में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय बाल शिविर के प्रतिभागी सात देशों के मेहमान छात्र मंगलवार को लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत एवं गंगा-जमुनी तहजीब को देख मंत्रमुग्ध हो गये। आस्ट्रेलिया, ब्राजील, जर्मनी, इटली, जापान, नार्वे एवं भारत के ये छात्र 11 वर्ष से 12 वर्ष उम्र के हैं, जो इन दिनों लखनऊ प्रवास पर हैं और अंतर्राष्ट्रीय बाल शिविर के अंतर्गत एक साथ एक छत के नीचे साथ-साथ रहकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को साकार रूप दे रहे हैं। ये सभी छात्र आज लखनऊ भ्रमण पर निकले एवं यूपी दर्शन पार्क एवं बड़ा इमामबाड़ा आदि विभिन्न दर्शनीय स्थलों की सैर की। लखनऊ भ्रमण के दौरान इन छात्रों ने यहां की गंगा-जमुनी तहजीब को नजदीक से अनुभव किया। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

## जस्टिस शेखर यादव के मामले में दायर जनहित याचिका को हाई कोर्ट ने किया खारिज

विधि संवाददाता (vol)



लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही चलाने की मांग करते हुए 55 सांसदों द्वारा राज्य सभा को दिये गये प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही न करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पोशणीयता के अभाव में खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि जनहित याचिका दबे कुचले वर्ग के लोगों की आवाज उठाने के लिए दायर की जाती है किन्तु इस प्रकरण में ऐसा नहीं है। कोर्ट ने कहा कि जनहित याचिका दायर करने के लिए जो सीमायें तय की गयीं हैं यह याचिका उससे बाहर है अतः पोशणीय नहीं है। यह आदेश जस्टिस ए आर मसूदी एवं जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने अशोक पांडे की ओर से दाखिल जनहित याचिका को पोशणीय न पाते हुए खारिज करते हुए पारित किया है।

याचिका में राज्य सभा के सभापति को जरिये उसके सेक्रेटी जनरल पक्षकार बनाया गया था और कोर्ट से मांग की गयी थी कि वह उन्हें आदेष जारी करे। उल्लेखनीय है कि जस्टिस यादव ने गत 8 दिसम्बर को इलाहाबाद बार एसोसियेषन में वीएचपी के एक कार्यक्रम में भाषण दिया था जिसको असंवैधानिक बताते हुए 55 सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग की है।

## एकेटीयू की विषम सेमेस्टर परीक्षा आज से

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 की विषम सेमेस्टर स्नातक और परास्नातक के रेगुलर व कैरीओवर की प्रथम चरण परीक्षा बुधवार से शुरू हो रही है। जो सात फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में 134 केंद्र बनाए गए हैं। दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा में डेढ़ लाख से ज्यादा परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा ऑफलाइन मोड में होगी। शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए हर केंद्र पर विश्वविद्यालय की ओर से दो आब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए हर सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर विश्वविद्यालय में बनाए गए कंट्रोलिंग रूम से नजर रखी जाएगी। जिससे परीक्षा के दौरान नकल न हो पाए।

## भक्ति घर में प्रवेश करती है तो घर मंदिर बन जाता है : शांतनु जी महाराज

लखनऊ। गोमती नगर, विवेक खंड स्थित पानी टंकी पार्क में आयोजित श्रीराम कथा में मंगलवार को कथा व्याय आचार्य शांतनु जी महाराज ने राम - केवट संवाद का सुंदर वर्णन करते हुए भक्ति के लक्षणों को सरल भाषा में समझाया। आचार्य ने कहा कि भक्ति जब आपके जीवन में प्रवेश करती है तो जीवन को दिव्य बना देती है। भक्ति पानी में प्रवेश करती है तो उसे चरणामृत बना देती है। भक्ति भोजन में प्रवेश करती है तो वह प्रसाद बन जाता है। भक्ति भूख में प्रवेश करती है तो व्रत बन जाती है। भक्ति घर में प्रवेश करती है तो घर मंदिर बन जाता है। भक्ति जब व्यक्ति में प्रवेश करती है तो वह मानव से महामानव बन जाता है। बिन भक्ति के मनुष्य जल बिन बादल के समान है। राम वन गमन की कथा में निषाद राज और भगवान राम के संवाद के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से घर में दुकान में काम करने वाली लोगों व मजदूरों के घरों में जाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि यह अभिमान को कम करने का सुंदर प्रयोग है। उन्होंने कहा कि संसार के सामने हाथ फैलने से अच्छा है हमें अपने परमात्मा के सामने हाथ फैलाना चाहिए। उसमें विश्वास रखना चाहिए। उसकी कृपा अपार है। कथा के छठे दिन एमएलसी मुकेश शर्मा, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा का रसपान किया।

## संविधान गौरव अभियान से बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचायेगी भाजपा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा 11 से 25 जनवरी के दौरान संविधान गौरव अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की तैयारी के लिए लखनऊ महानगर कैसरबाग कार्यालय पर मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, राज्यसभा सदस्य बृजलाल और एमएलसी मुकेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

त्र्यंबक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के लिए जिला और मंडल स्तर पर टोली का गठन किया गया है। अभियान के तहत बाबा साहब अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए 8 से 10 जनवरी के मध्य मंडल स्तरीय और मोर्चों की जिला स्तरीय बैठकों का आयोजन करना है। जिला स्तर पर अनुसूचित जाति और जनजाति समूह के प्रबुद्ध और विशिष्ट जनों की सूची तैयार करनी है। 12 से 15 जनवरी के मध्य लखनऊ महानगर स्तर पर और उसके बाद 25 जनवरी तक अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें केंद्र सरकार के मंत्रीगण और वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे।

इस दौरान शिक्षण संस्थानों में निबंध और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया जाएगा। 18 से 25 जनवरी तक युवा मोर्चा द्वारा अनुसूचित जाति छात्रावासों और कॉलेज संपर्क के माध्यम से युवाओं में भारत रत्न डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जाएगा। अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र में रैली और सभाओं का आयोजन भी होगा, 25 जनवरी को अभियान समापन पर सभी बूथों पर भारतीय संविधान के प्रस्ताव और नीति निर्देशक तत्व को पढ़कर उस पर चर्चा की जाएगी।

## लखनऊ आईटीआई में कैम्पस ड्राइव 9 को

लखनऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में 9 जनवरी को हीरो मोटोकार्प लि., हरिद्वार, उत्तराखंड द्वारा केवल महिलाओं के लिए विशेष कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने दी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खां ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में केवल महिला अभ्यर्थी भाग ले सकती हैं। प्रतिभाग के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल के साथ-साथ आईटीआई (फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, पेंटर आदि) में वर्ष 2022, 2023, और 2024 में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है। कंपनी द्वारा चयनित महिला उम्मीदवारों को 23,626 रूपये प्रति माह सीटीसी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, अप्रेंटिसशिप के लिए भी भर्तियां की जाएंगी।

## तय समय पर परियोजनाओं को करें पूरा : स्वतंत्र देव सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थाई संचालन समिति की 59वीं बैठक प्रमुख अभियंता, सिंचाई विभाग के नवीन सभागार में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ से बचाव के लिए 369 परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण सिंचाई विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा किया गया। बाढ़ बचाव परियोजनाओं के कार्य पूर्ण हो जाने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनधन की हानि से बचा जा सकेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति की 59वीं बैठक में प्रस्तुत की गयी 54 जिलों की कुल 369 बाढ़ परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 6 लाख हेक्टेअर कृषि भूमि एवं 60 लाख आबादी को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान होगी। समिति द्वारा परियोजनाओं पर गहन विचार-विमर्श करते हुए बाढ़ परियोजनाओं के अनुमोदन की कार्यवाही सम्पन्न की गयी। मंत्री ने समिति की बैठक में निर्देश दिया कि बाढ़ से संबंधित परियोजनाओं का धरातल पर पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाय तथा अनुबंध की शर्तों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। प्रदेश में बाढ़ कार्यों की परियोजनाओं को अभियान चलाकर तेजी से पूर्ण कराया जाय। निमार्णाधीन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, किसी प्रकार की लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए, लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ से बचाव के लिए स्थायी समाधान को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं को तैयार किया जाए। बाढ़ से बचाव के लिए परियोजनाओं के कार्य निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करायें जिससे जनता जनार्दन बाढ़ से सुरक्षित होगी और जनधन की हानि नहीं होगी। बैठक में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश कुमार सचान, प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन) संदीप कुमार, सम्बंधित क्षेत्रिय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीएमसी ने जारी की अपने नेशनल एडमिशन टेस्ट की तारीख

लखनऊ। विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) कोचिंग संस्थान जेईई (मेन व एडवांस), नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशिष्टता रखता है। वीएमसी अपने फ्लैगशिप टेस्ट यानी एनएटी के लिए तैयार है, जिसके जरिए छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप पा सकेंगे। ये टेस्ट 18 व 25 जनवरी को ऑनलाइन मोड में और 12 व 19 जनवरी को ऑफलाइन मोड में होगा जिसके जरिए देशभर के छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा और उनकी परफॉर्मेंस के लिए रिवॉर्ड भी दिया जाएगा। यह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें शैक्षिक सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं में जा रहे हैं। उन्हें विद्या मंदिर क्लासेज के विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले और शत-प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा। इस टेस्ट के माध्यम से छात्र जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी बढ़त हासिल करेंगे। इसके तहत वीएमसी संस्थापकों और विशेषज्ञों द्वारा मेंटॉरशिप / मोटिवेशनल सेशंस, निःशुल्क डाउट रिजॉल्यूशन, निकटतम वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहायता, अच्छी तरह से शोधित और वैज्ञानिक आधार पर तैयार किया गया ई-स्टडी मैटेरियल और असीमित मॉक टेस्ट का लाभ भी दिया जाएगा। वीएमसी पूरे देश में नेशनल एडमिशन टेस्ट का आयोजन अपने प्रतिष्ठित क्लासरूम और ऑनलाइन प्रोग्राम्स के लिए छात्रों का चयन करने के लिए करता है। इन प्रोग्राम्स को जेईई और नीट के साथ-साथ ओलंपियाड्स और बोर्ड्स जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। वीएमसी के सह संस्थापक बृज मोहन ने कहा विभिन्न चरणों में छात्रों की जरूरतों को समझना वीएमसी की शिक्षण पद्धति की प्रेरणा रहा है। यही कारण है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के लिए तैयारी करने वाले छात्रों को, जो देश के शीर्ष इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में अध्ययन करना चाहते हैं, इस परीक्षा को जरूर देना चाहिए। अधिक जानकारी और एनएटी के लिए रजिस्ट्रेशन करने के लिए www.vidyamandir.com पर जाएं।

## जिला अदालतों में अग्नि शमन यंत्र लगवायें

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने न्यायालयों में अग्नि शमन यंत्रों को लगवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक को दिया है। न्यायालय ने कहा है कि इस सम्बंध में राज्य सरकार का सहयोग लेते हुए, त्वरित कार्यवाही करें। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने सुनील कुमार द्विवेदी की ओर से वर्ष 2011 में दाखिल एक जनहित याचिका पर दिया है। वहीं न्यायालय ने पूर्व के आदेश के अनुपालन में अग्नि शमन यंत्रों के लगाएं जाने के सम्बंध में विस्तृत जवाब न आने पर नाखुशी भी जाहिर की है। न्यायालय ने कहा कि हाईकोर्ट की ओर से जो शपथ पत्र दाखिल किया गया है उसमें सिर्फ इतना कहा गया है कि 40 जिलों में अग्नि शमन यंत्र लगा दिए गए हैं, शेष विवरण नदारद है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी 30 जनवरी तय करते हुए, कहा है कि राज्य सरकार और इस कोर्ट के महानिबंधक इस विषय को प्राथमिकता से लें और अगली सुनवायी पर शपथ पत्र दाखिल करें।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

- अंतिम रूप से प्रकाशित नामावली में मतदाताओं की संख्या अब 15,35,37,430 हो गयी
- पुनरीक्षण के दौरान कुल 18,85,446 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, इसमें 8,90,546 पुरूष, 9,94,792 महिला एवं 108 थर्ड जेंडर मतदाता : नवदीप रिणवा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने घोषित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता 01 जनवरी, 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन मंगलवार को प्रदेश के समस्त पदाभिहित व मतदेय स्थलों पर किया गया है।

जो प्रदेश के कुल 394 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का 29 अक्टूबर, 2024 से 28 नवम्बर, 2024 तक तथा उप निर्वाचन-2024 से आच्छादित 09 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों (16-मीरापुर, 29-कुन्दरकी, 56-गाजियाबाद, 71-खैर (अ0जा0), 110-करहल, 213-सीसामऊ, 256-फूलपुर, 277-कटेहरी तथा 397-मझवां) का 27 नवम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से दावे और आपत्तियां प्राप्त की गयीं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदेय स्थलों के संभाजन के बाद वर्तमान समय मे प्रदेश मे कुल 1,62,462 मतदेय स्थल हैं। आलेख्य प्रकाशन के समय प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या 15,25,13,131 थी, जो मंगलवार को अंतिम रूप से प्रकाशित नामावली में मतदाताओं की संख्या 15,35,37,430 हो गयी है यानि कुल 18,85,446 मतदाता सम्मिलित हुए और कुल 8,61,147 मतदाता विलोपित हुए। इस प्रकार मतदाता सूची मे शुद्ध कुल वृद्धि 10,24,299 हुई। इस पुनरीक्षण के दौरान कुल 18,85,446 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। इसमें 08,90,546 पुरूष, 09,94,792 महिला एवं 108 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। इस पूरे अभियान के तहत मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल हमारे सहभागी रहे हैं। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की प्रदेश स्तर पर बैठक 04 अक्टूबर 2024 को आयोजित की गयी तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जाने का अनुरोध भी किया गया। परिवर्धित, अपमार्जित एवं संशोधित किये गये समस्त नामों की सूची सभी स्तरों पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ साझा की गयी। मतदाता सूची में विद्यमान प्रविष्टियों में संशोधन, डुप्लीकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र के लिए आवेदन, शिफ्टेड मतदाताओं के लिए आवेदन और दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन के लिए निर्धारित फार्म-8 की व्यवस्था दी गयी है तथा इस संबंध में प्रचार-प्रसार किया गया। इस बात पर विशेष ध्यान आकर्षित किया गया कि किसी वर्तमान मतदाता के एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरण की दशा में फार्म-8 का उपयोग किया जाए न कि फार्म-6 का। जनपद में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को आलेख्य मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध करायी गयी तथा अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध करायी जा रही हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की वेबसाइट, वोटर पोर्टल तथा वोटर हेल्प लाइन एप के क्यूआर कोड का व्यापक प्रचार-प्रसार डिजीटल/सोशल मीडिया के माध्यम से कराया गया। अर्ह एवं छूटे हुए दिव्यांग, बेघर, पीवीटीजी सेक्स वर्कर्स तथा महिलाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के लिए इस अभियान को समावेशी अभियान के रूप में मनाया गया। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची समस्त मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक जन-सामान्य के लिए प्रदर्शित की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध होगी जिसके माध्यम से मतदाता अपना नाम देख सकते हैं तथा टोल फ्री नं. 1950 पर फोन करके तथा वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से भी अपने नाम की जानकारी कर सकते हैं। साथ ही अपने बीएलओ से सम्पर्क करके भी अपना नाम देख सकते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में नव पंजीकृत एवं पूर्व से पंजीकृत सभी मतदाताओं से अपील की जाती है कि वे अद्यतन मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य चेक कर लें। इस बात के पूर्ण प्रयास किये गये हैं कि कोई भी अर्ह मतदाता छूटने न पाये तथापि यदि किसी मतदाता का नाम किसी कारण से अद्यतन प्रकाशित मतदाता सूची में नही है तो वह अपना नाम ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम यथा-बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय से, मतदाता पंजीकरण केन्द्र EUahttps://voterportal.eci.gov.in या https://voters.eci.gov.in या voter helpline app इत्यादि से जुड़वा सकते हैं तथा अपना नाम चेक भी कर सकते हैं।

## सर्दी के चलते बदला माध्यमिक विद्यालयों के संचालन का समय

लखनऊ। प्रदेश में अत्यधिक ठंड व शीतलहर को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने मकर संक्रान्ति पर्व तक सभी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों की कक्षाओं के संचालन समय में बदलाव कर दिया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेन्द्र देव की ओर से मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार सभी बोर्डों के माध्यमिक कक्षाओं का समय प्रातः 9:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे के स्थान पर बुधवार से प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित कर दिया गया है।

## पीडब्ल्यूडी के तीन अधीक्षण अभियंता का तबादला

लखनऊ। शासन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तीन अधीक्षण अभियंताओं के स्थानान्तरण का आदेश मंगलवार को जारी किया है। विशेष सचिव प्रभुनाथ की ओर से जारी आदेश में लखनऊ में तैनात नवप्रोन्नत अधीक्षण अभियंता सिविल नरेश कुमार को प्रयागराज, नवप्रोन्नत अधीक्षण अभियंता सिविल सतीश कुमार को सीतापुर किया गया जबकि अधीक्षण अभियंता 11वां वृत्त (रा.मा.) सतीश कुमार रावत को बांदा स्थानान्तरित किया गया है।

संक्षेप

## चोरी की कार जब्त तीन गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)**।स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम कुरमौटा घुरी के पास पुलिस ने चोरी के कार सहित तीन अपराधियों को धर दबोचा। अपराधियों ने पुलिस को खुब चकमा दिया ।लेकिन पुलिस की घेरा बन्दी से बच नही पाये ।बताया गया है कि ग्राम बाँकी -सिंगही थाना भलुअनी निवासी अरुण सिंह पुत्र सतेश्वर सिंह की देवरिया मे मंगलम आटो मोबाइल की दुकान लक्ष्मीनारायण मन्दिर के पास है अपनी कार वही रात को रखते थे 3 जनवरी की रात्रि वही से कार संख्याएच आर 26ए पी 8959 चोरी हो गयी। कोतवाली देवरिया द्वारा जाँचोपरान्त पर चोरी का मुकदमा 5 जनवरी को दर्ज हो गया ।उसी कार मे सवार होकर अपराधी भटनी थाना क्षेत्र के ललन चौराहे पर स्थित एक पेट्रोल पम्प पर तेल भरवाते समय अरुण सिंह का एक मित्र देख लिया और भटनी में कार होने का लोकेशन देते हुए उन्हे सूचित कर दिया ।भटनी पुलिस को भी सूचना मिल गयी ।पुलिस ने कार चोरो का पीछा करने के लिए घेराबन्दी कर पीछा करना शुरू किया ।कार चोरों ने पुलिस को खुब चकमा दिया ।लेकिन थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार प्रधान के नेतृत्व मे पीछा कर रही पुलिस को सफलता मिली ।

## प्रख्यात कवि पाषाण के निधन से शोक की लहर



**देवरिया** । प्रख्यात वामपंथी विचारधारा के कवि भटनी क्षेत्र के गांव मायापुरी इमिलिया निवासी ध्रुवदेव मिश्र पाषाण का आज सुबह जिला मुख्यालय पर अपने आवास पर निधन हो गया । उनके निधन की खबर मिलते ही उनके पुत्र हिन्दुतान अखबार के प्रभारी वाचस्पति मिश्र के घर पर पत्रकारों ,साहित्यकारों की भीड़ जुट गई।बाद में उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक निवास मायापुर इमिलिया लाया गया जहां क्षेत्र के गणमान्य लोंगों पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। साहित्य के उचाईयों को प्राप्त करने , अपनी सादगी ,विनम्रता के लिये हरदिल अजीज पाषाण जी के निधन पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय, पत्रकार शिवकांत मिश्र ,रामनवल सिंह कैप्टन वीरेंद्र सिंह, राकेशधर द्विवेदी ,उमेश शुक्ल ,धनन्जय मणि आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## बसंत कालीन गन्ना गोष्ठी का आयोजन

**कुशीनगर**।गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति कृषकों को जागरूक करने के लिए पेडी प्रबंध गन्ने के साथ सहफसली खेती तथा गन्ना विकास की योजनाओं की जानकारी देने के लिए उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा कुशीनगर जिले में विशेष अभियान के क्रम में रामकोला विकासखंड के ग्राम कुसुमहा में बसंतकालीन गन्ना गोष्ठी का आयोजन किया गया।गन्ना किसान संस्थान के गन्ना कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया है कि किसान गन्ने की वैज्ञानिक ढग से खेती करें गन्ना विकास से ही किसानों का विकास होगा गन्ने की अधिक उपज देने वाले प्रजाती को 118 को. शा. 13235, 18231, 9232 को. से. 13452, 8452 की बुवाई करें गन्ने की दो पंक्तियाँ के बीच तीन या चार पंक्तियाँ प्याज बोये, बढ़ जाएगी गन्ने के उपज, होगा किट नियंत्रण गन्ने के साथ भिंडी, गोभीयां, कद्दू खीरा का फोटो ग्राफ दिखा कर बताया।

# 75 वर्ष पूरे होने का जश्न : हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान

### 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रूप में मनायेगी भाजपा




**कुशीनगर**। भारतीय जनता पार्टी भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष पूरा होने पर 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रुप में मनाएगी।इस दौरान पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन जन तक लेकर जाना है ।यह बातें मंगलवार को रविन्द्र नगर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित संविधान गौरव अभियान जिला कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र सिन्हा ने कहा।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि मोदी सरकार ने 26 जनवरी को संविधान लागू किये जाने के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए ह्यहमारा संविधान, हमारा स्वाभिमानह्व टैगलाइन के तहत एक अभियान भी शुरू किया है। संविधान गौरव अभियान के अन्तर्गत 11 से 25 जनवरी के बीच जिला स्तर पर अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' पर गोष्ठि का आयोजन किया जाना है।15 से 25 जनवरी के बीच स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय एवं सभी शिक्षा संस्थानों में 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' विषय पर क्विज, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराना है।18 से 25 जनवरी के बीच युवा मोर्चा द्वारा अनुसूचित जाति छात्रावासों एवं कॉलेज संपर्क के माध्यम से युवाओं में भारत रत्न डॉ० बाबा साहब अम्बेडकर जी के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जायेगा।डॉ सिन्हा ने बताया कि 25 जनवरी 2025 को सभी बूथ एवं मण्डल पर पार्टी के कार्यकर्ता आमजन के साथ एकत्रित होकर के भारतीय संविधान के प्रस्ताव एवं नीति निर्देशक तत्त्व को पढ़ेगे व संक्षिप्त में इस पर चर्चा करेंगे।अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने बताया कि अभियान के लिए जिला महामंत्री राणा प्रताप राव को संयोजक और अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रभा पाण्डेय और युवा मोर्चा जिला संयोजक शैलेन्द्र तिवारी को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 8 और 9 जनवरी को जिले के सभी 34 मण्डलों में संविधान गौरव अभियान की मण्डल कार्यशाला आयोजित किया जाएगा। बैठक को फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, सदर विधायक मनीष जायसवाल ने भी सम्बोधित। संचालन जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल द्वारा किया गया।इस दौरान राजनेति कश्यप, संदीप सिंह, सतीश चौधरी, सन्तोष दत्त राय, सुदर्शन पाल, विजय कुमार शुक्ल, दिवाकर मणि त्रिपाठी, मनोज जायसवाल, रमेश सिंह, विनोद भारती, बाबू नन्दन सिंह, डॉ सीमा गुप्ता, रामसागर कुशवाहा, विश्वरंजन कुमार आनन्द, नमो नारायण मौर्य, अमित राय, जितेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह,प्रवीण गुंजन सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साइड लेने को लेकर मारपीट में दो घायल

**कुशीनगर**। जिले के कसया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राज मार्ग-28 प्रेमवलिया के समीप स्थित एक पेट्रोल पंप पर मंगलवार की शाम दो ट्रकों के ड्राइवरों के बीच साइड को लेकर हुई मारपीट में एक ट्रक के ड्राइवर व खलासी बुरी तरह से घायल हो गए। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना में एक ट्रक के ड्राइवरों के सहयोग में पेट्रोल पंप कर्मियों के आने और मारपीट का आरोप लगाते हुए घायल ट्रक के ड्राइवर ने पंप पर जाने वाला जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को थाने ले गई।

शाम राष्ट्रीय राज मार्ग-28 पर साइड को लेकर दो ट्रकों के ड्राइवरों के बीच जोक्वा के पास विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों ट्रक ड्राइवर ट्रक से एक दुसरे का पीछा करते हुए प्रेमवलिया पेट्रोल पंप के पास पहुंच गए।स्थानीय लोगों के अनुसार यहां पहुचते ही एक ट्रक के ड्राइवर, खलासी व पेट्रोल पंप कर्मी लामबंद होकर दूसरे ट्रक ड्राइवर व खलासी पर हमला बोल दिया।मारपीट में 30 वर्षीय रामकृष्ण कुशवाहा चंदरपुर गोबरही व 25 वर्षीय कृष्णा कुशवाहा खोटही कुशीनगर लहूलुहान हो गए।घायलों ने कुछ देर तक पेट्रोल पंप का रास्ता रोक दिया था। जिसकी सूचना पुलिस को हुईं, बताया जाता है कि मौके पर पहुची कसया पुलिस के एकतरफा गिरफ्तारी व कार्रवाई को लेकर लोग गुस्से में आये, तो कुछ देर के लिए माहौल असहज हो गया।इसके बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई।

## बिना हेलमेट चालकों को गुलाब का फूल देकर याद कराया



**देवरिया**।यातायात निदेशालय के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में प्रभारी यातायात गुलाब सिंह द्वारा हेलमेट न लगाकर चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर हेलमेट पहनने के लिए जागरुक करने की पहल चचाओं में है ।इस कडाके की ठण्ड में भी हेलमेट न लगाने वाले दो पहिया चालकों को रोककर जब प्रभारी द्वारा गुलाब का फूल दिया जा रहा था तो पुलिस तो मुस्करा रही थी लेकिन चालक अपने को शर्मिंदा महसुसकर आगे से हेलमेट जरूर लगाने का विश्वास दिलाते दिखे ।

## सपा की बैठक में मतदाता सूची पर हुई चर्चा

**देवरिया** ।सपा कार्यालय पर मासिक बैठक मे मतदाता सूची मे नाम बढाने व 27 जनवरी से शुरू हो रहे पीडीए पंचायत को बुथ स्तर पर आयोजित करने पर चर्चा हुई।जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि कार्यकता किसी भी संगठन व दल के मेरुदंड होते हैं ।उन्हों के कार्यकताओं से प्राण प्रण से लगकर संगठन को धारदार बनाने को कहा ।होगा।श्री यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज मे जिस प्रकार मंहगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार का बोल बाला बढा है उससे आमजन त्राहि त्राहि कर रहा है हमे भाजपा के इस मकड़जाल से प्रदेश को बाहर निकालने के लिए पीडीए परिवार को मजबुत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के हाथों को मजबुत करना होगा।कार्यक्रम मे प्रदेश कार्यसमिति के वि.आ.सदस्य हृदयनारायण जायसवाल के अनुज शिक्षक व पूर्व प्रधान विरेन्द्र जायसवाल के निधन,मझौली राज के शिक्षक मदन यादव व मौलाना शाकिर अली के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना कि गयी। बैठक मे पूर्व विधायक अनुग्रहनरायण सिंह खोखा सिंह जी, हाफिज सहादत हुसैन, विजय प्रताप यादव, परवेज आलम, अवधेश चौधरी, अम्बिका यादव, श्यामबहादुर भारती, राजवंशी राजभर, हरेराम आर्या, चंद्रभूषण सिंह यादव, कमलेश पांडेय, रामप्रकाश यादव, अवधेश चौधरी, प्रज्ञानन्द चौधरी, मुन्ना यादव, गोपी यादव, आनंद यादव, ऋषिकेश यादव, सुनैना कुशवाहा, सीमा मौर्य, नित्यानंद तिवारी, राजेश यादव, प्रमोद यादव, उमाशंकर यादव, रामबली यादव, आफताब आलम, फक्रुद्दीन खां, रमेश यादव, नागेन्द्र पासवान, पवन यादव, अब्बास अहमद, गोरख यादव, रामप्रित यादव, नसीम लारी, गजानंद विश्वकर्मा, हरेन्द्र त्यागी, रमानंद ,रुदल त्यागी, डॉ. सी. पी. विदेशी भारती सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पटना को सात विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची सीवान की टीम

**कुशीनगर**। उदित नारायण पीजी कॉलेज पडरौना के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 17वें वर्ष स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को सीवान और पटना के बीच ग्रुप ए का पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया।इसमें सीवान की टीम पटना को सात विकेट से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित बना लिया है।मैच में 59 रनों की शानदार पारी खेलने वाले सीवान के फरहान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।सीवान टीम के कप्तान फरहान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पटना टीम की शुरूआत कुछ खास नहीं रही।13 व 21 रन के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाजी आउट होकर पवेलियन लौट गए।मध्यक्रम के बल्लेबाज भी नहीं चले और आसानी से विकेट गंवाते चले गए।निर्धारित 20 ओवर के मैच में सभी विकेट खोकर पटना की टीम 136 रन के स्कोर पर सिमट गई।इसमें आकाश ने 12, गुड्डू ने 50 व राजवीर ने 10 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया।इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक को हासिल नहीं कर सका।वहीं, सीवान की तरफ से गेंदबाजी करते हुए चंदन ने तीन, जफर, प्रभात व उत्कर्ष ने दो-दो विकेट हासिल किया।जवाब में खेलने उतरी सीवान टीम की शुरूआत काफी शानदार रही।दोनों सलामी बल्लेबाजों के बीच 76 रनों की हुई साझेदारी की बदौलत टीम लक्ष्य के करीब पहुंच गई।सलामी बल्लेबाज के रूप में फरहान व नितेश कुमार का विकेट गिरा तो इसके बाद आये बल्लेबाजों ने पारी को संभाल लिया सात विकेट शेष रहते ही 14वें ओवर की गेंदबाजी में टीम को जीत दिला दी।इसमें फरहान ने 59, नितेश ने 32 व चंदन ने 10 व संदीप ने 30 रनों का योगदान दिया।अंपायर अफरोज राजू और विशाल रहे। कमेंट्री प्रिंस तिवारी व नजमुद्दीन ने की। स्कोरिंग अभिषेक गैरी व हिमांशु शाह ने किया।इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरूण कुमार गौतम, सपा नेता विजेंद्र पाल उर्फ बबलू यादव, ओपी गुप्ता व डॉ. मनीष सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख मन्नू सिंह चंदेल, सतीश साहा, ऋषिकेश समशेर मल्ल, पाली चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## संस्कार भारती के संस्थापक संरक्षक पद्मश्री बाबा योगेन्द्र की मनी जयंती




**कुशीनगर**। संस्कार भारती के संस्थापक संरक्षक पद्मश्री बाबा योगेन्द्र की 101 वीं जयंती पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी के आवास पर मनाई गई।इस अवसर पर जुटे लोगों ने बाबा योगेन्द्र के चित्र पर पुष्पार्चन किया और 101 दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता देवरिया विभाग के सह संघ संचालक डॉ.चंद्रशेखर सिंह ने लोक, कला, संस्कृति के क्षेत्र में बाबा योगेन्द्र के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि बाबा ने संस्कार भारती के माध्यम से भारतीय कला को संस्कृति को समृद्ध किया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि बाबा योगेन्द्र ने ललित कला के क्षेत्र में जो कार्य किया वह अविस्मरणीय है। आभार महामन्त्री गोरक्ष प्रान्त डॉ अनिल कुमार सिन्हा ने व्यक्त किये। शुभारंभ ध्येय गीत ' साध्यति संस्कार भारती' व समापन वंदे मातरम से हुआ।संचालन वीरेश राय ने किया। इस दौरान सुरेश प्रसाद गुप्ता, जिला प्रचारक प्रवीण, एडवोकेट आलोक कुमार श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह, प्रदीप, ब्रजेश मणि, डॉ. कालिंदी त्रिपाठी, डॉ. सीमा गुप्ता, उमेश जायसवाल कुन्नू, अनिल मल्ल, रंजना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण दिया

**देवरिया** ।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेन्द्र सिंह के निदेशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में स्थित वीडियो कान्फ्रेसिंग भवन में विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय स्कीम के तहत गठित कमेटी को विभिन्न सरकारी संस्थाओं व गैर सरकारी संस्थाओं के रिसोर्स पर्सन ने प्रशिक्षण दिया।

## कृषक उर्वरक क्रय करने में रहें सतर्क

**देवरिया** ।डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की है कि वे उर्वरक क्रय करते समय सल्फर, जिंक, माइकोराइजा या किसी भी प्रकार के माइकोन्यूट्रिएन्ट विक्रेताओं द्वारा दी जाने वाली सामग्री का क्रय न करें, यदि किसान इनका क्रय करने के इच्छुक नहीं हैं।यदि कोई फुटकर विक्रेता दबाव बनाता है, तो कृपया तत्काल जिला कृषि अधिकारी देवरिया को सूचित करें, ताकि संबंधित उर्वरक विक्रेता के खिलाफ उर्वरक अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जा सके। कृषकों को सलाह दी गई है कि वे केवल तभी जिंक, सल्फर, माइकोराइजा या अन्य माइकोन्यूट्रिएन्ट (सूक्ष्म तत्वों) का क्रय करें, जब विक्रेता द्वारा बताई गई जानकारी से वे संतुष्ट हों।जिंक सल्फेट के उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया है कि इससे फसलों की हरियाली बनी रहती है, फसल की पैदावार बढ़ती है, और रोगों का असर कम होता है।दलहनी फसलों में प्रोटीन की मात्रा बढ़ती है, जबकि तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा में वृद्धि होती है और गेहूं के दानों में भी बढ़ोतरी होती है।सल्फर के उपयोग से फसलों की उपज और गुणवत्ता में वृद्धि होती है। फसलें तेजी से परिपक्व होती हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।तिलहनी फसलों में प्रोटीन और तेल की मात्रा बढ़ती है, वहीं गेहूं में कल्ले अधिक निकलते हैं और पाले का असर कम होता है।माइकोराइजा के लाभों के बारे में बताया गया है कि यह एक लाभकारी कवक है, जो फसलों को कई प्रकार से लाभ पहुँचाता है। माइकोराइजा से पौधों को पानी और पोषक तत्वों का बेहतर अवशोषण होता है, पौधों की जड़ों का विकास होता है, और सूखा, पोषक तत्वों की कमी, और रोगों से तनाव कम होता है।इसके साथ ही, फसलों में फूलों की संख्या बढ़ती है और मिट्टी की संरचना में सुधार होता है।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत कार्यक्रम आयोजित




**देवरिया**। देवरिया स्थित वन स्टॉप सेंटर पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथिविधायक, रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर और मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर द्वारा किया गया।साथ ही महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि सुरेंद्र चौरसिया ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना और मिशन शक्ति के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना और मिशन शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपनी सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित करने और समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया।पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन और 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन की जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने महिला पुलिस हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति के प्रचार-प्रसार के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, चाइल्ड हेल्पलाइन की काउंसलर अनु अनुराधा राज, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी और राजकीय बाल गृह बालक के प्रभारी अधीक्षक राम कृपाल द्वारा साझा की गई। इन प्रतिनिधियों ने योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड एवं सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना और पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्साधिकारी राजेश कुमार झा, वार्ड पार्षद वार्ड नंबर-12 प्रियंका वर्मा, प्रवक्ता बीआरडीपीजी कॉलेज भावना सिन्हा, भाजपा महिला मोर्चा की भारती शर्मा एवं सीमा जायसवाल, कवयित्री अंजनी द्विवेदी और डीपीएमआई संस्थान देवरिया के प्रतिनिधि डॉ. राजीव गुप्ता, राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दान विलेखों पर स्टाम्प शुल्क में छूट के पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

**देवरिया**। डीएम दिव्या मित्तल ने बतायौ कि स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2, उप्र शासन, लखनऊ की अधिसूचना के अंतर्गत दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान की गई है।इस अधिसूचना के अनुसार, परिवार के सदस्यों के बीच संपत्ति का दान करने पर अधिकतम 5,000 रुपये का स्टाम्प शुल्क नियत किया गया है। परिवार के सदस्य, जैसे पुत्र, पुत्री, पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्रवधू, सगा भाई (सगे भाई के मृत होने की स्थिति में उसकी पत्नी), सगी बहन, दामाद, और पौत्र/पौत्री को दान की गई अचल संपत्ति पर यह छूट लागू होती है। प्रेरणा सॉफ्टवेयर पर प्रमाणक अपलोड करना अनिवार्य है, जिसमें दानकर्ता के पास संपत्ति का प्राप्त स्रोत, दानकर्ता व दानग्राही के बीच संबंध का प्रमाण, मृतक भाई की पत्नी को दान देने के मामले में मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्ति का जियोटैग फोटोग्राफ या अक्षांश और देशांतर आदि शामिल होंगे।

## बदमाशों ने व्यापारी से की पांच लाख की लूट




**कुशीनगर**। जिले में मंगलवार सुबह एक लूट की सनसनीखेज घटना सामने आया। कार सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने एक्सप्रेसबीस कंपनी के मालिक से करीब पांच लाख रुपये नकद, सोने-चांदी की अंगूठियां और लैपटॉप लूट ले गए। घटना नेबुआ नौरंगिया-पडरौना मार्ग पर ढोरही फार्म के समीप का है।बताया जाता है कि कम्पनी के मालिक इसके अलावा ऑनलाइन कम्पनी मिसो का भी कार्य करते हैं, जिसका कलेक्शन कर पड़रौना कार्यालय जा रहे थे। जानकारी के अनुसार व्यापारी कृष्णा सिंह पुत्र सिंहासन सिंह निवासी लीलाधर छपरा थाना-नेबुआ नौरंगिया सुबह लगभग 4:30 बजे के करीब अपनी बाइक से पडरौना कार्यालय के लिए निकले थे।जैसे ही वह नेबुआ नौरंगिया-पडरौना मार्ग पर ढोरही फार्म के समीप पहुंचे, बताया जाता है कि कार सवार अज्ञात बदमाशों ने घात लगाकर उन्हें रोका लिया, उनके साथ मारपीट करते हुए उनके हाथ-पैर बांध दिए।बदमाशों ने इसके बाद पीड़ित को कपड़े से मुंह ढककर गन्ने के खेत में फेंक दिया और मौके से फरार हो गए।बताया जा रहा है कि स्कूल जा रहे बच्चों ने गन्ने के खेत में घायल अवस्था में व्यापारी कृष्णा सिंह को देखा और शोर मचाया। जिसके बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी।घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस ने पीड़ित को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने लूट का खुलासा करने के लिए तीन टीमें गठित की हैं।पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और पीड़ित से पूछताछ कर अग्रिम कारवाई में जुटी हुई है।

- कार में सवार होकर आये थे बदमाश, हाथ-पैर बांधकर व्यापारी को गन्ने के खेत में फेंका

## नहीं हो पाया दूसरे सेमीफाइनल का निर्णय

**देवरिया**।बैतालपुर नगर पंचायत के पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रहे फूलमती देवी की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का दुसरा सेमीफाइनल मंगलवार को झारखंड और कोलकाता के बीच खेला गया। जिसमें खेल के समय सीमा तक किसी भी तरफ से कोई गोल नही किया गया। निर्णायक मंडल ने अब इस खेल को बुधवार को पुनः कराने का निर्णय लिया।खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्यमी राहुल मणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख प्रभाकर राय व ग्राम प्रधान अशोक मल्ल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।पहले हाफ का खेल शुरू होते ही झारखण्ड और कोलकाता की टीम की ओर लगातार गोल करने का प्रयास होता देखा गया।दर्जनों बार एक दुसरे के गोलपोस्ट तक गोल दागने का प्रयास बार बार विफल होता गया।वहीं हाल खेल के दुसरे हाफ का भी रहा।इसमे तो झारखण्ड की टीम ने दो बार लगातार कार्नर किक से मिली गेंद को गोलपोस्ट में डालने की कोशिश भी नाकाम रही।अंत तक दोनो ही टीमों को निर्णय दिलाने वाली एक गोल के लिए कड़ी मशक्त करती रही ' पर सफलता नही मिल पाई।इनकी विफलता और मौसम परिवर्तन के कारण निर्णायक मंडल ने खेल को बुधवार को पुनः कराकर हार जीत का निर्णय करने का एलान किया।खेल के उद्घोषक कृतनाथ मणि उर्फ संत जी तथा निर्णायक की भूमिका मंजेश ने निभाई।इस दौरान सुयश मणि त्रिपाठी, नरेन्द्र मणि, राकेश मणि, गदाधर मणि, भोलू बर्नवाल, आकाश बर्नवाल, भूपेंद्र मणि, सूर्यप्रकाश मणि, दिलीप कुमार, प्रवीण दुबे, पूच्चू द्विवेदी, अमरचंद गोंड़, तारकेश्वर जायसवाल, राजकुमार मोदनवाल, सोनू गोंड, अवनीद्र श्रीवास्तव, राकेश मणि, सोनु प्रजापति, राधेश्याम राय, गुल्लू मणि, विरेन्द्र मोदनवाल, संजय जायसवाल, विनोद मणि, भरत पाण्डेय, जेपी जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, सुरेंद्र मणि त्रिपाठी, भरत मणि त्रिपाठी, अजय मणि त्रिपाठी, उमेशधर द्विवेदी, अजय मणि त्रिपाठी, नवीन मणि त्रिपाठी, श्रीप्रवेश मणि त्रिपाठी, अशोक मल्ल, विनय पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानाचार्य परिषद का सम्मेलन 21 को

- कुशीनगर के राजकीय बौद्ध संग्रहालय में होगा आयोजन



**कुशीनगर**।उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की कुशीनगर इकाई के तत्त्वावधान में मंगलवार को पडरौना नगर के हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज में हुई। इस दौरान कुशीनगर में बौद्ध संग्रहालय के अज्ञेय स्मृति सभागार में 21 जनवरी को आयोजित प्रधानाचार्य परिषद के जनपदीय सम्मेलन की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में प्रधानाचार्यों ने अलग-अलग विचार आमंत्रित हुए। बैठक में सर्वसम्मत से तय हुआ कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी रहेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय संरक्षक श्रीनिवास शुक्ला द्वारा किया जायेगा।मुख्य व्यवस्था के रूप में प्रांतीय संरक्षक डॉ राम नरेश सिंह मंजुल व डॉक्टर डीपी सिंह होंगे।जबकि विशिष्ट अतिथियों में प्रांतीय महामंत्री डॉ रविंद्र त्रिपाठी, डॉक्टर दिनेश मणि त्रिपाठी, डॉ मिथिलेश सिंह, डॉक्टर देव, भास्कर त्रिपाठी, डॉ मणि शंकर तिवारी, वीरेंद्र त्रिपाठी इंजीनियर एके त्रिपाठी, जफर अहमद खान, डॉक्टर गिरजेश पांडेय, डॉक्टर राजेंद्र कुमार बाजपेई, विधायक पीएन पाठक, राकेश जयसवाल व प्रधानाचार्य परिषद कुशीनगर के संरक्षक डॉक्टर गोरख राय होंगे।कार्यक्रम के रूपरेखा को तय करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने विभिन्न प्रधानाचार्य को सम्मेलन के विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने हेतु जिम्मेदारी सौंपते हुए व्यवस्था से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गई।कार्यक्रम का राजकीय बौद्ध संग्रहालय अज्ञेय शोध संस्थान पर होना सुनिश्चित हुआ है। बैठक में प्रमुख रूप से शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, अश्विनी कुमार पांडेय, उमेश उपाध्याय, कोषाध्यक्ष गोविंद मिश्र, महामंत्री सीवी सिंह, नागेश्वर पति त्रिपाठी, एस एसपी सिंह, साधुशरण पांडेय, अशोक कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## देवरिया जर्नलिस्ट प्रेस क्लब ने कवि और साहित्यकार पाषाण के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया

**देवरिया** ।हिंदुस्तान अखबार के ब्यूरो चीफ वाचस्पति मिश्र के पिता हिंदी साहित्य के साहित्यकार ध्रुवदेव मिश्र पाषाण के निधन की खबर फैलते ही पत्रकारों में शोक की दौड़ गई।सिविल लाइन रोड स्थित देवरिया जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के कार्यालय पर घनश्याम मिश्र की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।जिसमें ध्रुवदेव मिश्र के निधन पर शोक जताया गया और दो मिनट मौन रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान पत्रकार राकेश धर द्विवेदी ,त्रिपुरेश पति त्रिपाठी, विनोद धर द्विवेदी, कौशल त्रिपाठी, नवीन सिंह बघेल, अमरीश मणि, मनोज शुक्ला, कमलाकर मिश्र, कुमार रंजन, शैलेश मिश्रा, संदीप तिवारी, अमित मणि त्रिपाठी, अजरेश कुमार, सुधीर कुमार पांडेय, संदीप पांडेय, प्रदीप श्रीवास्तव वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कुलदीपक पाठक , संजय चौबे ,राहुल उपाध्याय ,शैलेश ओझा, डी डी मिश्र,समेत तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

संक्षेप

## लूट करने वाले दो गिरफ्तार

सीतापुर। शहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली क्षेत्र के आनंद नगर रेलवे क्रॉसिंग के निकट छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर देवकली रोड निवासी ब्रजेश तिवारी उर्फ विष्णु पुत्र मुकेश कुमार तिवारी व लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शांति नगर निवासी शिवम गिरि उर्फ अंकित पुत्र रोशन गिरि को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर अपराधी हैं। पुलिस का कहना है कि यह दोनों 26ध्11ध्2024 को अपने एक अन्य साथी के साथ सीतापुर घूमने आये थे। अपने घर मोटरसाइकिल से वापस जाते समय सीतापुर रेलवे स्टेशन के पीछे सड़क पर चल रहे एक ई-रिक्शा में बैठी औरत को डराकर उसके हाथ से एक पर्स को हमने छीन लिया था। आगे जाकर पर्स का झाड़ा लिया तो उसमे से 2000 रुपये और एक मोबाईल फ्व्ळ कम्पनी का और कुछ मेकप का सामान मिला था। दोनों आरोपियों के कब्जे से 580 रुपये और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

## चार वांछितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

महमूदाबाद/सीतापुर। सदरपुर पुलिस ने गोकशी के चार वांछितो को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी मुकुल वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसआई अशोक कुमार, मुख्य आरक्षी सरफराज, अंकित पाल, मोनू, शोएब की टीम ने करीब एक माह पूर्व क्षेत्र में हुई गोकशी की घटना में प्रकाश में आए पट्टीपुरवा धरमपुर के सुहेल पुत्र समीम, मुजीब पुत्र इदरीश, मो. असलम पुत्र बली मोहम्मद, मो. अकलम पुत्र उमर को मंगलवार की सुबह केवानी नदी पर स्थित लोनियनपुरवा पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके अतिरिक्त सदरपुर पुलिस ने न्यायालय के वांछित धुरिहा के राजू पुत्र रामनरेश, मरखापुर के रामशंकर वर्मा पुत्र बीरवल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## सुमेरपुर ने खेली आतिशी पारी

उन्नाव। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में यूटीसीए द्वारा आयोजित क्रिकेट चैंपियनशिप में आज सरोसी स्ट्राइकर्स और सुमेरपुर स्पार्टेन्स के मध्य खेले गए मैच में सुमेरपुर ने टॉस जीतकर आतिशी पारी की शुरूआत की और 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 143 रन बनाये। जवाब में सरोसी 8 विकेट के नुकसान पर केवल 88 रन बना कर ढेर हो गया। ग्रामीण भूमि विकास अध्यक्ष सजीव त्रिवेदी ने प्लेयर ऑफ द मैच मिलन गोस्वामी और सुमेरपुर के कप्तान अजय दीप को शील्ड देकर सम्मानित किया। दूसरा मैच सिकन्दर पुर कर्ण राइडर्स तथा सफीपुर लायन्स के बीच हुआ। सफीपुर लायन्स ने टॉस जीतकर 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 75 रन बनाये। सिकन्दपुर कर्ण राइडर्स ने 9.2 ओवर 1 विकेट नुकसान 79 रन बनाकर सफीपुर को करारा झटका दिया। प्लेयर ऑफ द मैच महेन्द्र पटेल और कर्ण के कप्तान को स्वास्थ्य विभाग के प्रशान्त शर्मा और अमित सिंह ने शील्ड सौंपी। टीचिंग टाइगर्स और हिलौली फाइटर्स के मध्य हुए अंतिम मैच में हिलौली फाइटर्स ने 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 101 रन बनाए। जवाब में टीचिंग टाइगर्स 9 विकेट खोकर 84 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। बीएसए उन्नाव संगीता सिंह और खेल शिक्षिका निशा तोमर ने हिलौली के कप्तान और प्लेयर ऑफ द मैच अमन को शील्ड सौंपी। सुमेरपुर, कर्ण और हिलौली की जीत पर शिक्षक प्रदीप वर्मा और संजीव संखवार ने खिलाड़ियों को फोन कर बधाई दी। यूटीसीए के सदस्यों में संजय कनौजिया, के एस मिश्र, वेद नारायण, अवनीश, दिलीप, दीपक, वैष्णव, अमित शर्मा, वीरेन्द्र, पवन, शैलेन्द्र, अनिल, विवेक द्विवेदी, इमरान, राकेश बघेल, पवन, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र, रहे। नवीन अवस्थी, विनोद, पवन ने अंपायरिंग और रविकान्त पटेल ने कमेंट्री की जिम्मेदारी संभाली।

## श्री राम कथा कल्पवृक्ष के समान

लहरपुर/सीतापुर।नगर के मोहल्ला कटरा स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा की पूणार्हुति विधि विधान से पूजा-अर्चना व हवन कर की गई। इस मौके पर कन्या पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास पंडित धर्म दत्त बाजपेई ने उपस्थित भगवत प्रेमियों से कहा कि कथा सुनने की सार्थकता तभी होगी जब आप कथा से प्राप्त ज्ञान का अपने जीवन में अमल करेंग।

# ऑनलाइन सर्वे का कार्य समय से पूरा करें: डीएम



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को खैराबाद विकास खण्ड के ग्राम परसेहरा खुर्द में आवास प्लस सर्वे 2024-25 के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी डीआरडीए सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों ने मौके पर ही लाभार्थी के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करायी। उन्होंने लाभार्थी को योजना के सम्बन्ध में पूरी जानकारी भी दी। इसके साथ ही आवास स्वीकृत होने के बाद निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण किए जाने की अपेक्षा भी की। उन्होंने गांव में कुल आवास, सर्वे कार्य की प्रगति, पूर्व में आवंटित आवास आदि के संबंध में भी जानकारी ली तथा ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को सुनकर प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास आवंटन किए जाने हेतु आवास प्लस योजना 2024-25 संचालित है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन सर्वे कार्य का आरंभ किया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सर्वेयर का प्रशिक्षण समय से कराया जाये। ऑनलाइन सर्वे के कार्यों को समय से पूर्ण कराते हुए पात्रों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत कुल एक लाख बीस हजार रुपए की धनराशि पात्रों को दिए जाने की योजना है, जिससे पात्र अपना आवास बना सकें। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही या अनियमितता करने वालों या भ्रष्टाचार का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार चैधरी, खंड विकास अधिकारी खैराबाद सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एडीएम ने पद व गोपनीयता की दिलाई शपथ



महोली/सीतापुर। नगर पंचायत के वार्ड संख्या 16 नया जलालपुर में सभासद बुधई की मृत्यु के बाद रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव संपन्न कराया गया था। जिसमें पूर्व सभासद की पत्नी छोटी देवी ने भारी मतों से जीत दर्ज की थी। मंगलवार को नगर पंचायत सभागार में उप जिलाधिकारी शशीबिंद द्विवेदी की मौजूदगी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम ने नवनिर्वाचित सभासद छोटी देवी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्षा केतुका, अधिषाशीअधिकारी श्रीष मिश्रा, लिपिक कांति देवी, आशुतोष दीक्षित, सभासद भगवती, वीरपाल, सुनील, कपिल मिश्रा, रामकिशुन सभासद प्रतिनिधि अरविंद बाजपेई, प्रवीण शुक्ल सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने नव निर्वाचित सभासदों का पद व गोपनीयता की दिलाई शपथ




महमूदाबाद/सीतापुर। नगर पालिक परिषद महमूदाबाद और नगर पंचायत पैंतेपुर में नव निर्वाचित सभासदों को एसडीएम द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एसडीएम ने दोनों सभासदों को बधाई देते हुए क्षेत्र विकास में सकारात्मक कार्य करने की बात कही।मंगलवार की सुबह नगर पालिका परिषद सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। वार्ड महमूदाबाद खास से नव निर्वाचित सभासद अय्यूब अहमद डंपी को एसडीएम शिखा शुक्ला ने शपथ ग्रहण कराई। चेयरमैन मोहम्मद अहमद, ईओ शैलेन्द्र दुबे ने अय्यूब डंपी को माल्यार्पण कर बधाई दी। इस दौरान सभासद संघ अध्यक्ष चक्रसुदर्शन पांडेय आदि उपस्थित रहे। पैंतेपुर में बारातीपुर वार्ड से नव निर्वाचित सभासद सरदार आलम को एसडीएम ने शपथ दिलाई। चेयरमैन जैनब जहां, ईओ रेणुका यादव सहित अन्य सभासद उपस्थित रहे।

## बेसिक शिक्षा विभाग क्रिकेट प्रतियोगिता आज से



उन्नाव। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बेसिक टीचर्स प्रीमियर लीग का उद्घाटन 08 जनवरी को रामकली स्टेडियम, शुक्लागंज में सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी द्वारा होना है। आयोजन की तैयारी आज नगर क्षेत्र कार्यालय में बीएसए संगीता सिंह के हाथों ट्रॉफी के अनावरण के साथ पूरी हुई। बीएसए एवं मनींद्र कुमार की देख रेख में सभी ब्लॉकों के बीईओ मेन्टर के रूप में हैं। लॉटरी सिस्टम द्वारा 4 पूलों का निर्धारण हुआ। पूल ए में असोहा, बांगरमऊ, सफीपुर, और बिछिया, पूल बी में पुरवा, हिलौली, सिकंदरपुर कर्ण, और गंजमुरादाबाद, पूल सी में सिकंदरपुर सरोसी, मियागंज, बीघापुर, और सुमेरपुर और पूल डी में एफ84, औरास, हसनगंज, और नवाबगंज होंगे। कार्यक्रम में बीएसए संगीता सिंह, बीईओ मनींद्र कुमार, संजय यादव, संजय शुक्ला, देवेंद्र कुमार और देवेंद्र सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका निशा सिंह तोमर सहित अनुराग, नितिन, शशांक, विक्रम, दीपक, ऋषभ आदि उपस्थित रहे।

# ठंड से निजात दिलाने को ग्राम प्रधान ने बांटे कंबल

- कंबल पाकर विकलांग, निराश्रित गरीब महिलाओं के चेहरे पर दिखी खुशी



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। कड़ाके की पड़ रही ठंड से निजात दिलाने के लिए समाज के दबे कुचले, विकलांग, निराश्रित गरीब महिलाओं को ग्राम प्रधान पाटन द्वारा कंबल वितरण किया गया। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान दिखी।

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन कस्बा में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम प्रधान स्वेता पटेल व प्रधान प्रतिनिधि की माँ श्यामा देवी द्वारा हजारों निराश्रितों को पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच कम्बल का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत पाटन के ग्राम व कस्बा पाटन ,तकिया, अहिरन खेड़ा, बाबा देवकी महिलाओं ने ब्रह्म देवखेड़ा, ठाकुर जीवन खेड़ा, स्टेशन,जैसे गावो से आयी बड़ी संख्या में निराश्रित मातृ शक्तियों को चाय व भोजन की भी व्यवस्था ग्राम प्रधान के आयोजन से की गई।

लोगों ने ग्राम प्रधान के इस उदारता पूर्ण कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप चैधरी ने कहा कि समाज सेवा से बढ़कर कोई धर्म व कार्य नही है। लोगो को समाज के दबे कुचले व शोषित लोगों की राजनीति से ऊपर उठकर मदद व सहयोग के लिए आगे आना चाहिए ऐसे मौसम में यह सेवा लोंगो के जीवन में संजीवनी का कार्य करती है जो लोंगो लिए प्रेरणा देने का कार्य करती है। इस मौके अनूप श्रीवास्तव, महेश तिवारी, संतोष तिवारी, विमल श्रीवास्तव, गामा चैधरी, गंगा विष्णु चौधरी, अजय चौरसिया, मुन्ना पंडित, रमेश चंद्र तिवारी, आयुष अवस्थी व अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यकम का संचालन त्रिलोक चंद्र गुप्ता ने किया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप चौधरी ने समाज की सेवा का संकल्प लिया है। बता दें कि दो पंचवर्षीय कार्यकाल से ही अनवरत समाज की सेवा में लगकर अपनी उदारता का परिचय दे रहे। राजनीति के साथ समाजसेवा दायित्व उनके जीवन का एक हिस्सा बन चुका है जिसका वह निर्वहन कर रहे हैं। वही ग्राम सभा की जनता उनकी प्रसंशा करती नही थक रही है।

## पुण्यतिथि पर राजेंद्र गुप्त को दी श्रद्धांजलि



सीतापुर। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र गुप्ता की पुण्य तिथि पर पड़ाव स्थित कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। विधायकों, संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और विचार व्यक्त किए इस मौके पर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, भाजपा के की निवर्तमान जिलाध्यक्ष आचिन मेहरोत्रा, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, प्रधान संघ के अध्यक्ष अवधेश कटियार ने स्वर्गीय राजेन्द्र गुप्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि राजेंद्र गुप्त जैसा व्यक्तित्व सदियों में कभी-कभी ही उभरता है। कार्यकताओं को संगठन के गुण बताकर उन्हें सदा संगठन के लिए कार्य करने के लिये प्रेरित करते रहते थे। वह सच्चे जन हितैषी थे और सदैव समाज के लिए सोचते थे। विकास के लिए वह सदैव प्रयत्नशील रहे। खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि राजेंद्र गुप्त प्रदेश की राजनीति में सीतापुर की पहचान थे। एक समय था जब उन्ही से सीतापुर की राजनीति शुरू होती थी और उन्हीं से खत्म। स्वर्गीय राजेंद्र गुप्त प्रखर राजनीतिज्ञ, कुशल संगठनकर्ता, राजनीतिक मामलों के मर्मज्ञ और विशाल हृदय के व्यक्ति थे। सीतापुर को अपनी कर्मभूमि बनाई। देश स्तर पर उन्होंने जिले की पहचान बनाई। उन्होंने सदैव पार्टी कार्यकताओं के मान सम्मान को आगे रखा। इस मौके के पर भाजपा जिला महामंत्री रमेश भार्गव दीपू, भाजयुमो के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, सत्य प्रकाश मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष राजन गुप्ता, विवेक विश्वकर्मा आदि ने स्वर्गीय राजेंद्र गुप्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एसपीने स्टार लगाकर पदोन्नति हुए पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित



सीतापुर। मुख्य आरक्षित पद से आठ पुलिस कर्मियों के पदोन्नति सहायक उप निरीक्षक पद पर हुई है। यह सभी कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात थे। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने स्टार लगाकर पदोन्नति हुए पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है। पदोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों में किशोर चंद्र पाराशर, सौरभ श्रीवास्तव, योगेश चंद, सुमित कुमार शर्मा, सुमित शर्मा, सचिन कुमार, अमितेश कुमार, पुनीत वर्मा शामिल है।

## हाड़कंपाऊ सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, आग ताप रहे लोग



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। इन दिनों पड़ रही हाड़ कपाऊ सर्दी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जाड़े से बचने के लिए लोग निजी संसाधनों से अलाव जलाकर सर्दी से अपना बचाव कर रहे हैं। मंगलवार को चली बर्फीली हवा ने लोगों को हिला कर रख दिया है। भोर सुबह से चल रही हवा तथा गलन भरी सर्दी से शरीर पर पहने कपड़े भी निजात नहीं दिला पा रहे थे। लोगों की दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो गई है। क्षेत्र के गांवों की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। इस संबंध में किसी की जिम्मेदारी तय न होने के कारण ग्रामीण निजी संसाधनों से और जंगलों से लकड़ियाँ बीनकर सर्दी से छुटकारा पाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशासन के जिम्मेदार भी गाँव के लोगों को अपने हाल पर छोड़े हैं।

## हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल,घटना में प्रयुक्त बांका किया बरामद



महमूदाबाद/सीतापुर। पत्नी से अवैध संबंध व पूरानी जमीनी रंजिश के चलते सदरपुर के घरथरी चौराहे पर युवक की बांके से हमलाकर हत्या की गई थी। छानबीन के बाद घटना के 25वें दिन पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांका बरामद कर लिया है।

मालूम हो कि 14ध15 दिसंबर की रात सदरपुर के घरथरी चौराहा स्थित घर के बरामदे में सो रहे पट्टीपुरवा धरमपुर के आरिफ (38) पुत्र अय्यूब की बांके से हमलाकर हत्या कर दी गई थी। केस दर्जकर पुलिस की तीन टीमें व एसओजी टीम घटना के खुलासे के लिए सीओ के नेतृत्व में लगातार प्रयासरत थी। मुखबिर की सूचना प्रभारी निरीक्षक सदरपुर मुकुल प्रकाश वर्मा, मुख्य आरक्षी राजेश यादव, आरक्षी हरेंद्र, भूरासिंह की टीम ने मंगलवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे पोखराकलां में घरथरी मोड़ पर संदिग्धों की चेकिंग शुरू की तो सामने से एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा टोंकने पर युवक भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मूल निवासी रेउसा के भिठना फर्द हालपता पट्टीपुरवा धरमपुर के हकीक पुत्र करमुद्दीनबताया। सख्ती से पूछताछ करने पर युवक ने 14/ 15 दिसंबर की रात घरथरी चौराहे पर आरिफ की बांके से हमलाकर हत्या करना स्वीकार कर लिया। हकीक ने बताया कि उसे शक था कि मृतक उसकी पत्नी से अवैध संबंध थे तथा 14 दिसंबर को खेत की जुताई को लेकर उसका मृतक से विवद भी हुआ था। इसी के बाद उसने आरिफ को मौत के घाट उतारने का योजना बना डाली और रात में मौका मिलने पर उसने घटना को अंजाम दे डाला। आरिफ की निशानेही पर पुलिस पर घटना में प्रयुक्त बांका भी बरामद कर लिया और हत्याभियुक्त हकीक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## कार में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर जा रहे चार लोंग गिरफ्तार

सीतापुर। थाना हरगांव पुलिस टीम ने हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर के निकट रेलवे क्रॉसिंग पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक कार में सवार लखीमपुर खीरी जिले के पढ़वा थाना क्षेत्र के ग्राम सुठियाना निवासी आवान अली पुत्र अशफाक अली, खालिद पुत्र इंतजार खां, अतीक खा पुत्र सफीक खां व लखीमपुर खीरी जिले के निघासन थाना क्षेत्र के ग्राम मिजागंज निवासी हकीउल्ला पुत्र करमुल्ला को गिरफ्तार किया ।पुलिस का कहना है कि जिस कर पर वे सवार थे, उस कार पर फर्जी नम्बर प्लेट लगी थी। कार में 3 नम्बर प्लेट व 6 मोबाइल फोन बरामद किये गए हैं। पुलिस का कहना है कि ये चारों लोग मिलकर कार पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर व्यापारियों को फंसाते और ठगी करते हैं। इसी काम से ये चारो लोग लखनऊ से वापस आ रहे थे। कार पर फर्जी नम्बर प्लेट होने के कारण पुलिस द्वारा रोके जाने पर भी कार को नहीं रोका था। पकड़े गये व्यक्तियो द्वारा सामूहिक रूप से एक राय होकर कार पर झूठा, कूटरचित नम्बर प्लेट फर्जी जानते हुए असली के रूप मे छद्म रूप से धोखाधड़ी हेतु प्रयोग किया गया है। पकडे गये उक्त व्यक्तियो के विरुद्ध मु.अ.सं. 07/2025 धारा 3(5)/318(4)/319(2)/336(3)/338/340(2) बीएनएस पंजीकृत कर चालान न्यायालय में किया गया।

## लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहता है शहीदः शिव प्रताप शुक्ला

- अमर शहीद चंद्रशेखरआजाद ने आजादी की तस्वीर को दिया था मूर्त रूप
- तीन दिवसीय बदरका मेले का शुभारंभ



उन्नाव। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की में आयोजित तीन दिवसीय बदरका मेले में राज्यपाल हिमांचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ला द्वारा सांसद डॉ. स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज की उपस्थिति में आजाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सांसद राज्यसभा डॉ. अशोक बाजपेयी की सांसद निधि से निर्मित शहीद चन्द्रशेखर आजाद के पैतृक गृह का जीर्णोद्धार का लोकार्पण व शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में शिरकत करते हुए राज्यपाल ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के कालजयी पुरोधा शहीद-ए-वतन चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद कभी स्वर्गीय नहीं होता है, शहीद लोगों के हृदय में सदा के लिए जिन्दा रहता है। अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद का अदम्य साहस एवं उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को उत्साहित करने का काम करता रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद आजाद ने स्वतंत्रता के लिए तरस रही तस्वीर को मूर्त रूप एवं आकार देने का काम किया था। चन्द्रशेखर आजाद का साहस और धैर्य अद्‌भुत था। उन्होंने कहा था कि मैं आजाद हूं और मैं आजाद ही रहूंगा। चन्द्रशेखर आजाद ने अपना सर्वोच्च बलिदान करके ग्राम बदरका एवं जनपद उन्नाव का नाम देश व पूरी दुनिया में रोशन किया है। उन्होने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में हम सबके द्वारा तन-मन से सहयोग करना भी आजाद के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, आल्हा गायन, बच्चों के देशभक्ति गीत, मनमोहक नृत्य/नाटक, झांकियां, स्वागत गीत आदि की प्रस्तुतियां दी गयी। इस अवसर पर आजाद को श्रद्धान्जलि देते हुए सांसद, जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह, स्थानीय विधायक आशुतोष शुक्ला एवं विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियार ने भी सरकार द्वारा किये जा रहे जन कल्याणकारी कार्यक्रमों से जन सामान्य को परिचित कराया और कहा कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा त्रिदिवसीय विकास प्रदर्शनी लगायी गयी है जो लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं, वे इस प्रदर्शनी के माध्यम से लाभान्वित हो सकते है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, प्रतिनिधि शशांक शेखर सनी, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर सोनम सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजेश शुक्ला, मेला समिति के पदाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। तहसील सभागार में मंगलवार को नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह एल्डस्स कमेटी के अध्यक्ष



रामाश्रय अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश, सदस्य बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश अजय शुक्ला ने कहा कि बार-बार बेंच में सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। छोटी सी तहसील से कार्य शुरू करके आपके सहयोग से बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश में पहुंचा हूं। मैं आप लोगों के कार्य के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2014 से पहले अधिवक्ताओं को 5 हजार का अनुदान मिलता था मेरे प्रयासों से तत्कालीन सरकार ने एडवोकेट जनरल एसपी गुप्ता को बर्खास्त कर 5 हजार से बढ़कर 500000 की योजना चालू की गई। उन्होंने महोली बार एसोसिएशन के भवन के पत्राचार किए जाने की बात कही वहीं लाइब्रेरी के लिए पुस्तके उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया। बार एसोसिएशन सीतापुर अध्यक्ष विजय अवस्थी ने कहा कि अधिवक्ता हितों के लिए बार एसोसिएशन को सदैव तत्पर रहना चाहिए। किसी अधिवक्ता के सामने किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उसके लिए मैं सदैव संघर्ष के लिए तैयार रहूंगा।

वादिकारी हितों के लिए अधिवक्ताओं को निष्पक्ष कार्य करना प्राथमिकता में होना चाहिए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा व महासचिव जगजीवन भारती ने आए हुए अतिथियों व अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ता हित के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इसके पूर्व अधिवक्ता अभय मिश्रा, अंकित पांडे, अमरपाल सिंह, संदीप सिंह, नीरज मिश्रा, भूपेंद्र दीक्षित ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया वहीं मुख्य अतिथ अजय शुक्ला ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी व सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अध्यक्ष रामाश्रय अवस्थी ने आभार व्यक्त करते हुए समापन की घोषणा की। इस दौरान उप जिलाधिकारी शशी बिंदु द्विवेदी व तहसील के अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन तहसील महोली की कार्यकारिणी

महोली/सीतापरु। अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा महासचिव- जगजीवन भारती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- विष्णु दयाल, कोषाध्यक्ष-कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष- 10 वर्ष से अधिक रामाधार वर्मा, संदीप सिंह, ऑडिटर- अमित सिंह, उपाध्यक्ष- अभय कुमार सिंह, अमरपाल सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन- अरशद खान,संयुक्त सचिव प्रकाशन-अंकित कुमार पांडे, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी- ऋषभ कटियार, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य- मुंशी राम, अखिलेश यादव, सुनील प्रताप सिंह, गौरव बाजपेई, प्रवीण श्रीवास्तव, अकरम खान, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य- प्रशांत वैश्य, शारिफ हुसैन, संदीप कुमार दीक्षित, दीपक यादव, अवनीश भास्कर, पदेन सदस्य- पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित, पूर्व महासचिव नीरज मिश्रा।

संक्षेप

## बैरियरों पर वाहनों की सघन चेकिंग

बांदा। आगामी गणतंत्र दिवस समारोह और महाकुंभ को देखते हुए शासन एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अंतर्राज्यीय बैरियरों में सघन रूप से चेकिंग की जा रही है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जिले के थाना मटौंध, गिरवां, नरैनी, फतेहगंज और कालिंजर मध्य प्रदेश की सीमा से लगे हुए हैं। इन क्षेत्रों में अंतर्राज्यीय बैरियरों पर सघन चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा अंतर्जनपदीय बैरियरों पर भी वाहनों की सघन रूप से चेकिंग जारी है। जिले में विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर 6 कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी पद में शामिल हुए हैं। पुलिस कार्यालय में एसपी ने स्टार लगाकर एवं मुह मीठा कराकर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## अजीत कुमार बनाये गये मंडलायुक्त

बांदा। शासन ने चित्रकूट धाम मंडल में नये आयुक्त की तैनाती की है। सचिव कृषि विभाग रहे अजीत कुमार को यहां मंडलायुक्त बनाया गया है। यहां तैनात रहे बालकृष्ण त्रिपाठी को आयुक्त विंध्यांचन मंडल में तैनाती दी गयी है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि नवागंतुक मंडलायुक्त अजीत कुमार के शीघ्र ही यहां पदभार ग्रहण करने की संभावना है।

## नकब लगाकर सर्राफा दुकान में चोरी

देवरनिया, बरेली। अज्ञात चोरों ने कोतवाली देवरनिया को चुनौती देते हुए सेमीखेड़ा-बरौर रोड किनारे भोपतपुर पर स्थित एक सरार्फा से सामान चोरी कर लिया है। पास में ही पुलिस पिकैट रहती है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सर्दी का सितम शुरू होते ही चोर भी सक्रिय हो गए हैं। कोतवाली देवरनिया अंर्तगत सेमीखेड़ा-बरौर रोड पर भोपतपुर अड्डे पर गांव खडारामनगर निवासी कान्ता प्रसाद की सोने-चांदी की दुकान है। पांच जनवरी की ? रात अज्ञात चोरों ने दुकान में ? नकब लगाकर चोरी कर ली। अगले दिन सुबह पीड़ित को चोरी की सूचना मिली। पीड़ित के अनुसार अज्ञात चोर दुकान से चांदी के दस जोड़ी बिछुआ, अंगुठियां, पायल और कुछ घड़ियां चोरी हुई हैं। इसके अलावा सिलाई का सामान बटन, चैन, हुक, सुई भी चोरी हुई है। घटना स्थल के पास ही बैंक पर पुलिस पिकैट रहती है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा का कहना है कि ? चोरी का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को

ललितपुर। दैलवारा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य हुपेन्द्र शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु जिले के 08 केन्द्रों पर जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 को सुबह 11.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे तक संबंधित केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी, जिस हेतु आवेदित अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडॉट नवोदयाडॉटजीओवीडॉटइन से डाउनलोड करें। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र के साथ साथ अपना एक पहचान पत्र (आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, सरकार द्वारा सत्यापित फोटो पहचान पत्र), नीला, काला बॉल पेन ले कर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर 10.30 बजे (11.30 से पहले) तक पहुँचाना सुनिश्चित करें। किसी भी अभ्यार्थी को 11.30 के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

## 14 जनवरी तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

ललितपुर। जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निदेशांनुक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों को शीतलहर व कड़ाके की ठण्ड से बचाव हेतु जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 14 जनवरी 2025 तक अवकाश घोषित किया जाता है। इस अवधि में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नही होगी, परन्तु समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्रों पर उपस्थित रहते हुए पोषण ट्रेकर एप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों का पोषण ट्रैकर एप पर रजिस्ट्रेशन, ड्राई राशन वितरण, वजन तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यो का निष्पादन पूर्व की भांति किया जायेगा।

# एसपी ने निर्माणाधीन पुलिस चौकी का किया निरीक्षण

## बानपुर क्षेत्रांतर्गत पैदल गश्त कर, आमजन मानस में सुरक्षा का भाव किया गया जागृत



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना बानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे, हवालात आदि का निरीक्षण कर सम्पूर्ण परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एव कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। थाना प्रभारी बानपुर को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शतप्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये एवं थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमीनी संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चैराहों ,सरार्फा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पर पिकेट लगाने व पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आगामी त्यौहारों मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस आदि को दृष्टिगत रखते हुये थाना प्रभारी बानपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसपी ने थाना पर उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों से समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी एवं सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तत्पश्चात एसपी ने निमार्णाधीन कस्बा बानपुर पुलिस चैकी का भौतिक निरीक्षण कर, संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने थाना बानपुर क्षेत्रातंर्गत पैदल गस्त कर, व्यापारियों व आमजनमानस से संवाद कर कस्बा क्षेत्र में अपनी-अपनी प्रतिष्ठानों, दुकानों, मकानों पर कैमरा लगवाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही थाना प्रभारी को सड़क, रास्तों के किनारे, अतिक्रमण को हटाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। थाना क्षेत्र में तैनात पीआरवी को चेक कर कुशलक्षेम पूछकर, इवेन्ट प्राप्त होने पर निर्धारित समय पर पहुँचने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फरार्टे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना बानपुर में तैनात उप निरीक्षक विकास कुमार को विवेचना कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर एसपी मो.मुश्ताक ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही प्रचलित किये जाने के निर्देश जारी किये हैं।

# संविधान मूल्यों को लोगों तक पहुंचाने को भाजपा चलायेगी अभियान



बांदा। संविधान में निहित मूल्यों को लोगों तक पहुंचाने को लेकर भाजपा संविधान गौरव अभियान चलाएगी। जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को संविधान गौरव अभियान को लेकर महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला की शुरूआत हुई, इसमें अभियान की कार्य योजना बताई गयी। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान के तहत 11 से 25 जनवरी के बीच जिला केन्द्र में अनुसूचित मोर्चा हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान पर गोष्ठी आयोजित करेगा। 15 से 25 जनवरी तक स्कूल, कालेज, विश्व विद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में इस बारे में क्विज, निबंध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार अभियान के तहत पार्टी 6 वृहद कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा कार्यकर्ता प्रतिबद्धता के साथ पार्टी कार्यक्रमों में लगातार भाग लेते हैं। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। कहा कि जिन्होने हमेशा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर व भारतीय संविधान का अपमान किया है। वही लोग आज संविधान बचाओ का स्वांग रचते हुए देश की जनता को लगातार बरगलाने का कार्य कर रहे हैं। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अपेक्षित पदाधिकारियों का वृत्त लेते हुए कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जिसने बाबा साहब से जुड़े महत्वपूर्ण 5 स्थानों को पंचतीर्थ घोषित कर उनको ऐतिहासिक तथा दार्शनिक रूप से विकसित किया है। कार्यशाला में पूर्व विधायक राजकरन कबीर, ब्लाक प्रमुख कमासिन रावेन्द्र गर्ग, जसपुरा प्रमुख प्रतिनिधि महेश निषाद, तिंदवारी प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह, बबेरू चेयरमैन विवेकानंद गुप्ता, अतर्रा चेयरमैन संगीता निराला, जिला मंत्री रागिनी शिवहरे व बड़ी संख्या में पार्टी नेता मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री और अभियान के जिला संयोजक अखिलेश नाथ दीक्षित ने किया।

# देवगढ़ में किया गया कम्बल का वितरण



ललितपुर। लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर एवं देवगढ़ मैनेजिंग दिगम्बर जैन कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में एवं उप मंडलाध्यक्ष प्रथम एम जे एफ लॉ सन्मति सर्राफ के मुख्य आतिथ्य में, श्री देवालय अतिशय तीर्थ क्षेत्र, देवगढ़ की तलहटी में स्थित धर्मशाला में, जरूरत मंद लोगों को पुराने वस्त्र, कम्बल तथा नई साड़ियां एवं बच्चों के कपड़ों का वितरण किया गया। तत्पश्चात लायन्स क्लब ललितपुर ग्रेटर के सदस्यों द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य पर श्री देवगढ़ मंदिर का दर्शन के पश्चात, जंगल में बेतवा नदी के तट पर स्थित नाहर घाटी, सिद्ध घाटी, सिद्ध गुफा आदि का भ्रमण करते हुए, बेतवा नदी में नौकायन का आनन्द के साथ ही जंगल का भ्रमण किया गया। साथ ही शाम को होने वाले आरती में सभी लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से श्री देवालय अतिशय तीर्थ क्षेत्र देवगढ़ मन्दिर के मैनेजिंग कमेटी के संजीव जैन, उप मंडलाध्यक प्रथम एम जे एफ लॉ सन्मति सर्राफ, लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर के अध्यक्ष लॉ डी एस विवेक एडवोकेट, सचिव एम जे एफ लॉ दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लॉ सुधीर कुमार मिश्रा, लॉ कैलाश अग्रवाल, सुरेश बाबू जैन, जितेन्द्र अग्रवाल, सर्वेश जैन, अनिल जैन रसिया, कपिल जैन मोपेड मित्र, प्रदीप जैन आदिनाथ, गायत्री अग्रवाल, मीना मिश्रा, खुशबू जैन, उपासना जैन, दीप्ति जैन, ऋतु जैन आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# डीएम ने देखा बावड़ी का जीर्णोद्धार

ललितपुर। नगर के सुंदरीकरण हेतु विभिन्न विकासपरक कार्य कराये जा रहे हैं। जिनमें जनपद के प्राचीन जलस्त्रोतो का पुनरोद्धार कार्य, अतिक्रमण से मुक्ति, नगर में जनसुविधाओं के डिजीटाईजेशन व जीसीपी के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि पर सीसीटीवी की पैनी नजर प्रमुख कार्य हैं। इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि जनपद का विकास त्वरित गति से कराया जाये, यदि इसमें कोई बाधा उत्पन्न करता है तो उसके सख्ती से निपटा जाएगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने नगर में भ्रमण कर उक्त कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने नगर क्षेत्र में चल रहे प्राचीन जलस्त्रोतों के पुनरोद्धार कार्य का जायजा लिया, उन्होंने वार्ड नं0-6 स्थित चैहान बावड़ी निरीक्षण किया। मौके पर निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया। बताया गया कि जनपद में जिलाधिकारी के निर्देशन में जल संरक्षण एवं प्राचीन जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के क्रम में जनपद के प्राचीन कुओं एवं बावड़ियों के पुनर्जीवन, पुनरुद्धार का कार्य चल रहा है। नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में 29 जल स्त्रोतों को पुनरोद्धार हेतु चिन्हित किया गया है, जिनमे 26 कुएं व 3 प्राचीन बावड़ियां शामिल है, इनमें से 5 कुओं और 2 बावड़ियों के पुनरुद्धार हेतु नगर पालिका द्वारा टेंडर निकालकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, 6 जलस्त्रोतों पर कन्स्ट्रक्शन वर्क पूर्ण है व सभी पर छात्र-छात्राओं के द्वारा वॉल पेन्टिंग का कार्य चल रहा है, जो जल्द ही पूर्ण हो जाएगा, इसके बाद शेष जलस्त्रोतों के पुनरोद्धार का भी टेण्डर कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर शेष जलस्त्रोतों के सम्बंध में कार्यवाही करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने नगर पालिका द्वारा संचालित सुपर मार्केट स्थित निमार्णाधीन गवर्मेन्ट कैपिटल प्लेटफॉर्म (जीसीपी) का भी निरीक्षण किया, उन्होंने निर्माण की प्रगति जानते हुए कार्य पूर्ण कराकर संचालन शुरू करने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया। मौके पर बताया गया कि सभी सार्वजनिक स्थलों व चिन्हित स्थलों पर कैमरे लगाये गए हैं जिन्हें जीसीपी से कण्ट्रोल किया जाएगा, इससे जनपद में एक पब्लिक एड्रेस नेटवर्क बनेगा, साथ ही इसमें कचरा प्रबंधन, एफएसएसएम वाहनों की ट्रेकिंग, जनशिकायतों की सुनवाई व निस्तारण, टोलफ्री नम्बर 1533 व 14420 का संचालन किया जाएगा।

# 50 हजार की रिश्वत में दरोगा गिरफ्तार

बरेली। भ्रष्ट अधिकारी योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे। ताजा मामला देहात के थाना बहेड़ी का है, जहाँ एंटी करप्शन टीम ने भुड़िया कॉलोनी चौकी पर तैनात दारोगा दीपचंद को पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उसने पक्ष के लोगों को हड़काकर गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर पचास हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन टीम प्रभारी जितेंद्र सिंह के मुताबिक शिकायतकर्ता जीशान मलिक पुत्र इश्तियाक अहमद निवासी किच्छा (उत्तराखंड) ने उनके यहां दारोगा दीपचंद द्वारा उसके रिश्तेदारों को गिरफ़्तार न किए जाने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद एंटीकरप्शन की टीम गठित कर दारोगा को ट्रैप करने के लिए टीम ने तैयारी की। टीम ने सबसे पहले किच्छा पहुंचकर जीशान को साथ लिया फिर पचास हजार रुपये के नोटों पर पाउडर लगाकर शिकायतकर्ता को दे दिया। जीशान ने भुड़िया कॉलोनी जाकर एसआई दीपचंद को 50 हजार रुपए दे दी। नोट गिनने के दौरान टीम ने दारोगा को पकड़ लिया।

# मकर संक्रांति व नटबली बाबा मेला को लेकर हुई बैठक

बांदा। मकर संक्रांति पर भूरागढ़ दुर्ग एवं नटबली बाबा मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी की मौजूदगी में हुई। डीएम के निर्देश पर आयोजित बैठक में सीडीओ ने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर एवं उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि मेला स्थल का पहले से निरीक्षण कर लिया जाए तथा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाए। बांदा-महोबा राजमार्ग पर वाहनों से लगने वाले जाम को नियंत्रित करने एवं राजमार्ग में दुकानों, ठेलों को लगाए जाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के बारे में यातायात प्रशासन व पुलिस विभाग को निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मकर संक्रांति पर केन नदी में माताओं, बहनों व श्रद्धालुओं के स्नान स्थल पर एवं महिलाओं के स्नान के बाद कपड़े बदलने आदि के लिए पहले की तरह टेंट की व्यवस्था केन घाटों में नगर पालिका परिषद कराएगी। इसके अलावा नगर पालिका नटबली महोत्सव में 8 सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था भी कराएगी। मेला परिसर में तैनात किए गये सफाई कर्मी परिचय पित्र पहनकर निर्धारित ड्रेस में ही कार्य करें। उन्होने मेला परिसर एवं कूड़े के उठान और मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था के लिए ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सूबेदार मेजर दयाशंकर तिवारी, कैप्टन श्यामबाबू सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों की खड़ी फसल उजाड़ने पर बालू माफिया आमादा

बांदा। बालू माफियाओं की दबंगई थमने का नाम नही ले रही। शहर के मुहल्ला मर्दननका निवासी वहीद खां पुत्र चांद खां, अनीश खां, इकबाल खां व शहीद खां ने खनिज अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया है कि उनकी पैत्रक जमीन निहालपुर अंश श्योंढ़ा तहसील नरैनी में है जिस पर वह खेती करते हैं। उनके रकबे की पैमाइश व पथरगड्डी राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर वर्ष 2010 में की थी। जिस पर वह सभी आज भी कायम हैं। उनके रकबे में कोई रास्ता नही है। मौके पर सरसों की फसल खड़ी है केन नदी की ओर उनके नंबर के बाद के खेत भी हैं। इन पर भी फसल खड़ी है इसके बाद के खेतों के नीचे बालू होने की संभावना के चलते कुछ खनन ठेकेदारों ने खनिज विभाग के कर्मचारियों से सांठ-गांठ कर उनके बोए खेत पर सरसों की फसल में बीच में खंभे गाड़ दिए हैं और उनकी नियति खड़ी फसलों को उजाड़कर खेत बर्बाद करने की है। शिकायतकताओं ने कहा है कि पूर्व में तहसीलदार नरैनी, कानूनगो और लेखपाल ने पैमाइश करने के बाद सीमांकन कराया था। इसकी प्रति भी उन्होने खनिज अधिकारी को दी है। किसानों ने खान अधिकारी व जिलाधिकारी से मांग की है कि वह कर्मचारियों को यह निर्देश दें कि उनके खेतों में जबरन हस्तक्षेप न किया जाए और बालू माफियाओं की सांठ-गांठ से खेतों की खड़ी फसल न उजाड़ी जाए। किसानों ने यह भी बताया कि उन्होने बीते 29 व 31 दिसंबर को जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही की गयी। बालू ठेकेदार के गुर्गे बटाईदार को फसल काटने की धमकी दे रहे हैं।

# नवविवाहिता की गला घोंटकर हत्या

## आरोपी पति मौके से गिरफ्तार



बिजनौर। एक व्यक्ति ने अपनी नवविवाहित पत्नी की दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर डाली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार थाना धामपुर क्षेत्र के जैतरा निवासी तरन्नुम (24 वर्ष) की शादी एक माह पूर्व 07 दिसम्बर 2024 को पुराना धामपुर में शुऐब पुत्र मौ0 अनीस के साथ हुई थी। दहेज के लालच शुऐब ने अपनी पत्नी तरन्नुम की गला घोटकर हत्या कर दी। आरोप है कि शुऐब शादी के बाद से ही और अधिक दहेज की मांग करने लगा था। मांग पूरी न होने पर सोमवार की देर रात आरोपी ने अपनी पत्नी तरन्नुम की दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक विवाहिता की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने मृतका के आरोपी पति को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

# मारपीट के मुकदमे में फरार चल रहे तीन आरोपियों को भेजा जेल



नगीना, बिजनौर। घर में घुसकर पीड़िता के छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के मुकदमें में पिछले दस माह से फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगीना थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 06 मार्च 2024 को पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी थी कि आरोपी साहिल व गुलजार पुत्रगण सलीम तथा शुएब पुत्र शरीफ अहमद निवासीगण मौ0 साहूवान मनिहारी सराय कस्बा व थाना नगीना द्वारा पीड़िता के घर में घुसकर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की व आरोपी गुलजार ने पीड़िता के ऊपर धारदार हथियार से हमला किया तथा आरोपियों ने पीड़िता व उसकी बहन के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। नगीना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी तभी से फरार चल रहे थे। पुलिस टीम के उप निरीक्षक सुभाष तोमर व आरक्षी अंकित ने बीते दिन मुकदमें में फरार चल रहे तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंकने वाला किशोर बोला अंकल माफ कर दो गलती हो गई



बिजनौर। पुलिस ने वंदे भारत ट्रेन के शीशे पर पत्थर मारने वाले को आरोपी की पहचान के बाद हिरासत में ले लिया है। नजीबाबाद से देहरादून के लिए रवाना होने के बाद फजलपुर के बीच 28 दिसंबर को ट्रेन पर शरारती तत्व ने पत्थर मारा था। नजीबाबाद से देहरादून के लिए रवाना होने के बाद 28 दिसंबर को फजलपुर के बीच पत्थर लगने से ट्रेन के सी-1 कोच के 23-24 सीट का शीशा चटक गया था। वंदे भारत ट्रेन को लखनऊ से लेकर आ रहे टीटी प्रेमशंकर सरोज ने वंदे भारत की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज सहित नजीबाबाद आरपीएफ को घटना की सूचना दी। कंट्रोल रूम की सूचना और वंदे भारत ट्रेन की फुटेज के आधार पर शरारती किशोर की पहचान की गई। फुटेज के आधार पर वंदे भारत ट्रेन के शीशे पर पत्थर मारने वाले जलालाबाद के प्रेमनगर निवासी (14 वर्षीय) किशोर को आरपीएफ ने हिरासत में ले लिया। किशोर बोला, अंकल माफ कर दो गलती हो गई पकड़े जाने पर किशोर बोला, अंकल माफ कर दो गलती हो गई। आरपीएफ ने बाल अपराधी होने के कारण किशोर को जमानत पर छोड़ दिया है।

# भाजपा नेता का बयान उनकी सोच : तौकीर आलम




बरेली। प्रदेश में कांग्रेस के नए संगठन के निर्माण के लिए इन दिनों पूरे प्रदेश में सृजन अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को रोटरी भवन चौपला रोड पर कांग्रेस संगठन सृजन की बैठक हुई। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी तौकीर आलम उपस्थित रहे। संगठन के निर्माण के लिए उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस जनों से राय जानी। उन्होंने हर पदाधिकारी से अलग-अलग मुलाकात भी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तौकीर आलम ने कहा कि भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के आपत्तिजनक बयान की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। भाजपा और आरएसएस हमेशा से महिला विरोधी रही हैं। समय-समय पर वह अपनी मानसिकता को उजगार करते रहते हैं। रमेश बिधूडी जैसे नेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इसका जवाब देगा।

उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटियां बीते दिनों भंग कर दी गई थीं। जिला और शहर अध्यक्षों को कार्यवाहक के रूप में कार्य करने की अनुमति प्रदान करी गई थी। अब बहुत तेजी के साथ नए संगठन निर्माण के लिए संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नए संगठन के निर्माण से पूर्व हर जिले में कांग्रेस जनों से मुलाकात कर उनकी बात सुनी जा रही है। उसके बाद हाई कमान फैसला लेगा। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। समय-समय पर संगठन में भी बदलाव होता रहता है। हर एक पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्षों से लेकर कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता पूरे तन-मन-धन से कांग्रेस पार्टी के लिए लगा रहता है। आगे भी वह इसी मेहनत के साथ कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचती रहेगी। हम सभी लोगों को एकजुट होकर काम करना है। प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उपेक्षा युवाओं की हो रही है।

आज पूरे देश और प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। भाजपा सिर्फ सपने दिखा रही है। नौजवानों में हताशा और निराशा है। डिग्रियां लेकर युवा भटक रहे हैं, जबकि चुनाव से पूर्व भाजपा ने बड़े-बड़े वादे किए थे। हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा युवाओं से किया था। वो हवा-हवाई साबित हुआ। इसका परिणाम आने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में दिखाई देगा।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केबी त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली में होने जा रहा विधानसभा चुनाव मील का पत्थर साबित होगा। वहां पर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इसका असर पूरे देश में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि संगठन पूरी क्षमता के साथ जिला बरेली में कार्य कर रहा है और अब नए संगठन में जिन-जिन को भी जिम्मेदारी मिलेगी वह भी पूरी ईमानदारी के साथ काम करेंगे। कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियां पारदर्शी रही हैं।

कांग्रेस पार्टी और संगठन ने जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, प्रदेश सचिव जनपद प्रभारी अजीत यादव, कार्यवाहक जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, पूर्व चेयरमैन मीरगंज इलियास अंसारी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कृष्णकांत शर्मा, जिया उर रहमान, राजन उपाध्याय, सादिक अंसारी, तबरेज खान, हेमेंद्र शर्मा, दिनेश दद्दा, कमरुद्दीन सैफी, मुकेश बाल्मीकि, मोईद सिद्दीकी, रियाजुल प्रधान, यूसुफ नन्हे, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# एचएमपीवी के लक्षण भी कोविड-19 जैसे सावधानी बरतने से ही बचाव संभव : सीएमओ

बिजनौर। चीन में एचएमपीवी तेजी से फैल रहे वायरस के बाद भारत में भी इसके कई नए मामले सामने आने से जिले का स्वास्थ्य विभाग एचएमपीवी वायरस को लेकर सतर्क हो गया है। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) टीम को निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। चीन में तेजी से फैल रहे ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस के संक्रमण के लक्षण भी कोविड-19 के जैसे ही हैं। पिछले दो तीन दिनों भारत में कई जगह इस वायरस की अधिकारिक तौर पर पुष्टि हुई है। जबकि इससे पहले सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को वायरस के बारे में बता दिया था। अधिकारियों को वायरस की प्रकृति, जांच, बचाव की जानकारी भी दी गई थी। बिजनौर में अभी इस वायरस का कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन उसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है। हाथ धोए बिना मुंह और नाक को छूने से बचें, संक्रमण में आए लोगों से दो गज की दूरी बनाकर रखें, सार्वजनिक स्थानों पर जाते वक्त मास्क लगाकर निकलें, इस वायरस से बचने के लिए समय-समय पर हाथ धोएं, अगर आपके पास कोई छींक रहा है तो अपना मुंह ढककर रखें, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि एचएमपीवी के लक्षण भी कोविड-19 जैसे हैं।

# कोरोना की भयावह यादें

चीन के शहर वुहान और फिर तेजी के साथ पूरी दुनिया में जिस तरह कोराना वायरस फैला, उसकी भयावह यादें ताजा हैं। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान दुनिया के तमाम देशों में बारी-बारी से वायरस का जो डरावना और हृदय विदारक मंजर सामने आया, उसे भूलना किसी भी व्यक्ति के लिए संभव नहीं है। इसलिए जब भी किसी नये वायरस की खबरें आती हैं और अगर उसके लक्षण कोरोना जैसे हों, तो फिर पूरी दुनिया के कान खड़े हो जाते हैं। ऐसा ही चीन में 'ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस' (एचएमपीवी) के फैसले से हुआ। इसके फैलने की खबर आने के दो-तीन दिन में ही दुनिया के पांच अन्य देशों में भी एचएमपीवी के मामले सामने आये, तो लोगों में कोरोना जैसी आशंका बढ़ा गयी। लेकिन अब जिस तरह भारत सरकार और वायरस विशेषज्ञों के जो बयान सामने आये हैं, उससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। फिलहाल यह कोरोना जितना खरनाक भी नहीं है और नया वायरस भी नहीं है। इसका पता दो दशक पहले ही चल चुका है। लेकिन अगर कोई वायरस कोरोना जैसा ही संक्रामक है और दुनिया के किसी भी भाग में फैल रहा है, तो उसको लेकर सतर्कता होनी चाहिए। इसलिए यह सवाल बहुत गंभीर है कि क्या चीन में एक बार फिर कोरोना वायरस अथवा उसके जैसा ही खतरनाक, जानलेवा वायरस फैला है? चीन खामोश क्यों है? क्या चीन इस बार भी संक्रमण के विस्फोट और विस्तार को छिपाए रखेगा? भारत सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से इन सवालों के स्पष्टीकरण मांगे हैं। क्या डब्ल्यूटीओ पुष्टि करेगा कि चीन में किस तरह का संक्रमण फैला है और वह भारत सरीखे पड़ोसी देशों के लिए कितना भयावह साबित हो सकता है? भारत का नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) देश में सांस और मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामलों पर करीबी नजर रखे हुए है। संयुक्त निगरानी समिति जांच कर रही है कि देश पर किसी तरह के वायरस का प्रभाव शुरू हुआ है या नहीं। अलबत्ता जनता को आश्वस्त किया गया है कि फिलहाल चिंता और दहशत की स्थिति नहीं है। चीन में ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण फैलने की खबर ही पुष्टि हो गयी है। यह वायरस भी कोरोना महामारी के वायरस जैसा ही बताया जा रहा है। टीवी चैनलों पर कुछ वीडियो सार्वजनिक हुए हैं, जिनमें चीन के अस्पताल खचाखच भरे दिखाई दे रहे हैं। भीड़ का सैलाब उमड़ा है। लोग मास्क पहने हुए हैं। कुछ चीख-पुकार और कुछ बदहवासी का माहौल दिख रहा है। यह दृश्य कितने सही हैं, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। ऐसी भी सूचनाएं सार्वजनिक हुई हैं कि चीन में वायरस के कारण लोग बीमार हो रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई भी भरोसेमंद आंकड़ा घोषित या सत्यापित नहीं किया गया है। चीन सरकार इस बार भी खामोश है। चीन ने अपने यहां फ्लू के बड़े प्रकोप की खबरों को खारिज किया है। हालांकि चीन का रवैया नवंबर, 2019 में भी लगभग यही था, जब कोरोना वायरस का पहला केस, चीन के ही वुहान शहर में, सामने आया था। तब उसे रहस्यमयी निमोनिया करार दिया गया था। चीन में ही कोरोना से पहली मौत भी दर्ज की गई थी। उसके बाद तो पूरी दुनिया में मौतों का भयावह सिलसिला दो वर्ष तक या उससे भी अधिक समय तक जारी रहा। भारत में भी कोरोनों के कारण लाखों मौतें हुईं। इस त्रासदी को अभूतपूर्व माना गया। दुनिया में गैर-सरकारी संगठनों और एजेंसियों ने मौत के आंकड़े कई गुना अधिक बताए थे। बहरहाल कोरोना संक्रमण के तनाव, भय, दंश और मौतों से लेकर आर्थिक लॉकडाउन का वह दौर इतना भयावह था कि हम भूल नहीं सकते। भूलना भी नहीं चाहिए। चीन खुद को एक किले में बंद रखता आया है। वहां सामान्य मीडिया और सोशल मीडिया ही नहीं, लोगों पर भी पाबंदियां हैं कि वे किसी भी तरह की सूचना को सार्वजनिक नहीं कर सकते। जो कहना है, वह चीन सरकार ही कहेगी। फिल हाल चीन कुछ कह भी नहीं रहा है और शायद कुछ बताये भी नहीं। इसलिए एचएमपीवी वायरस के संदर्भ में भारत सरकार भविष्य में जो वक्तव्य देगी, संक्रमण से बचाव के लिए जो एडवाइजरी जारी करे, देश को उसी पर सौ फीसद भरोसा करना चाहिए।



**एचएमपीवी वायरस को लेकर भारत सरकार जो भी बयान या एडवाइजरी देगी उसी पर हमे भरोसा करना चाहिए।**

### विचार

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्तिजब तक किसी वस्तुके लिए श्रम नहीं करेगा , तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है। कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

# भारत के लिए बड़ी राहत है ट्रूडो की विदाई

**नरेंद्र शर्मा**

> जिस तरह से जस्टिन ट्रुडो भारत के साथ खिसियाने अंदाज में डील कर रहे थे, वह कतई दोनों देशों के पक्ष में नहीं था। अब जबकि वह चले गये हैं, तो भी हालांकि रातोंरात दोनों देशों के रिश्ते एकदम से गुडी गुडी नहीं हो जाएंगे। लेकिन इससे और ज्यादा नहीं बिगड़ेंगे। अगर इस साल अक्टूबर में होने वाले चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी जीतकर आती है, जिसके चांस काफी ज्यादा हैं, तो स्थितियां सचमुच बेहतर होंगी।

पिछले कई महीनों से अपनी पार्टी के भीतर ही अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे कनाडा के प्रधानमंत्री और सत्ताधारी लिबरल पार्टी के मुखिया जस्टिन ट्रुडो ने अपनी पार्टी के नेता पद से और प्रधानमंत्री के पद से भी इस्तीफा दे दिया। हालांकि लिबरल पार्टी के नये नेता चुने जाने तक वह कनाडा के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। यह घटनाक्रम गुजरे 6 जनवरी 2025 को कनाडा के स्थानीय समय के मुताबिक सुबह तब नाटकीय घटनाक्रम के रूप में सामने आया, जब आनन फानन में बुलायी गई प्रेस कॉन्फ्रेस में ट्रुडो ने अपने पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की, लेकिन जो लोग कनाडा के राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रख रहे थे, उन्हें कई महीनों से पता था कि ट्रुडो का जाना तय है। साल 2015 से कनाडा के प्रधानमंत्री का पद संभाल रहे ट्रुडो सिर्फ भारत से ही नहीं कई दूसरे देशों से भी बेमतलब पंगा लेने के आदी थे या उनकी कार्यशैली ही ऐसी थी कि अमेरिका जैसा पड़ोसी भी ट्रुडो से खुश नहीं था।

भारत के साथ तो ट्रुडो कुछ इस तरह से व्यवहार कर रहे थे कि जैसे वो जानबूझकर हमारे साथ संबंध बिगाड़ने पर आमादा थे। हालांकि इसकी वजह से वैश्विक परिदृश्य में तो उन्हें हल्के में लिया ही जाने लगा था, खुद अपने देश में भी उनकी हालत काफी खराब हो गई थी। हद तो यह है कि ट्रंप जो हमेशा से ट्रुडो को पसंद नहीं करते रहे, वह राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के बाद साफ कह दिया कि अगर कनाडा, अमेरिका में घुस रहे प्रवासियों को नियंत्रित नहीं करता तो 20 जनवरी 2025 से कनाडा 25 प्रतिशत टैरिफ भुगतने के लिए तैयार रहे।

गौरतलब है कि कनाडा के कुल निर्यात का 75 फीसदी अकेले अमेरिका को ही होता है, ऐसे में 25 प्रतिशत टैरिफ लगाये जाने का मतलब है कनाडा की अर्थव्यवस्था का तहस-नहस हो जाना। ट्रुडो, ट्रंप की इस धमकी के बाद भागे भागे उनसे मिलने पहुंचे, लेकिन ट्रंप ने फिर भी भाव नहीं दिया, उल्टे एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन बार ऐसा क्रूर और कड़वा मजाक किया, जिससे कोई और देश तथा कोई और नेता होता तो शायद तिलमिला जाता। लेकिन ट्रुडो बहरों की तरह इस अपमान को अनसुना कर दिया। दरअसल ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद से कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य ही



बताना शुरू कर दिया है। पहली बार लगा कि यह मजाक में कहा होगा, लेकिन दूसरी बार और फिर तीसरी बार भी यह कहना कि कनाडा फायदे में रहेगा, अगर वह अमेरिका का 51वां राज्य हो जाये, कनाडा की संप्रभुता का खुलेआम मजाक नहीं तो और क्या है? लेकिन हैरानी की बात है कि तीन तीन बार इस तरह का मजाक बनाने के बाद भी जस्टिन ट्रुडो के मुंह से ट्रंप या अमेरिका के विरूद्ध एक शब्द भी नहीं फूटा। जबकि भारत को लेकर ट्रूडो पिछले दो साल से बेवजह ही लंबी चौड़ी उछलकूद कर रहे थे कि भारत ने कनाडा की संप्रभुता पर हमला कर रहा है। दरअसल जस्टिन ट्रुडो अपने थोड़े से फायदे के लिए एक ब्लंडर कर बैठे थे और फिर उस ब्लंडर से किसी तरह निकलने की बजाय उसे सही साबित करने की कोशिश में लग गये। कनाडा में 2.1 फीसदी सिक्खों की आबादी है और इस समय भारतीय मूल के सिक्ख जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) किंग मेकर की भूमिका में है, जिसने पिछले आम चुनाव में 24 सीटें जीती थीं। हालांकि इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय जगमीत सिंह की एनडीपी ने जस्टिन ट्रुडो की लिबरल पार्टी से समर्थन वापस खींच लिया था, इसलिए भी अब उनका सत्ता में बने रहना असंभव था। लेकिन पिछले ढाई सालों अपनी सत्ता बनाये रखने के लिए और इसके पहले सिक्खों के वोट बैंक पर अप्रत्यक्ष रूप से अपनी पकड़ बनाये रखने के लिए जस्टिन ट्रुडो भारत से बिना मतलब का पंगा ले रहे थे। बिना किसी ठोस सबूत और अपनी पुलिस द्वारा की जा रही जांच के पूरा होने के पहले ही जस्टिन ट्रुडो कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर मढ़ दिया। वह भी उन्होंने राजनायिक चैनल के बजाय आम जनसभाओं और फिर विश्व मंचों में यह कहना शुरू कर दिया कि कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की भूमिका के उनके पास ठोस सबूत है। लेकिन भारत द्वारा बार बार मांगे जाने के बावजूद कनाडा ने कभी भी ये ठोस सबूत नहीं दिये, उल्टे इसके लिए अमेरिका, इंग्लैंड और फ्रांस के साथ मिलकर गिरोहबंदी करने पर उतर आये। अमेरिका ने तो कई बार उनके कहने पर इस मुद्दे को उठाया भी, लेकिन अमेरिका ने एक व्यवस्थित प्रोटोकॉल के अनुशासन को नहीं तोड़ा।

**ट्रूडो का इस्तीफा**

अमेरिका ने एक बार भी इस मुद्दे को राजनयिक स्तर से निकालकर राजनेताओं के स्तर तक नहीं ले गया। डिप्लोमेटिक चैनल से ही इस पर बातें करता रहा। लेकिन कनाडा हर तरह के भौंडेपन पर उतर आया। उसने लगातार भारतीय छात्रों को, जो कि बड़े पैमाने पर कनाडा में पढ़ने जाते हैं, ब्लैकमेल करने की कोशिश की। जबकि कनाडा को पता है कि उसके यहां आने वाले कुल विदेशी छात्रों में से 40 फीसदी अकेले हिंदुस्तान के छात्र हैं, जो कि उसकी अर्थव्यवस्था खासकर शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाये रखने के लिए अच्छी खासी मात्रा में धन पैदा करती है। यही नहीं भारत, कनाडा के 10 शीर्ष कारोबारियों सहयोगियों में से है। कनाडा से भारत बड़ी मात्रा में दालें मांगाता है, जिसे वह उससे भी सस्ती दरों में ऑस्ट्रेलिया से और अपने पड़ोस के बर्मा या ब्राजील और मैक्सिको से भी आयात कर सकता है। भारत-कनाडा के कारोबार में, भारत की ऐसी कोई निर्भरता नहीं है कि उसके बिना मुश्किल हो जायेगी। जबकि कनाडा भारत से बड़े पैमाने पर दवाएं मांगता है, अगर भारत की बजाय वह चीन से ये दवाएं खरीदता है, तो उनकी विश्वसनीयता संदिग्ध रहेगी और अगर वह इन दवाओं को अमेरिका या यूरोप से आयात करता है, तो 4 गुना ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। ऐसा नहीं है कि कनाडा भारत के महत्व को नहीं जानता। कनाडा की विभिन्न पार्टियों और उनके प्रमुख इसीलिए लगातार भारत के साथ संबंधों को लेकर ट्रुडो की आलोचना करते रहे। यहां तक कि खुद उनकी पार्टी यानी लिबरल पार्टी के अधिकतर नेता भी इस पक्ष में नहीं थे कि ट्रुडो भारत के साथ इस तरह की बिगाड़ करे।

भारत और कनाडा के बीच 2023-24 में 8.4 अरब डॉलर का कारोबार हुआ। अगर सामान्य स्थितियां होती तो यह बढ़कर 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता था, क्योंकि भारत ने 2023-24 में अपने आयात और निर्यात दोनों में ही काफी बढ़ोत्तरी की है। लेकिन लगातार रिश्ते इस कदर आशंकाओं से घिरे रहे कि बढ़कर कारोबारी पहल के लिए दोनों देशों की सरकारों की हिम्मत ही नहीं बन सकी। कुल मिलाकर जिस तरह से जस्टिन ट्रुडो भारत के साथ खिसियाने अंदाज में डील कर रहे थे, वह कतई दोनों देशों के पक्ष में नहीं था और अब जबकि वह चले गये हैं, तो भी हालांकि रातोंरात दोनो देशों के रिश्ते एकदम से गुडी गुडी नहीं हो जाएंगे। लेकिन इससे और ज्यादा नहीं बिगड़ेंगे और अगर इस साल अक्टूबर में होने वाले चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी जीतकर आती है, जिसके चांस काफी ज्यादा हैं तो स्थितियां सचमुच बेहतर होंगी। तब दोनो देशों के रिश्ते फिर से गर्मजोशी भरे वातावरण में आगे बढ़ सकते हैं। इसलिए जस्टिन ट्रुडो की यह चुनी गई विदाई कम से कम भारत के तो पक्ष में ही है और ईमानदारी से कहा जाए तो खुद कनाडा के पक्ष में भी है बल्कि भारत से भी कहीं ज्यादा है।

### सोशल मीडिया

महाकुंभ 2025 में प्रदेश सरकार ने अभेद्य सुरक्षा के इंतजाम किये हैं, श्रद्धालुओं की सुरक्षा में एसटीएफ, एटीएस की कमांडो टीम के साथ ही एनएसजी कमांडो भी तैनात होंगे। केशव प्र. मौर्य.



स्वाभिमान अपार्टमेंट ने दिल्ली के मेरे गरीब भाई बहनों के सपनों को नई ऊंचाई दी है। इससे यहां के बच्चों को भी जीवन में आगे बढ़ने का एक नया हौसला मिला है। पीएम मोदी.



चुनाव की तारीख का ऐलान हो चुका है, सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत व जोश के साथ मैदान में उतरने को तैयार हो जायें, आपके जुनून के आगे इतने बड़े बड़े तंत्र फेल हो जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल.



# आदर्श चरित्र

सत्संग का अर्थ है सम्भ्रांत, आदर्श चरित्र, तत्वदर्शी मनीषियों की संगति, सानिध्य और शिक्षा का अवगाहन। ऐसे मनीषी आज बहुत ही कम हैं। जो हैं वे कार्य में व्यस्त रहने के कारण व्यक्तिगत सत्संग क लिए समय नहीं दे पाते। ऐसी दशा में आत्म निर्माण संबंधी प्रवचनों की जहां व्यवस्था हो वहां पहुंचा जा सकता है। महापुरषों के ग्रंथ भी सत्संग का ही काम दे सकते हैं। वे मनीषी भले ही हमसे दूर हों या स्वर्गवासी हो चुके हों तो भी उनके विचार उनके लिखे ग्रंथ हमें सदा प्रस्तुत मिलेंगे और वे हमें सत्संग का लाभ देते रहेंगे। आज सत्संग के नाम पर निराशावादी भाग्यवादी पलायनवादी अतिवादी विचारधारा देने वाले साधु बाबाजी बहुत हैं। इन विचारों से भ्रम जंजाल ही बढ़ता है और उसके प्रभाव से व्यक्ति एक प्रकार से निकम्मा ही बन जाता है। इसलिए ऐसे सत्संग को कुसंग मानकर उससे बचते रहना ही उचित है। चिंतन और मनन के बिना पुस्तक बिना साथी का स्वाध्याय सत्संग ही है। अपने आप अपनी स्थिति पर अपनी त्रुटियों और दुर्बलताओं पर विचार करके, बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को बढ़ाने के लिए अकेले में सोच विचार कराना चिंतन है और उत्थान पथ पर अग्रसर करने वाली सतशिक्षा के महत्व एवं माहात्म्य पर विस्तारपूर्वक सोचना एवं उसी ढांचे में अपने को ढालने की योजना बनाना मनन है। चिंतन और मनन करते रहने वाला मनुष्य अपनी बौद्धिक चरित्र और लौकिक दुर्बलताओं को आत्मनिरीक्षण एवं आत्मा आलोचनाओं के आधार पर भली प्रकार जान सकता है और जिस प्रकार रोग का निदान होने पर चिकित्सा सरल हो जाती है। उसी प्रकार अपनी त्रुटियों को जानने वाला उन्हें सुधारने का उपाय भी ढूंढ ही निकालता है। रात्रि को सोते समय दिन भर के भले-बुरे विचारों और कार्यों का लेखा-जोखा लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सम्पत्ति समय ही है। नियमित कार्यम बनाकर अपने बहुमूल्य समय का सदुपयोग करने की कला जिसे आ गयी उसने सफलता का रहस्य समझ लिया। रात को रोते समय दिन भर के विचारों और कार्यों की भलाई-बुराई का परीक्षण करके यह देखना कि आज दिन का कितना सदुपयोग अपव्यय एवं दुरुपयोग हुआ। इसी प्रकार प्रातःकाल उठते समय दिन भर का कार्यक्रम बनाना तथा पिछले दिन की बात को स्मरण रखते हुए जीवन के अपव्यय एवं दुर्व्यय को बचाकर आधिकारिक सदुपयोग की योजना बनाई जाये। नित्य डायरी रखकर भी इस प्रकार आत्म निरीक्षण एवं आत्म निर्माण का आयोजन करते रहा जा सकता है।

अंतर्दृष्टि

# सड़कें चौड़ी हो गयी हैं!

व्यंग्यलोक

सुबह-सुबह मुझे बुलाया था मुख्यमंत्री ने, बोले-देखो हम सड़कें चौड़ी कर रहे हैं। आवागमन सुविधा जनक होता जा रहा है। मैंने कहा-सड़के ही क्यों पुल बन रहे हैं और नये-नये फ्लाई ओवर। शहर को आपने चमाचम कर दिया है। बिजली अबाधित है। थोड़ा सा गांवों पर भी ध्यान दें तो अगले चुनाव में नौका आसानी से किनारे जा लगेगी। मेरी बात पर थोड़ा झुंझाये, फिर सहज होकर बोले-गांवों की और चुनावों की चिंता तुम छोड़ो। मैंने तुम्हें इसलिए बुलाया था कि तुमने देख लिया कि राजधानी में विकास किस गति से गतिमान है। मैं बोला-विकास की मत पूछिये। इसके नाम पर तो आपने गंगा बहा दी है। अतिक्रमण की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। थोड़ा सा हाउसिंग सोसाइटीज पर ध्यान दे लेते तो और उत्तम रहता। वे फिर बोले-हाउसिंग सोसाइटीज को मारो गोली। विकास की बही गंगा पर एक राइट अप लिख मारो। मैंने कहा- लिखने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन छपवाना जरा जटिल है। वे बोले-उसकी चिंता छोड़ो, सब मैनेज करा दूंगा। तुम अपना राइट अप तैयार करो। मैंने कहा-सर, यह अकाल का क्या लफड़ा है? आये दिन चला आता है। वे बोले-जरा धीरे बोलो, अकाल को कन्टीन्यू करने दो। यह बहुत जरूरी है। काफी लोग जूझ रहे हैं। काफी लोग काम कर रहे हैं। इस तरह काफी लोग खा रहे हैं। काफी लोग जीविका जुटा रहे हैं। अकाल बहुत जरूरी है हमारे लिए। बारिस शुरू हो गयी है, लेकिन इससे बात बनी नहीं है। राइट अप में अकालों को तो सब साइड ही कर देना। इसे आवश्यकता हुई तो बाद में देखेंगे। तुम तो हमने जो सड़कें चौड़ी की हैं, उस पर गौर करो। कुल मिलाकर विकास की गंगा बह निकली है, उसे केन्द्र बिन्दु बनाना है। मैं बोला-सड़कों पर तो लिखना ही पड़ेगा। वाकई सड़कें बहुत चौड़ी हो गई हैं। मकान-दुकान तोड़कर भी इन्हें चौड़ा किया गया है। लेकिन सर इधर सड़क बनकर तैयार होती है और उधर दूसरे ही दिन इन्हें खोद दिया जाता है। कभी सीवर लाइन के लिए और कभी टेलीफोन के लिए? इसे भी छोड़ो, इसे मैं देख लूंगा, राइट अप में इसका भी जिक्र नहीं करना है। मैंने कहा न सड़कें पेरिस का मुकाबला कर रही हैं। इस पर ध्यान देना है तुम्हें। वे बोले तो मैंने कहा-मैं मानता हूँ। सड़कों के मामले में हम पेरिस से आगे जा रहे हैं। परन्तु महंगाई सुरसा की तरह फैलती जा रही है। इस बार उन्होंने दोनों हाथों से अपना सिर पकड़ लिया। बालों को खींचा, आसमान को देखा और फिर मुझे घूरकर बोले-तुम क्यों नहीं बात का मर्म समझ रहे। महंगाई से मेरा लेना-देना क्या है? सुनो भूख से कोई मर जाये लेकिन महंगाई से मरते मैंने किसी को नहीं देखा। इधर कलर टीवी हमने सस्ता किया है। इसलिए महंगाई की बात बेमानी है।



पूरन सरमा

# यूनियन कार्बाइड का कचरा कहीं नयी त्रासदी न बन जाये



सामयिक

**अपराजिता**

भोपाल गैस त्रासदी के बाद उससे पैदा हुआ जहरीला कचरा लोगों और सरकार के लिए एक सिरदर्द बन गया है। भोपाल गैस त्रासदी से जुड़े 337 टन जहरीले कचरे के पीथमपुर में पहुंचते ही लोगों का विरोध प्रदर्शन और ज्यादा उग्र हो गया है। धार जिले का पीथमपुर मध्य प्रदेश का एक औद्योगिक शहर है, जो इंदौर के बेहद करीब है। हालांकि इस कचरे को लेकर लोगों के बीच पहले से ही विरोध जताया जा रहा था, लेकिन कचरे के पीथमपुर में पहुंचने के बाद से यह आंदोलन और ज्यादा उग्र हो गया है।

भोपाल से करीब 250 किलोमीटर दूर धार जिले के पीथमपुर में इस जहरीले कचरे को शिफ्ट करना एक बड़ी चुनौती थी। इसके लिए 100 से ज्यादा श्रमिकों की मदद ली गई जिन्हें 30-30 मिनट की शिफ्ट में काम करवाया गया और उनका लगातार हेल्थ चेकअप किया जाता रहा। इस कचरे को 12 लीकप्रूफ कंटेनरों के जरिये 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ लाया गया। कचरे के कंटेनरों के साथ एम्बुलेंस, डॉक्टर, फायरब्रिगेड और क्विक रिस्पोंस की टीम भी मौजूद थी। 250 किलोमीटर का सफर तय करने में इन कंटेनरों को करीब 7.5 घंटे का समय लगा। 25 गाड़ियों के इस काफिले में हर कंटेनर में औसतन 30 टन कचरा रखा गया था। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का दावा है कि कचरे में 60 प्रतिशत मिट्टी और 40 प्रतिशत नेफथॉल शामिल है, जिसका इस्तेमाल कीटनाशक बनाने में किया जाता है। ये हानिकारक नहीं है। मुख्यमंत्री के दावों के बावजूद पीथमपुर के लोग इस विषैले कचरे से जलवायु प्रदूषण के खतरे को लेकर परेशान हैं। उनकी चिंता है कि अगर ये कचरा जलाया जाता है तो इससे बचे हुए अपशिष्ट पदार्थों के जमीन में जाने के बाद भूमिगत जल जहरीला हो सकता है। लोगों के साथ साथ उनकी फसलों को भी इससे नुकसान हो सकता है। लोगों की इस प्रकार की चिंता वाजिब भी है। गौरतलब है कि भोपाल गैस त्रासदी दुनिया के इतिहास में आजतक की सबसे भयानक त्रासदी के रूप में आज भी याद की जाती है। लोग आज भी याद करके सिहर उठते हैं, जब साल 1984 में 2 से 3 दिसंबर में आधी रात के बाद भोपाल के यूनियन कार्बाइड के प्लांट सी में जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हो रहा था और इसकी किसी को खबर भी नहीं थी। गैस के बादल हवा के झोकों के साथ बहा कर ले जा रही थी और उस समय पूरी हवा में ही धीरे धीरे जहर घुल रहा था। उसी हवा में धीरे धीरे सांस लेकर लोग ताश के पत्तों की तरह सड़क पर ही गिर रहे थे। कुछ लोग तो रात में सोकर उठे ही नहीं। जहरीली हवा ने उनकी जिंदगियां ही खत्म कर दी थी। कीटनाशक बनाने वाली अमेरिकी कंपनी डाउ की यूनियन कार्बाइड की फैक्टरी से करीब 40 टन गैस रिसाव से लगभग 5,295 लोग कुछ ही घंटों के भीतर मारे गये थे। दरअसल यूनियन कार्बाइड में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस पानी से मिलने के कारण हुई रसायनिक प्रक्रिया से गैस के टैंक में दबाव पैदा हो गया और टैंक खुल गया था। साल 2023 में गैस त्रासदी पर एक अध्ययन सामने आया था, जिसे करीब 1995 से 2015 तक के इस त्रासदी से बचे 92,320 लोगों पर किया गया था, जिसमें यह बताया गया था कि इस त्रासदी में कोख में पल रहे बच्चों पर भी इस गैस का असर पड़ा था। इनमें कई लोगों को कैंसर हो गया, बहुतों को सांस लेने में दिक्कत आयी और कई लोगों की आंखों की रोशनी चले जाने से उनमें और भी कई विकार पैदा हो गये थे। यूनियन कार्बाइड से 10 किलोमीटर दूर तक के हैंडपंपों में भी जहरीले कैमिकल होने की वजह से इन हैंडपंपों का पानी जहरीला मानकर उन्हें सील कर दिया गया था।

भले ही मुख्यमंत्री महोदय इस कचरे को जलाने की प्रक्रिया को बेहद सुरक्षित होने का दावा करें और इसे जहरीला या हानिकारक न मानें, इसके बावजूद लोगों में विरोध प्रदर्शन जारी है। वे भले ही यह दावा करें कि विभिन्न पर्यावरणीय संस्थानों के अध्ययन के बाद ही इस कचरे को सुरक्षित तरीके से निपटाया जायेगा। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया है कि साल 2013 में 10 टन कचरा केरल के कोच्चि संस्थान में ले जाया गया था और बाद में पीथमपुर में इसका परीक्षण किया गया था। लेकिन लोग उस त्रासदी को आज भी नहीं भूले और उनके बीच में यह डर समा हुआ है कि 40 साल से जो कचरा 21 गड्ढ़ों में साइट पर दबा हुआ था, जिसमें नीकेल, कोबाल्ट, मैग्नीज, लैड, मरकरी और कोलोरिनेड, नेप्थलीन जैसे तत्व इस कचरे को बेहद खतरनाक और जहरीला बना चुके हैं।

## आपकी बात

### प्रतियोगी परीक्षाओं पर संकट

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। पुलिस, आरओ-एआरओ भर्ती पर भी विवाद हुआ। अब बिहार में ऐसा ही विवाद चल रहा है। इस तरह के विवादों से पूरी परीक्षा और भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो जाते हैं। सरकार को इस तरह के विवादों को पूरी तरह से खत्म करने केएि भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए ताकि योग्य युवाओं के साथ अन्याय न होने पाये।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### रुक नहीं रहीं चीन की हकरतें

द्विपक्षीय व्यापार हमेशा समृद्धि का कारण होता है लेकिन चीन के साथ बढ़ता व्यापार गंभीर चिंता का विषय है इसलिए देशवासियों को सस्ते के चक्कर में पड़ने के बजाय चीन से सतर्क रहना चाहिए और अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए चाहे भले ही अधिक कीमत चुकानी पड़े। चीन भारत का परम्परागत दुश्मन देश है और उसे दुश्मन मानकर हमेशा सतर्क रहना चाहिए। चीन बार-बार भारत को धोखा देता है इसलिए उससे व्यापार बढ़ाने के बजाय देश को अपनी सैन्य शक्ति मजबूत करनी चाहिए। चीन बलपूर्वक एलएसी को बदलने की मंशा पाले है लेकिन भारत हमेशा सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहता है। चीन इसे भारत की कमजोरी समझता है और वह सीमा विवाद को निपटाने के बजाय लटकाता रहता है। बार-बार सीमा पर सैनिकों का जमावड़ा कर एलएसी की भौगोलिक स्थिति को बदलने की कोशिश करता है। हालांकि चीन की इन हरकतों के बावजूद सीमा पर भारत द्वारा संयम बरतने के कारण तनाव के बावजूद शांति रही, लेकिन हाल के वर्षों में चीन बार-बार उकसाने वाली कार्रवाई करता है। लद्दाख के गलवान घाटी में चीन ने ही तनाव बढ़ाया और हमले भी पहले उसी ने किया है। इसमें कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संतोष बाबू सहित कई सैनिक शहीद हो गये। चीनी सेना की इस हरकत के जवाब में भारतीय सेना ने भी जवाब दिया जिसमें चीन के बड़ी संख्या में सैनिक मारे गये। इससे चीन भारत की ताकत समझ चुका है। वह भारत को युद्ध के मैदान हरा नहीं सकता है शायद इसीलिए अपने खराब सामानों से देश को कमजोर करना चाहता है।

**दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.**

संक्षेप

## गैर इरादतन हत्या में बड़े भाई को दस साल की सजा

अयोध्या। गैर इरादतन हत्या के एक मामले में न्यायालय ने दोषी पाते हुए मृतक के बड़े भाई को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। जुमार्ने की रकम की आधी राशि वादिनी को बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अमर सिंह की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुधाकर मिश्रा और अभय वैश्य ने बताया कि घटना 29 जनवरी 2021 की सुबह सात बजे की है। रुदौली थाना क्षेत्र के ऐहार गांव निवासी सलमान और उसके बड़े भाई रईस के मध्य घरेलू बात को लेकर झगड़ा हो गया था। रईस ने सलमान के सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया। जिससे सलमान घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया। उसे सरकारी अस्पताल खैरनपुर ले जाया गया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए रुदौली के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने घटना के पांचवें दिन दम तोड़ दिया। इसकी रिपोर्ट उसकी पत्नी गुड़िया ने गैर इरादतन हत्या की धारा में दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## कैमरा वाला चश्मा लेकर राम मंदिर में घुसा युवक

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में एक युवक को कैमरा वाले चश्मा के साथ पकड़ा गया। युवक चश्मे से परिसर में फोटो खींच रहा था। फोटो खींचते समय जब लाइट जली तभी सुरक्षा कर्मियों के संदेह होने पर जाँच की गई और वह पकड़ा गया। अयोध्या के राम जन्मभूमि परिसर में सुरक्षा की सतर्कता को लेकर एक बड़ा उदाहरण प्रस्तुत हुआ एक युवक ने विशेष प्रकार के कैमरे वाले चश्मे का उपयोग कर फोटो खींचने की कोशिश की, जो सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील स्थिति हो सकती थी। चश्मे में लगे कैमरे के जरिए वह बिना किसी को संज्ञान में लाए फोटो ले सकता था। हालांकि, सुरक्षा गार्ड की तात्कालिक सतर्कता से युवक पकड़ा गया और उसकी जाँच शुरू की गई है। एसपी बलरामाचारी दुबे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, युवक बड़ोदरा का व्यापारी है और उसका नाम जानी जय कुमार है अब तक का कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। चश्मे की कीमत 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

## एसडीएम सोहावल व इंस्पेक्टर रौनाही हटे, नई तैनाती

सोहावल-अयोध्या।जिले में चली तबादला एक्सप्रेस में सोहावल सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां तहसील के उप-जिलाधिकारी और रौनाही इंस्पेक्टर दोनों बदल दिए गए। अब तक बतौर उप-जिलाधिकारी रहे अशोक कुमार सैनी को राम मंदिर का मजिस्ट्रेट बनाए जाने से नवागत मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह ने कुर्सी सम्हाली और तहसीलदार सुमित सिंह के साथ पूरी तहसील मुख्यालय का भ्रमण कर समझने की कोशिश की। वहीं प्रभारी निरीक्षक रौनाही रहे पंकज सिंह का स्थानांतरण थाना कैंट हो जाने से मंगलवार को इन्हें थाने में भावभीनी विदाई देते हुए लोगों ने शुभकामनाएं भेंट किया।

# जरूरतमंदों को बांटे कंबल, खिले चेहरे



मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के अमानीगंज ब्लॉक अंतर्गत रायपुर गांव में मंगलवार को प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने 500 निराश्रितों, गरीबों को कंबल वितरित किया। मंत्री ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह द्वारा किया गया था। अखिलेश यादव के आरोप उपचुनाव में वोट की लूट छुपाने के लिए संभल हिंसा कराई गई, पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अखिलेश यादव बेबुनियादी बात कर रहे हैं। और यह बात ऐसे व्यक्ति द्वारा कही जा रही है जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे और एक पार्टी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि कोई बात कहने से पहले ठोस सबूत होने चाहिए और अनावश्यक बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। सूर्य प्रताप शाही ने यह भी कहा कि इलेक्शन कमीशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है, कि मतपत्र ईवीएम में कैसे डाले जाते हैं और अदालतों ने इस मामले में क्या निर्णय दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अपनी हार स्वीकार करनी चाहिए, क्योंकि 9 सीटों में से 7 सीटें भारतीय जनता पार्टी ने जीती हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने बताया कि कंबल वितरण पिछले 10 वर्षों से किया जा रहा है, और ठंड को देखते हुए ग्राम सभा गड़ौली, मिश्ररौली, देवरा, मानूडीह रौतावां, रायपुर के 500 सौ जरूरतमंदों को कमल वितरित किया गया है, जिससे लोगों को ठंड से बचाया जा सके, वही कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी से खिल गये। इस मौके पर प्रधान अखण्ड पाण्डेय, अजय सिंह, जयनरायन सिंह सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के भ्रष्टाचार को जनता से बतायें सपा कार्यकर्ता : पारसनाथ यादव




अयोध्या। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय लोहिया भवन पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने किया तथा संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया।

बैठक में पारसनाथ यादव जी ने मिल्कीपुर उपचुनाव की तैयारी के तहत पूरे विधानसभा को जोन तथा सेक्टर में विभाजित कर जिला संगठन के पदाधिकारी प्रदेश संगठन तथा फ्रंटल संगठन के पदाधिकारीयों कि सेक्टर और बूथ तक तक की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा की मिल्कीपुर की जनता ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में मन बनाया है और हमें भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार लूट और घासोट का जो जंगल राज चल रहा है उसे जनता के बीच में लेकर जाना है और निश्चित तौर पर हमारे सभी साथी मिलकर मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव को जीतकर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करेंगे। मिल्कीपुर का उपचुनाव किसी नेता का नहीं बल्कि कार्यकताओं का चुनाव है और हर कार्यकर्ता को स्वयं उम्मीदवार बनाकर चुनाव लड़ना होगा मिल्कीपुर चुनाव जीतने के साथ ही पूरे प्रदेश में तय हो जाएगा की 2027 का चुनाव समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ जीतेगी और भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश से ही नहीं देश से भी उखाड़ फेंकेगी ।

## बिना हेलमेट व ट्रिपलिंग बाइक चालकों को पीटीओ ने गुलाब भेंट कर पढ़ाया नियमों का पाठ



बाराबंकी। सड़क सुरक्षा नियमो का उल्लंघन कर सड़को पर फरार्टा भरने वाले वाहन चालको के खिलाफ परिवहन विभाग ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट पहन बाइक चला रहे लोगों को गुलाब का फूल देकर नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमो के प्रति वाहन चालको को जागरुक करने के लिये यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने अयोध्या-बाराबंकी हाइवे पर अभियान चलाकर बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे लोगों को गुलाब का फूल देकर नियमों की जानकारी दी। तथा हमेशा हेलमेट का उपयोग करने की अपील की। इस दौरान बिना हेलमेट व ट्रिपलिंग कर बाइक चलाने वाले युवाओ को सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करने की शपथ दिलाई।

## पासपोर्ट बनवाने के नाम पर साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित को साइबर टीम ने 1 लाख कराये वापस



बाराबंकी। साइबर सेल ने साइबर ठगो का शिकार हुये पीड़ित को सम्पूर्ण धनराशि वापस करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित मोहम्मद फिरोज पुत्र मोहम्मद सरवर निवासी असद नगर दशहराबाग, थाना कोतवाली नगर ने वीजा/पासपोर्ट के नाम पर धोखाधड़ी कर 1 लाख रुपये का फ्रॉड होने को लेकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार वर्मा, निरीक्षक विनय प्रकाश राय, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, आरक्षी राजन यादव, अभिषेक चपराणा, सुधाकर सिंह भदौरिया, पंकज सिंह, अंकित कुमार की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये पीडित के खाते मे 1 लाख रुपयो को वापस करवाया। साइबर सेल टीम ने लोगो को जागरुक करते हुये कहा कि आपकी एक गलती मंहगी पड़ सकती है। अंजाम व्यक्ति को कोई भी पर्सनल जानकारी न दे। इसलिये जागरुक रहे, सतर्क रहे।

## तकनीकी अनुदेशकों के चयन के लिए निविदा प्रकाशित

बहराइच । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच के परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में 173 ईसीसीई एजुकेटर्स एवं लर्निंग बाई डुइंग कार्यक्रम के लिए 42 तकनीकी अनुदेशकों के चयन के सम्बन्ध में जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता के चयन हेतु निविदा प्रकाशित की गयी है। फर्मो के प्रतिभाग करने के लिए जेम पोर्टल पर बिड सं. जेम/2025/बी/5782756 पर निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा में प्रतिभाग करने हेतु समस्त नियम एवं शर्तें बिड में अपलोड है। बीएसए श्री सिंह ने बताया कि बिड में जेम पोर्टल पर प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 28 जनवरी 2025 तथा समय अपरान्ह 02:00 बजे निर्धारित है। इच्छुक सेवा प्रदाता फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकती है।

# व्यापारी से छीनी गई रकम के साथ आरोपी गिरफ्तार

## कोतवाली रुदौली के भेलसर इलाके में लखीमपुर खीरी के व्यापारी से हुई थी छिनैती



रूदौली-अयोध्या। कोतवाली रुदौली के भेलसर इलाके में सोमवार की अपराह्न लखीमपुर खीरी से ट्रैक्टर खरीदने आए व्यापारी से 4.30 लाख रुपए की छिनैती के बाद जिले भर में नाकाबंदी के दौरान दोनों आरोपियों को पूरी रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि मुख्य साजिशकर्ता पुलिस के हाथ नहीं लग सका। कोतवाली रुदौली में पत्रकारों से बात करते हुए एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी ने बताया कि सोमवार को कोतवाली रुदौली के भेलसर में स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी से पुराना ट्रैक्टर खरीदने के लिए खालिद पुत्र अजीज निवासी मोहल्ला पश्चिमी लखपेड़ा कस्बा, कोतवाली मोहम्मदी जनपद लखीमपुर आए थे। बस से उतरने के बाद जब वह लघुशंका कर रहे थे, इतने में बाइक सवार दो युवक उनका बैग छीनकर फरार हो गए थे। बैग में 4.30 लाख रुपए नकद रखे थे। बताया कि छिनैती की सूचना के बाद डीजीपी द्वारा लागू की गई नई नाकाबंदी योजना के अनुसार जिले भर की सीमा को सील कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे भेलसर-टिकैत नगर मार्ग से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान असद निवासी ग्राम संमरवा व अक्षय कश्यप निवासी ग्राम अकबरपुर थाना मेतौली जिला लखीमपुर खीरी के रूप में हुई। इनके पास से छीनी गई शत प्रतिशत रकम व छिनैती में प्रयोग की गई बाइक बरामद हुई। एसपी ग्रामीण ने बताया कि घटना का मुख्य साजिशकर्ता सूफियान पीड़ित खालिद के साथ ही भेलसर आया था। उसी ने ही दोनों आरोपियों को लखीमपुर खीरी से ही पीछे लगा रखा था। सूफियान खालिद की पल पल की सूचना दोनों को दे रहा था। लघुशंका करते समय सूफियान के इशारे पर दोनों रुपयों से भरा बैग छीनकर भाग निकले। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद सूफियान भाग निकला, उसकी तलाश की जा रही है। घटना का आवरण करने वाली रुदौली पुलिस व एंटी थेफ्ट पुलिस टीम को एसएसपी ने पुरस्कृत किया है। पत्रकार वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम, कोतवाल संजय मौर्य, निरीक्षक अपराध शत्रुघन यादव, एंटी थेफ्ट प्रभारी रतन शर्मा मौजूद रहे।

## 120 निर्धन छात्राओं को स्वेटर वितरण



बाराबंकी। शीतलहर से बचाव हेतु राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में निर्धन छात्राओं मे स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज प्रांगण मे कक्षा 9 से 12 तक की कुल 120 निर्धन छात्राओं को प्रधानाचार्य नंदिता सिंह ने स्वेटर वितरण किया गया। स्वेटर वितरण मे विद्यालय शिक्षिकाओ ने भी सहयोग दिया। इसके उपरान्त समग्र शिक्षा माध्यमिक द्वारा तृतीय चरण में हेल्थ कैंप शिविर का आयोजन कर 430 बालिकाओं का हेल्थ चेकअप चिकित्सको की टीम ने किया। तथा छात्राओ को संबंधित बीमारियों से बचाव के उपाय बताये।

## वरिष्ठ पत्रकार बनवीर सिंह की मौत, पत्रकारों में शोक



अयोध्या। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार बनबीर सिंह का मंगलवार को निधन हो गया, उनका शव उनके आवास के बंद कमरे से पुलिस ने बरामद किया है। जिला अस्पताल ले आने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। घटना के दौरान वे घर में अकेले थे। मंडलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जनपद के मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार 54 वर्षीय बनवीर सिंह के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये उनकी पुण्य आत्मा के शांति हेतु प्रार्थना की है। जिला सूचना अधिकारी अयोध्या संतोष कुमार द्विवेदी तथा क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी मयंक तिवारी व मण्डलीय सूचना कार्यालय अयोध्या के कार्मिकों ने जनपद के वरिष्ठ पत्रकार बनवीर सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने बनवीर सिंह के निधन पर कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने सान्निध्य में चिर शान्ति प्रदान करें व उनके परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। सपा नेता और प्रदेश के पूर्व मंत्री तेजनारायण पवन ने कहा कि बनवीर सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है, उनका निधन जनपद जनपद में बेबाक पत्रकारिता की अपूर्णीय क्षति है। वहीं राजेंद्र सोनी, मनमीत गुप्त, आकाश सोनी, अनूप कुमार, कमलाकांत सुंदरम, सुशील पांडेय, रमेश मिश्रा आदर्श शुक्ला, अनुराग शुक्ला, अनिल मिश्रा आदि पत्रकारों ने जिला अस्पताल पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## प्रदेश की जनता महंगाई से परेशान : हाफिज

### सपा पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक सम्पन्न



बाराबंकी। अखिलेश यादव पर युवाओं का दिन प्रतिदिन बढ़ता विश्वास इस बात का प्रतीक है कि प्रदेश की जनता अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए आतुर है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने बड़ेल नहर स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ के बीच व्यक्त किये।

बैठक मे सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि मौजूदा दौर में प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी की भयंकर चपेट में आ चुकी है। जिससे आम आदमी का घर चलना अत्यंत दुश्वार हो रहा है। परंतु जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं। इसलिए हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि इस अंधी बहरी सरकार को सत्ता से बेदखल कर और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में समाजवादी सरकार का गठन होने तक निरंतर हम सबको संघर्ष करते रहना होगा। तभी हम इस सरकार की नीतियों से प्रदेशवासियों को बचा पाएंगे। बैठक मे सदर विधायक धर्मराज सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राममगन रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह, हुमायूं नईम खान, सर्वेश सिंह गौतम, जितेंद्र वर्मा, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, रिंकू विश्वकर्मा, सभासद अरुण यादव मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों की मदद करना सच्ची मानवता है : जगतराम कनौजिया



बाराबंकी। जरूरतमंदो की मदद करना सच्ची मानवता है। भीषण ठंड में परेशान लोगों को गर्म कंबल वितरित करना सच्ची मानवता है। शासन प्रशासन ठंड से बचने के तमाम उपाय तो करता ही है। किंतु जब समाज के कुछ जिम्मेदार लोग ऐसे पुनीत कार्य को करते है तो उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उक्त विचार भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा विंग के अयोध्या मंडल प्रभारी फैसल मलिक द्वारा पालिका मार्केट मे आयोजित निःशुल्क कम्बल वितरण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सीओ जगत राम कनौजिया ने व्यक्त किये। कार्यक्रम आयोजक श्री मलिक ने कहा कि जरूरतमंदों को उनकी जरूरत के हिसाब से चीज उपलब्ध कराने पर जितना सुकून मिलता है। जिसकी व्याख्या की नहीं जा सकती। इस अवसर पर बलराम यादव, लाल जी यादव, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद अशफाक, रसूल अहमद, मोहम्मद कलीम, संतोष कुमार, अरविंद यादव, सनी वर्मा, रामजी वर्मा, बॉबी सिंह, असद, शाहिद, आरपी सिंह, अज्जू, राजा अली, रवि जायसवाल, मोहम्मद इस्माइल, राजकुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशियों को लेकर शुरू हुआ कयासों का दौर

करुणाकर दूबे

**मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव**

- 10 जनवरी को अधिसूचना के साथ शुरू हो जायेगा नामांकन
- भाजपा में सर्वाधिक एक दर्जन प्रत्याशी दिखा चुके हैं दमखम

अयोध्या। इंतजार की घड़ियां खत्म हो गईं। मंगलवार दोपहर निर्वाचन आयोग ने जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही सभी दलों के उम्मीदवारों ने मेल मुलाकात का सिलसिला भी बढ़ा दिया है। लेकिन भाजपा में टिकट के दावेदारों के तेवर से जनता सिर्फ कयास लगा रही है। भारी संख्या में दावेदार क्षेत्रीय स्तर पर जनता के बीच में चर्चा में बने हुए है। भाजपा इस हॉट सीट को किसी भी स्तर पर चूक में जाने नहीं देना चाहती है। शायद इसीलिए प्रत्याशियों की पकड़ को देख रही है। चुनाव के दावेदारों की बात करें तो सबसे अधिक दावेदार भाजपा से उस समय से अपने दमखम का प्रदर्शन कर रहे हैं जब मिल्कीपुर समेत 10 विधानसभाओं का उपचुनाव एक साथ होना था। लेकिन मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के चुनावी प्रक्रिया से बाहर होने के चलते धीरे-धीरे इनकी संख्या इकाई में रह गई है। अब उपचुनाव की घोषणा आयोग से मंगलवार को हो गई तो जनचर्चा में पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ही एक नम्बर की दौड़ में हैं। चंद्रकेश रावत एवं चंद्रभान पासवान की भी चर्चा जनता के बीच में है। क्योंकि चंद्रभान पासवान गत विधानसभा चुनाव 2017 से ही टिकट के लिए दावेदारी पेश करते रहे हैं। चंद्रकेश रावत अमानीगंज क्षेत्र पंचायत चुनाव से ब्लॉक प्रमुख के लिए अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने के साथ स्थानीय स्तर पर पूरी तरह से सक्रिय हैं। बाबा गोरखनाथ निवर्तमान विधायक हैं। फिलहाल सभी दावेदार संगठन में अपना अपना दावा मजबूती के साथ पेश कर रहे हैं। चुनाव भले ही मिल्कीपुर के लिए है लेकिन जनपद का पढ़ा लिखा तबका जो राजनीति में रुचि रखता है तथा बुद्धिजीवी वर्ग में प्रत्याशियों की समीक्षा हो रही है। समीक्षा में 2017 का चुनाव है। जिसमें गोरखनाथ बाबा 86960 मत पाकर सपा के अवधेश प्रसाद से 30264 वोटो से जीत हासिल किए थे और 2022 के विधानसभा चुनाव में 900567 वोट पाकर सपा के अवधेश प्रसाद से मात्र 13342 वोटो से पराजित हुए थे। जबकि बसपा से प्रत्याशी मीरा देवी को मात्र 14427 वोट प्राप्त हुए थे और सपा व कांग्रेस का समझौता हो गया था। जिससे बसपा के वोटो का ध्रुवीकरण सपा की ओर और कांग्रेस का समर्थन सपा के अवधेश प्रसाद की जीत का कारण बना। राजनीति के विश्लेषकों का यह भी मानना है कि 2017 के चुनाव से 2022 के चुनाव तक गोरखनाथ बाबा के वोटो में बढ़ोतरी हुई। दूसरे यह कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की हार को भी यदि देखा जाए तो मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं से सबसे कम मतों की हार थी। जिसके आधार पर लोग बाबा गोरखनाथ के संभावित प्रत्याशी होने की अटकलें लगा रहे हैं। खास बात यह कि सपा ने सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत को एवं बसपा ने अपना प्रत्याशी रामगोपाल को पहले ही घोषित कर चुकी है। कटेहरी विधानसभा में परिवारवाद को लेकर सपा कार्यकर्ताओं में जो असंतोष था उससे यदि सपा को कुछ सीख मिली होगी तो सपा में भी प्रत्याशी का नया चेहरा सामने आ सकता है? अब चुनाव कार्यक्रम घोषित हो गया है तो सभी राजनीतिक पार्टियों के भी अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा होगी। अभी तक की जनचर्चा, कयासों और चुनावी विश्लेषकों तथा बुद्धिजीवी वर्ग के तर्क वितर्क पर आधारित है।

मार्च 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर से सपा के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद विधायक चुने गए थे। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा से सपा के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद निर्वाचित हुए जो कि वर्तमान विधायक ही थे अतः अवधेश प्रसाद सांसद निर्वाचित होने के बाद विधानसभा के सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था और मिल्कीपुर में विधानसभा उपचुनाव होना निश्चित हो गया था। विधानसभा का उपचुनाव पूरे प्रदेश के 10 विधानसभा क्षेत्र में होना था परंतु अवधेश प्रसाद के निर्वाचन को उच्च न्यायालय में रिट याचिका योजित होने के कारण मिल्कीपुर का उप चुनाव तत्काल की चुनावी प्रक्रिया से बाहर हो गया जिससे 9 विधानसभाओं में ही उप चुनाव हुए हैं। जिसमें से मुस्लिम बाहुल्य कुंदरकी विधानसभा एवं सपा की कटेहरी विधानसभा समेत सात विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को विजय प्राप्त करने में सफलता मिली। लोकसभा चुनाव में अयोध्या लोकसभा से सपा की जीत से प्रदेश, देश ही नहीं विदेश तक भाजपा की किरकिरी हुई। हतोत्साहित भाजपा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चर्चित फार्मूले बंटोगे तो कटोगे से भाजपा कार्यकताओं में भारी उत्साह का संचार हुआ। वहीं पर कटेहरी विधानसभा के कद्दावर नेता लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को सपा से टिकट देना सपा पार्टी के अंदर खाने परिवारवाद के आरोप के साथ सपाईयों का भी समर्पण भाव से सहयोग न मिलने के कारण सपा अपने ही घर में चुनाव हार गई। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की घोषणा भले ही मंगलवार 07 जनवरी 2025 को हुई है। जबकि भाजपा समेत सभी दल अपनी मुकम्मल तैयारी कर चुके है। यहां का उप चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा है। लोकसभा चुनाव से हुई भाजपा की किरकिरी और मतदाताओं पर दोषारोपण के निहित अर्थ भी निकले जा रहे हैं जिसकी भरपाई भाजपा उपचुनाव जीतकर करना चाह रही है।

## जनपद में मतदाता सूची का हुआ अन्तिम प्रकाशन

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 28 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन तथा 07 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया है। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि 28 अक्टूबर 2024 को आलेख्य प्रकाशन के समय जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 2591430 थी जिसमें पुरुष मतदाता 1369351, महिला मतदाता 1222018 तथा तृतीय श्रेणी के मतदाता 61 थे। श्री रंजन ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के पश्चात अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 2622017 हो गई है। अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में पुरुष मतदाता 1382980, महिला मतदाता 1238983 तथा तृतीय श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 54 है। इस प्रकार जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान कुल 30587 मतदाताओं की वृद्धि हुई।

## जिला उद्यान विकास समिति की बैठक सम्पन्न



बाराबंकी। जिला उद्यान विकास समिति की बैठक विकास भवन कार्यालय पर उपनिदेशक उद्यान अयोध्या मण्ड़ल गीता त्रिवेदी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे जनपद के राजकीय उद्यानों के संरक्षण, भ्रमणकारियों हेतु जन सुविधाओं में वृद्धि, उद्यानों को आकर्षक व सुंदर बनाने सहित तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक मे समिति के सदस्य धीरेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी पुलिस नगर, लोक निर्माण विभाग, नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेमेस्टर परीक्षा में 137944 के सापेक्ष 5330 अनुपस्थित

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक विषम सेमेस्टर की तीन पालियों की परीक्षा में 137944 परीक्षार्थियों में से 5330 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 90670, द्वितीय पाली में 25448, तृतीय पाली में 21826 के सापेक्ष क्रमशः 4323, 641 व 366 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

संक्षेप

## बंदरों का आतंकः जैत में छत से गिरकर महिला घायल

**मथुरा।** शहर से पकड़ कर बंदरों को गांवों के नजदीक छोड़ दिया जाता है। यही कारण है कि शहर के साथ साथ अब गांवों में भी बंदर खुंखार हो गए हैं और इनका आतंक चरम पर पहुंच गया है। दिल्ली वाला मौहल्ला निवासी सतीश चंद्र की पत्नी कमलेश अपने घर की छत पर सूख रह कपड़ों को लेने गई थी। वहां अचानक बंदरों का झुंड आ गया और कमलेश को घेर लिया। बंदरों से बचने की हड़बड़ी में वह छत से नीचे गिर पड़ीं, जिससे वह बेहोश हो गईं। शोर सुनकर बाहर बैठक पर बैठे लोग दौड़कर गए और तत्काल केडी मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया। कमलेश के एक्स-रे आदि परीक्षण के बाद पसलियों में फैक्चर बताया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर हुकम सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महानगर मंत्री सतीश चंद्र, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य रामकुमार सिंह राजावत, दीवान सिंह राजपूत, हेमेंद्र सिंह एडवोकेट, राम राजपूत आदि ग्रामीणों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

## जनपद के सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**टूंडला।** जनपद के समस्त थाना परिसरों पर समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा जनपद के संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं संग पीस कमेटी शांति सुरक्षा की मीटिंग आयोजित की गयी मीटिंग के दौरान संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से उनके सुझाव प्राप्त किए गये एवं उनकी समस्याओं को जानकर उनके विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान जनपद के सभ्रांत नागरिकों से अपील की गई कि बच्चो एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे,फिरोजाबाद पुलिस द्वारा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है।

## हनुमत रथ-यात्रा लेकर निकले गोविन्दानंद सरस्वती महाराज

**फिरोजाबाद।** श्री मज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज महाभाग की सद्प्रेरणासे स्वामी श्री गोविन्दानंद महाराज के सानिध्य में हिन्दूराष्ट्र अभियानके अंतर्गत श्री हनुमान रथ-यात्राका शुभागमन इनर रिंग रोड स्थित टोल-प्लाजा पर हुआ,यात्रा सम्भल ?, श्रीकृष्ण जन्मभूमि से वृंदावन होते हुए अयोध्या और उसके बाद प्रयागराज कुम्भ में प्रवेश करेगी ' इस अवसर पर आदित्य वाहिनी फिरोजाबाद एवं आगरा के सदस्यों ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं गोविंदनंद जी महाराज के चरणों में दंडवत प्रणाम निवेदित किया साथ ही हर हिन्दू सेना हो हर हिन्दू सनातनी हो हम भारत भाग्य बनाएंगे हम हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे का उद्घोष किया। इस अवसर पर कुलदीप शर्मा, रविशंकर शर्मा,आनंद उपाध्याय, वीरेंद्र उपाध्याय विवेक पाराशर राजकुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ठिठुरन भरी सर्दी का प्रकोप बांकेबिहारी जी ताप रहे आग



**मथुरा।** ठिठुरनभरी सर्दी में जहां जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तो वही ठाकुर बांकेबिहारी को सर्दी से बचाने के लिए सेवायतों ने पूरे इंतजाम किए हैं। ठाकुर बांकेबिहारीजी को सर्दी से बचाव के लिए चांदी की अंगीठी में आग जलाई जा रही है, जिसमें ठाकुरजी ताप रहे हैं। भोग में पंचमेवा की मात्रा में वृद्धि करके केसरयुक्त हलवा, गर्म दूध भी परोसा जा रहा है। मंदिर सेवायत आचार्य गोपी गोस्वामी ने बताया ठाकुरजी को गर्म पोशाक धारण करवाई जा रही है। जैसे जैसे तापमान में गिरावट हो रही है, उन्हें राहत देने के दूसरे उपाय भी कर दिए। ठाकुर बांकेबिहारी समेत राधावल्लभ मंदिर, राधारमण मंदिर, राधादामोदर मंदिर में ठाकुरजी के सिंहासन के समीप चांदी की अंगीठी में आग जलाकर रखी जा रही है। ताकि ठाकुरजी चांदी की अंगीठी की आग से ताप कर सर्दी दूर कर सकें। मंदिरों में सुबह से शाम तक जब आराध्य अपने भक्तों को दर्शन दे रहे हैं, तो उनके समीप चांदी की अंगीठी रखकर सर्दी से राहत देने की प्रक्रिया मंदिर में शुरू हो चुकी है। ठाकुरजी को चार प्रहर भोजन परोसा जाता है। सुबह बालभोग, दोपहर को राजभोग, शाम को मंदिर के पट खुलने पर उत्थापन भोग और रात में शयनभोग अर्पित होता है। भोग में काजू, बादाम, पिस्ता, चिलगोजा, अखरोट समेत पंचमेवा परोसी जा रही है, तो केसरयुक्त हलवा व गर्म दूध भी ठाकुरजी को अर्पित कर रहे हैं। सर्दी के दिनों में ठाकुर बांकेबिहारीजी चांदी के पलंग पर सलीन की रजाई, गद्दा व तकिया का इंतजाम किया है। ताकि ठाकुरजी दिनभर सर्दी में खड़े होकर भक्तों को दर्शन देकर थक जाते हैं, तो विश्राम कर सकें। ठाकुर बांकेबिहारीजी की सेवायत विशेष इत्र से मालिश कर रहे हैं। राधावाइभ मंदिर में चल रहे खिचड़ी उत्सव में हर दिन नए रूप में भक्तों को दर्शन देकर ठाकुर राधावल्लभलाल आल्हादित कर रहे हैं। ठाकुर राधावल्लभ ने शिक्षक के रूप में दर्शन दिए। आराध्य की एक झलक पाने को श्रद्धालुओं में होड़ मच गयी। श्रीहित हरिवंश महाप्रभु द्वारा सेवित ठा. राधाबाइभ लाल जू के आंगन में खिचड़ी महोत्सव के दर्शन को भक्तों की भीड़ लगी थी। परंपरा के अनुसार सुबह ठाकुरजी के जागने से पहले सेवायतों ने समाज गायन में जगार स्तुति की। आराध्य को सर्द मौसम में राहत देने को पंचमेवा से युक्त खिचड़ी परोसी गई। मंगला आरती से पहले खिचड़ी का प्रसाद अर्पित करने के बाद सेवायतों ने आराध्य की मंगला आरती उतारी। मंदिर में खिचड़ी महोत्सव के दर्शनों को भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। गर्म वस्त्रों, धोती, कुर्ता, शाल ओढ़े व कंधा पर मफलर डाले आराध्य के आगे स्लेट पर शिक्षा के श्लोगन लिखे थे। शिक्षक के रूप में सजी ठाकुर राधावल्लभलाल की अद्भुत छवि को देख श्रद्धालु निहाल हो गए। जो जिस भाव में ठाकुरजी को निहार रहा था खुद को ठगा सा महसूस करता रह गया।

## सीडीओ ने आईजीआरएस निस्तारण की समीक्षा की

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आईजीआरएस निस्तारण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान पाया गया कि राजस्व,पुलिस प्रोवेशन,विद्युत विभाग एवं विकासखंड के आईजीआरएस के मामले समय से निस्तारण नहीं हो पा रहे हैं, यहां पर आईजीआरएस निस्तारण की स्थिति अत्यंत असंतोष जनक है, जैसे जिला प्रोवेशन अधिकारी के पास 10 शिकायतें आई जिसमें केवल दो का ही संतोषजनक ढंग से निस्तारण हो सका, इसी तरह तहसीलों में तहसील फिरोजाबादएवं सिरसागंज में भी आईजीआरएस निस्तारण की स्थिति ठीक नहीं पाई गई, इसी तरह नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद एवं फरिहा में भी निस्तारण की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अगर कोई शिकायत डिफाल्टर पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी, उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले की जन शिकायतों का निस्तारण स्वतः संज्ञान लेते हुए ससमय और गुणवत्ता पूर्वक करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, बैठक के दौरान सभी जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## 3 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार चोरी की बाइक बरामद

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। मंगलवार को थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा तीन शातिर अभियुक्तगणों अजय कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी टापाखुर्द थाना उत्तर फिरोजाबाद, अजय कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद, निवासी टापाखुर्द थाना उत्तर फिरोजाबाद, बृज मोहन पुत्र मुन्नालाल निवासी टापा खुर्द थाना उत्तर फिरोजाबाद को कोटला फरिहा रोड पुराना देशी शराब ठेका के पास बरतरा थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद से मय चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में थाना नारखी पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है।

## श्रीगंगा महारानी का 18 विशाल महोत्सव हर्षोल्लास से मना



**मथुरा।** श्रीगंगा महारानी का 18 विशाल महोत्सव अग्र वाटिका में हर्ष उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योगी नवल गिरी महाराज द्वारा दीप प्रज्वलित करके कराया गया। समिति के संस्थापक छगनलाल कागजी एवं महेश चंद्र गिलट वालों ने बताया की समिति का दो दिवसीय कार्यक्रम बहुत ही हर्ष उल्लास से किया गया। समिति के अध्यक्ष विष्णु गिलट वाले एवं महामंत्री माधव अग्रवाल सराफ ने सभी संयोजकों का दुपट्टा उड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। समिति के पदाधिकारी संजय नदवई, दीपक शर्मा टिकिया वाले, अमित कागजी ने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय कागजी, योगेंद्र बिजली वाले, ललित सराफ, आशीष चूर्ण वाले, अंकुर गैस वाले, विष्णु सिंह आदि भक्त मौजूद रहे।

## कोहरे और शीतलहर से रोडवेज बसों का संचालन 20 प्रतिशत घटा

**मथुरा।** कोहरे और शीतलहर के कारण रविवार को भी जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। सुबह में दृश्यता 20 मीटर से भी कम रही, जिससे हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। कोहरे के कारण रोडवेज बसों का संचालन भी प्रभावित हुआ है। 20 प्रतिशत बसें मथुरा डिपो के वर्कशाप से संचालन को कम निकली। दोपहर के समय निकली धूप से लोगों को थोड़ी राहत मिली। रविवार की सुबह जब लोग उठे तो घना कोहरा देख घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। सर्द हवा और कोहरे के कारण दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हाईवे पर सुबह से दोपहर तक वाहन लाइट जलाकर रेंगते नजर आए। सुबह 8 बजे हाईवे पर दृश्यता 20 मीटर के आसपास रही। यही हाल जिले के अन्य हिस्सों में भी रहा। शीतलहर से बचाव के लिए लोग उनी कपड़ों में लिपटे नजर आए, वहीं सड़कों के किनारे लोग अलाव तापते दिखे। घने कोहरे के कारण हाईवे पर वाहनों की संख्या घट गई है। रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में कमी आई है। कोहरे के चलते मथुरा डिपो की 20 प्रतिशत रोडवेज बसों का संचालन विगत तीन दिन से कम हो रहा है। जो बसें मार्गों पर जा रही हैं वे भी अपने पूरे किमी करके नहीं आ रही है। बसों को बीच से ही लौटना पड़ रहा है। रात्रि में कोहरा होने से देर रात्रि को निकलने वाली बसें 20 यात्री होने पर ही मार्गों पर भेजी जा रही हैं। यात्री कम होने पर बसें मार्गों पर संचालन के लिए नहीं जा पा रही हैं।

## महिला के ऊपर से गुजरी मालगाड़ी नहीं आई महिला को खरोच

मथुरा। सोइयां मार सके न कोई। इसी तरह का एक वाक्या आज मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन देखने को मिला। जहां एक महिला के ऊपर से मालगाड़ी गुजर गई लेकिन महिला को खरोच तक नहीं आई। बताया जाता है कि महिला पटरी क्रास कर रही थी कि तभी एक मालगाड़ी आ गई। मालगाड़ी को अपनी ओर आता देख महिला दोनों ट्रैक के बीच लेट गई और मालगाड़ी गुजर गई। मालागाड़ी गुजरते वक्त परिजन महिला को लेटी रहने की हिदायत देते रहे। जैसे मालगाड़ी रुकी परिजनों ने महिला को निकाल लिया और माता रानी की जय के जै कारे लगाए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जहां महिला ट्रैक पर लेटी हुई है और मालगाड़ी गुजर रही है।

## भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष के निधन पर शोक

**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष डॉ. के के दीक्षित के आकस्मिक निधन पर भाजपा नगर कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का शोक व्यक्त किया गया। शोक व्यक्त करने वालो में मुख्य रूप से अवधेश पालीवाल सुशील पौनिया रूपेश शुक्ला दीपक राजोरिया रिंकू उपाध्याय दीपक चौधरी त्रिविक्रम शर्मा विष्णु तिवारी सुनील पाठक संजीव पाराशर महावीर त्यागी जगवीर सिंह अधिवक्ता राजीव भाटिया आदि ने शोक व्यक्त किया।

## अवैध असलाह सहित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया। थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को एक अभियुक्त रवि कुमार पुत्र सियाराम निवासी नगला धनपाल थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद को एक तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना नगला खंगर पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है।

# केशव धाम पुलिस चौकी क्षेत्र में चोरों का साम्राज्य : बच्चों की साइकिलें भी सुरक्षित नहीं



**मथुरा।** वृन्दावन की केशव धाम पुलिस चौकी क्षेत्र इन दिनों चोरी की घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। इलाके में चोरों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस चौकी के पास भी लोगों की संपत्ति सुरक्षित नहीं रह गई है। ताजा घटना चैतन्य विहार स्थित बीएस धाम के निकट हुई, जहां ब्राइट फ्यूचर एकेडमी में कंप्यूटर कोचिंग करने आई एक छात्रा की साईकिल चंद मिनटों में गायब हो गई।

यह चोरी दिनदहाड़े हुई और पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मगर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल यह है कि बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बावजूद चोरों पर कोई लगाम क्यों नहीं लग रही है ? यह पहली बार नहीं है जब केशव धाम पुलिस चौकी के आसपास चोरी की घटना घटी हो। पिछले कुछ महीनों से यहां लगातार चोरियां हो रही हैं। साईकिल चोरी जैसी घटनाओं से कोचिंग पढ़ने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों में डर का माहौल बन गया है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर पुलिस चोरों के इस बेखौफ नेटवर्क पर काबू पाने में विफल क्यों हो रही है ? सीसीटीवी फुटेज में चोर की साफ तस्वीर होने के बावजूद पुलिस अब तक किसी ठोस कार्रवाई की ओर बढ़ती नजर नहीं आ रही है। लोग इसे पुलिस की सुस्ती और गैर-जिम्मेदार रवैये का उदाहरण मान रहे हैं। आलम यह है कि केशव धाम पुलिस चैकी के आसपास की जगहें अब चोरों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनती जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है अगर पुलिस चौकी के पास की सुरक्षा नहीं संभाल सकती, तो बाकी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था का क्या हाल होगा पुलिस की निष्क्रियता ने इलाके के लोगों में आक्रोश भर दिया है। वे मांग कर रहे हैं कि पुलिस चोरी की घटनाओं को गंभीरता से ले और जल्द ही चोरों को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाए। वरना, चोरों का यह बेखौफ रवैया पूरे इलाके को असुरक्षित बना देगा। क्या केशव धाम पुलिस चौकी इस चुनौती का सामना कर चोरों पर लगाम लगा पाएगी, या फिर यह इलाका यूं ही चोरों के लिए महफूज पनाहगाह बना रहेगा जनता जवाब मांग रही है।

## गौशाला में गौवंश की दुर्दशा, श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान सचिव ने किया निरीक्षण

**मथुरा।** विकास खण्ड फरह के ग्राम पिलुआ सादिकपुर की गौशाला में गौवंश की दुर्दशा एवं घोर अव्यवस्था के समाचार को देखकर लाखों-लाख कृष्ण भक्तों एवं गौभक्त व्यथित हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से उक्त गौशाला में गौवंशों की दुर्दशा, गौवंश के साथ अमानवीय व्यवहार एवं घोर अव्यवस्था हृदय विदारक है। जंगली कुत्तों के हमले से घायल गौवंश कष्ट में तो है ही साथ ही चारे-पानी के आभाव में भूख से तड़प-तड़प के जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुँच गयी हैं। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि-ब्रजभूमि में गौवंश की ऐसी दुर्दशा घोर निन्दनीय है साथ ही समाज एवं संस्थाओं की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि प्रबंध न्यासी अनुराग डालमिया के परामर्श के उपरान्त श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान ने पिलुआ सादिकपुर की गौशाला में तत्काल चुनी, चोकर, गुड़, भूसा एवं चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की है। संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी स्वयं गौशाला में जाकर अव्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं गौवंश को सुरक्षित रखने के लिए उपाय सुनिश्चित किये। श्री शर्मा ने बताया कि वर्तमान में संस्थान का उद्देश्य है कि गौवंश की रक्षा हो। इसके उपरान्त गौशाला की व्यवस्थाओं, नियमों एवं प्रशासनिक प्रावधानों के अनुसार गौशाला की व्यवस्था में सहयोग किया जायेगा। श्री शर्मा ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस प्रकार की घटानाओं का त्वरित संज्ञान लेकर कार्यवाही की जानी चाहिए साथ ही समय-समय पर क्षेत्रीय अधिकारियों के माध्यम से गौशालाओं का निरीक्षण भी सुनिश्चित हो।

# प्रियंका के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेसियों ने फूंका पुतला, कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र

**मथुरा।** भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा कांग्रेस पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में आज होलीगेट बौराहे पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में रमेश बिधूड़ी का पुतला दहन किया गया। महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने बताया कि भाजपा बलात्कारी दुष्कर्म करने वाले महिलाओं से अशोभनीय अभद्र व्यवहार करने वाले लोगों की जमात बन चुकी है। महिलाओं से दुर्व्यवहार करने वाले लोगों को संरक्षण देती है उन्हें भाजपा टिकट प्रदान करती है और वह नरेंद्र मोदी अमित शाह के साथ मंच साझा करते है। इंडिया गठबंधन मधुरा लोकसभा कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी मुकेश धनगर ने भाजपा के कथित नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा श्रीमती प्रियंका गांधी के प्रति आपत्तिजनक बयान की कड़े शब्दों में निंदा भत्र्सना करते हुए कहा कि ऐसी ऊंची मानसिकता के पीछे साम्प्रदाधिक लोगों का दिमाग कार्य कर रहा है। कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक को एक प्रार्थना पत्र रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने के लिए दिया गया। पुतला दहन में उमाशंकर शर्मा, जिलानी कादरी, राकेश दिवाकर, मनोज गौड़, अबरार कुरेशी, विपुल पाठक, मानवेंद्र पांडव, आशीष अग्रवाल, गौरव सिंह, प्रदीप सागर, राजू फारुकी, डॉ सीएल शर्मा, महेश बौबे, गोपाल बंसल, पूरन सिंह, कासन रिजवी, अमित राज, रवि वाल्मीकि, राजकुमार शर्मा, सतीश राजोरिया, मयंक यादव आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस उपस्थित रहे।

## मैया मोरि मैं नहि माखन खायो कथा सुन हर्षित हुए श्रोता

**सुलतानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के पूरे अंगनू लाला का पुरवा गांव के हनुमान मन्दिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक सन्त श्री रजत रसराज जी महराज ने भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी और गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भगवान कृष्ण की जयजयकार कर झूम उठे। कथावाचक रसराज महराज ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अपनी लीलाओं से सभी का मन मोह लेते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थीं तो माता यशोदा ने भगवान श्रीकृष्ण से कहा कि प्रतिदिन तुम माखन चुराकर खाते हो। तो कृष्ण ने माता को मुंह खोलकर दिखाते है और कहते है मैया मोरि मैं नहि माखन खायो।

## गीता शोध संस्थान की बच्चों के लिए गीता व्याख्यान संगोष्ठी

**जिला संवाददाता (vol)**

**मथुरा।** वृंदावन गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी द्वारा गीता के प्रचार-प्रसार योजना के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं के क्रम में आज गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वेदिक एजुकेशन गिव गोवर्धन से श्री राधा कवि दास, अवतारी प्रभु, मनदीप प्रभु एवं आचार्य वृंदावनदास महाराज की कृपा से आज रामकली देवी सरस्वती बालिका विद्यालय में गीता व्याख्यान का आयोजन किया गया। गीता का ज्ञान सफलता की पहचान के उद्घोष के साथ गिव संस्था

से आए श्रीराधा कवि दास के द्वारा श्रीमद् भागवत गीता की सरल एवं अनुपम अनूठी उदाहरण के साथ रोचक व्याख्यान हुआ। विद्यालय में लगभग 250 बालिकाओं ने पूरे स्टाफ के साथ भाग लिया। प्रोफेसर दिनेश खन्ना के निर्देशन सभी ने भगवत गीता व्याख्यान को बहुत ही ध्यान से सुना एवं प्रभु जी के द्वारा प्रश्नोत्तरी में बढ़-कर कर भाग लिया अकादमी से समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, जगदीश पथसरिया ने विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की की भविष्य में गीता शोध संस्थान के द्वारा इसी प्रकार गीता संगोष्ठी एवं गीता व्याख्यान के लिए उन्हें सेवा का मौका प्रदान करते रहेंगे। इस आयोजन में श्रीमती प्रेमा प्रानू प्रधानाचार्या, अंजली शर्मा, मीनाक्षीराज वर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, यश सक्सेना, कोमल, राजेंद्री, रिमझिम, विनीता शर्मा, प्रीति गुप्ता, ज्योति यादव आदि की उपस्थिति रही।

- स्कूली ज्ञान के साथ साथ आध्यात्मिक ज्ञान जरूरी

## डीएम कार्यालय पर आत्मदाह का प्रयास विफल बोतल में पेट्रोल और माचिस लेकर पहुंचा पीड़ित



**मथुरा।** जिलाधिकारी कार्यालय पर उस समय हड़कंप मच गया जब जिलाधिकारी की मौजूदगी में एक व्यक्ति हाथ में पेट्रोल से भरी बोतल और माचिस लेकर कार्यालय पहुंच गया और आत्मदाह का प्रयास किया और इसे देखते ही सुरक्षा कर्मियों में भगड़ मच गया। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसके हाथ से पेट्रोल की बोतल और माचिस की डिब्बी छीनकर उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि मांट के नसीदी गांव का रहने वाला देवेंद्र भारद्वाज काफी समय से अपने पिता की संपत्ति में हिस्से को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। उसके पिता ने तीन भाइयों को संपत्ति बांट दी है और उसे वंचित रखा गया है। इससे पहले देवेंद्र भारद्वाज ने उपजिलाधिकारी मांट से इसकी शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान न होने पर आज वह डीएम कार्यालय पहुंच गया। काफी देर तक अपने साथ लाए बैग सहित कार्यालय प्रांगण घूमता रहा और मौका देकर उसने बोतल निकाल ली। इसकी जानकारी लगने पर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि देवेंद्र के पिता से उसे हिस्सा देने को समझाया जाएगा। किसी के पारिवारिक मालमे में उनके स्तर से और अधिक कुछ नहीं किया जा सकता।

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर समापन

**मथुरा।** कल्याणं करोति द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिविर के आयोजक अमरीश अग्रवाल ने कहा कि यह शिविर न केवल नेत्र रोगियों के उपचार का माध्यम है, बल्कि समाज सेवा का एक अद्भुत उदाहरण भी है। उन्होंने कहा, यह देखकर गर्व और खुशी होती है कि कल्याणं करोति जैसी संस्था नेत्र स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर इसे एक जन आंदोलन का रूप दे रही है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे शिविर उन समाज के वर्गों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं, जो आर्थिक या अन्य किसी कारण से अपनी नेत्र समस्याओं का उपचार कराने में असमर्थ हैं। उन्होंने शिविर में सेवा दे रहे डॉक्टरों, स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा, आप सभी का यह समर्पण और परिश्रम समाज में एक सकारात्मक बदलाव ला रहा है। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के प्रयास समाज को एकजुट करने और परोपकार की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से न केवल नेत्र रोगों का उपचार किया गया, बल्कि यह उन लोगों के जीवन में उजाले की नई किरण लेकर आया है, जो लंबे समय से नेत्र समस्याओं का सामना कर रहे थे। शिविर में दूर-दराज अंचलों से आये 228 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराकर परीक्षण कराया जिसमें से 101 नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद रोगियों के निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान पर संपन्न किए गए। इस अवसर पर उमेष कुमार अग्रवाल, निदेशक नवल इन्फ्राटेक, सात्विक उपाध्याय डॉ. अशोक जौहरी, अरून गुप्ता, सीमा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल आदि विशिष्टजन उपस्थित रहे।

# डॉ.सीएम सिंह स्मारक भाषण आयोजित

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान, मथुरा में मंगलवार को विख्यात पशु विकृति विज्ञानी तथा भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के संस्थापक अध्यक्ष, डॉ. सी. एम. सिंह स्मारक भाषण का आयोजन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव की मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित किया गया।

स्मारक भाषण के मुख्य अतिथि, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (पशु विज्ञान) तथा आसाम कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जोरहाट के पूर्व कुलपति, डॉ. के. एम. बुजरबरूआ थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर चिंतामणि सिंह के पशु चिकित्सा विज्ञान में योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन




किया। उन्होंने शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को डॉ. सिंह से प्रेरणा लेते हुए उनके पद चिन्हों पर चलते हुए, आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में पशुपालन, मुर्गी पालन तथा उनके उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में दूध, दही, घी, मक्खन, अंडा मांस आदि की उपलब्धता, पशु वैज्ञानिकों की शोध एवं उनके क्रियान्वयन का फल है। विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने डॉ. सिंह के योगदानों को याद करते हुए, उनसे प्रेरित होकर जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि डॉ. सिंह ने ने पशुओं की विभिन्न प्रकार की बीमारियों के निदान एवं रोकथाम में अहम योगदान दिया है। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार, प्रोफेसर अतुल सक्सेना ने आगंतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। निदेशक शोध, प्रोफेसर विनोद कुमार ने डॉक्टर चिंतामणि सिंह की जीवनी का संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर विकास पाठक, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय; प्रोफेसर अर्चना पाठक, अधिष्ठाता परास्नातक; प्रोफेसर आर. पी. पांडे, अधिष्ठाता बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय; प्रोफेसर सरबजीत यादव, निदेशक डिप्लोमा संस्थान; प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, कुलसचिव; डॉ. नित्यानंद पांडे, अधिष्ठाता मत्स्यिकी महाविद्यालय; प्रोफेसर रश्मि सिंह, अधिष्ठाता डेरी विज्ञान महाविद्यालय; प्रोफेसर विजय पांडे, प्रोफेसर अरविंद त्रिपाठी, प्रोफेसर बृजेश यादव, प्रोफेसर अमित सिंह, प्रोफेसर लक्ष्मी प्रसाद सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भूमि अधिकृत किये जाने के विरोध में प्रदर्शन



**मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र के जहांगीरपुर खादर में किसानों की भूमि अधिकृत किए जाने के विरोध में आज भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर किसानों को उनकी ममीन वापस दिलाए जाने की मांग की। जिलाधिकारी कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए कार्यकताओं ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद भी किसान मजदूर आदिवासी, दलित, शोषित, पिछड़े वर्गों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। 2020 में तीन कृषि कानूनों के खिलाफ देश भर के किसानों ने दिल्ली में प्रदर्शन किया थ। जिसमें सरकार की ओर से किये गए वायदों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। किसानों का कहना है कि गन्ने पेराई सत्र शुरू किया जाए। और डिजिटल माध्यम से किसानों को भुगतान किया जाए। प्रदर्शन में धर्मवीर सिंह, राज कुमार नैन, भूरे शास्त्री, राम नारायण हरवीर सिंह, दयाराम, सीमा शर्मा, राजवीर नेता, गिरिराज सिंह देवेंद्र सिह, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## सैमसंग ने किया बिग टीवी डेज कैम्पेन की घोषणा

नई दिल्ली। सैमसंग ने नए साल और गणतंत्र दिवस के मौके पर 'बिग टीवी डेज' कैम्पेन लॉन्च किया है। इसमें बड़े स्क्रीन वाले प्रीमियम टीवी पर शानदार ऑफर्स दिए जा रहे हैं। इनमें नियो क्यूएलईडी 8 के, नियो क्यूएलईडी 4 के, ओएलईडी और 4 के यूएचडी टीवी के मॉडल शामिल हैं। यह कैम्पेन 3 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा। जो उपभोक्ता अपने घर पर मनोरंजन के अनुभव को और बेहतर बनाना चाहते हैं, वे इस अविश्सवनीय मौके का लाभ उठा सकते हैं। सैमसंग चुनिंदा खरीदारी पर 2,04,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी और 99,990 रुपये तक के मुफ्त साउंडबार्स दे रहा है। सैमसंग के प्रीमियम टीवी देश भर में लोगों के लिए टीवी देखने के अनुभव को बेहतर बना रहे हैं। यह एआई अपस्केलिंग और शानदार तकनीक से लैस हैं। इनसे तस्वीरें और अधिक स्पष्ट, साफ और असली लगती हैं। नए साल में सैमसंग उपभोक्ताओं को क्रांतिकारी ऑडियो-विजुअल अनुभव देने के लिए तैयार है। ये प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स और भारतभर के सैमसंग रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध हैं।

## बीएल एग्रो ने देगा विजेताओं को पांच साल तक सहायता

बरेली। बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 विजेताओं के लिए एक व्यापक पांच वर्षीय सहायता कार्यक्रम की घोषणा की है बीएल एग्रो के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम का एक हिस्सा यह पहल पैरा-एथलीटों को अधिक से अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने का लक्ष्य रखती है। हमारे पैरा-एथलीटों द्वारा प्रदर्शित धैर्य और दृढ़ संकल्प वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने हमें और भारत को गौरवान्वित किया है। बीएल एग्रो में, हम इस प्रतिभा को पोषित करना चाहते हैं और इन चैंपियनों को उत्कृष्टता की उनकी यात्रा जारी रखने में मदद करना चाहते हैं इस पहल के साथ, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके पास और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए आवश्यक सभी संसाधन हों।

## टोयोटा ने किया आंगनवाड़ी विकास कार्यक्रम का विस्तार

रामनगर। सामुदायिक विकास के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा आंगनवाड़ी विकास कार्यक्रम के विस्तार की घोषणा की है। कंपनी कर्नाटक सरकार के सहयोग से अपने इस कार्यक्रम की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही है। 30 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र विकसित करने वाले शुरूआती चरण की सफलता को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यक्रम का विस्तार वित्त वर्ष 2023-24 में 150 केंद्रों तक किया गया। इसके प्रभाव को समझते हुए, इस पहल का विस्तार अब दिसंबर 2024 से मार्च 2026 तक रामनगर जिले में 400 अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्रों तक बढ़ाया जा रहा है। इस विस्तारित पहल के भाग के रूप में, टीकेएम ने 03 जनवरी को एक दिवसीय ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया।

## टीटीके प्रेस्टीज का न्यू ईयर बोनान्जा लॉन्च




बेंगलुरु। टीटीके प्रेस्टीज ने न्यूईयर बोनान्जा 2024 लॉन्च किया है। यह एक खास कैम्पेन है, जो 26 जनवरी तक चलेगा। इसमें उपभोक्ताओं को टीटीके प्रेस्टीज के अभिनव एवं बेहतरीन प्रदर्शन वाले रसोईघर उत्पादों की एक बड़ी श्रृंखला पर बेहतरीन छूट तथा कॉम्प्लीमेंटरी उपहार मिलेंगे। इस खास पहल का लक्ष्य टीटीके प्रेस्टीज की विरासत का उत्सव मनाना और भारतीय परिवारों को बेजोड़ महत्व तथा नवाचार प्रदान करने के लिये ब्रैंड की प्रतिबद्धता को मजबूती देना है। इस नये साल पर हम न्यू ईयर बोनान्जा को लॉन्च करते हुए बहुत खुश हैं। यह लॉन्च एक नई संभावना के साथ हो रहा है, जिसमें लगातार फायदा देते रहने वाले उपहार का भाव तथा उत्साह है।

## नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ साझेदारी की घोषणा

बंगलूरू। सीग्रम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज 'स्क्विड गेम' के दूसरे सीजन के साथ साझेदारी की घोषणा की है। 'स्क्विड गेम' के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की 'लिव इट लार्ज' फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है।

# सेंसेक्स में 234 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 234 अंक के लाभ में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने फिर 23,700 अंक के स्तर को हासिल कर लिया।

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एलएंडटी जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार हालांकि, कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले और डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों शेयरों में नुकसान से बाजार का लाभ सीमित रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 234.12 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,199.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 487.75 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 91.85 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,707.90 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख इस बात का संकेत है कि एचएमपी वायरस को लेकर कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। घरेलू बाजार सोमवार की बड़ी गिरावट से उबर गए, लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के पहले अग्रिम अनुमान से पहले कारोबार सीमित दायरे में रहा। इसका कारण वृद्धि दर में नरमी की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में वृद्धि अनुमान को घटाया है। निकट भविष्य में बाजार सतर्क रह सकता है। वह कंपनियों के वित्तीय नतीजों में सुधार के संकेत का इंतजार करेगा। इसके अलावा एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) की बिकवाली को लेकर भी चिंता है। इसका कारण डॉलर में मजबूती, बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और नीतिगत दर में आगे कटौती को लेकर उम्मीद कम होना है। राहत के बावजूद बाजार पर लगातार बिकवाली का दबाव रहा। यह बताता है कि बाजार पर मंदड़िये हावी हैं। छोटी कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.74 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,575.06 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# चार साल के निचले स्तर पर आ सकती है जीडीपी



नयी दिल्ली। विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर आ सकती है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह अनुमान जताया गया।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी। अगर ऐसा होता है तो देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2020-21 के बाद सबसे धीमी गति से बढ़ेगी। कोविड महामारी से बुरी तरह प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि, उसके बाद 2021-22 में यह 9.7 प्रतिशत, 2022-23 में सात प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ी थी। एनएसओ का वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से कम है। आरबीआई ने दिसंबर, 2024 में जारी अपने अनुमान में कहा था कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके अलावा एनएसओ का यह अनुमान वित्त मंत्रालय के भी अनुमान से कम है। वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि 6.5 से सात प्रतिशत रहने का प्रारंभिक अनुमान जताया था। अग्रिम अनुमानों का उपयोग एक फरवरी को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट की तैयारी में किया जाएगा। एनएसओ ने 2024-25 के पहले अग्रिम अनुमान में कहा कि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पिछले वित्त वर्ष के 9.9 प्रतिशत से घटकर 5.3 प्रतिशत पर आ सकती है। इसके अलावा व्यापार, होटल, परिवहन और संचार सहित सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर 2023-24 के 6.4 प्रतिशत के मुकाबले 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन अर्थव्यवस्था के लिए राहत लेकर आ सकता है। कृषि क्षेत्र के चालू वित्त वर्ष में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में 1.4 प्रतिशत था। एनएसओ ने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत रहने का अस्थायी अनुमान है।

## सोना 700 रुपये मजबूत और चांदी में 1,300 रुपये का उछाल

नयी दिल्ली। आभूषण तथा फुटकर विक्रेताओं की ताजा लिवाली तथा रुपये के मूल्य में गिरावट आने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये मजबूत होकर 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को सोने की कीमत 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये के उछाल के साथ 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद भाव के मुकाबले 700 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और घरेलू मांग बढ़ने से सर्राफा कीमतों में तेजी आई। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे गिरकर 85.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, क्योंकि कच्चे तेल की उंची कीमतों और विदेशी कोषों की निकासी ने रुपये पर दबाव जारी रखा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 0.28 प्रतिशत बढ़कर 2,654.90 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिश्रित संकेतों के बीच सोना 2,635 डॉलर के स्तर पर मंडरा रहा है।

# रुपया पांच पैसे गिरकर 85.73 प्रति डॉलर पर



मुंबई। कच्चे तेल की उंची कीमतों और विदेशी कोषों की निकासी के बीच रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे टूटकर 85.73 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के अपने ऊपरी स्तर से कुछ टूटने के कारण रुपये की गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों में सुधार से भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.77 पर खुला। दिन के कारोबार में रुपये ने डॉलर के मुकाबले 85.65 के उच्चतम स्तर को छुआ। रुपया कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले 85.73 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे की गिरावट है। जनवरी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती नहीं करने के अनुमान के बीच एफआईआई की निकासी और अमेरिकी डॉलर की मजबूती के कारण रुपया नकारात्मक दायरे में कारोबार करेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू बाजारों में किसी भी सुधार से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के 85.50 से 85.90 के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.30 प्रतिशत गिरकर 107.92 पर था।

## बैंकों की लाभप्रदता पर असर पड़ने की आशंका

मुंबई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को कहा कि खराब परिसंपत्तियों में वृद्धि से अगले वित्त वर्ष में बैंकों की लाभप्रदता पर असर पड़ने की आशंका है। घरेलू रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय बैंकों की लाभप्रदता वित्त वर्ष 2024-25 में घुमाव बिंदु पर है और अगले वित्त वर्ष में इसमें और कमी आने की संभावना है।

उसने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 मुनाफे के लिहाज से बैंकों के लिए चरम का साल था। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख और निदेशक (वित्तीय संस्थान) करण गुप्ता ने यहां संवाददाताओं से कहा, वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों की लाभप्रदता में और कमी आने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि वित्त वर्ष 2023-24 के स्तर पर कर्ज चूक बढ़ने और ऋण लागत में वृद्धि की उम्मीद है जो दशक के निचले स्तर पर था। गुप्ता ने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता दबाव का एक बड़ा हिस्सा बिना गारंटी वाले खुदरा कर्ज जोखिम से उत्पन्न होगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसे संभाला जा सकता है और इसका कोई प्रणालीगत प्रभाव नहीं होगा। एजेंसी ने कहा कि 50,000 रुपये से कम के खुदरा असुरक्षित कर्ज में बैंकिंग ऋण का लगभग 0.4 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि केवल 3.6 प्रतिशत कर्ज ऐसे हैं जिनकी उधारी दर 11 प्रतिशत से अधिक है। रेटिंग एजेंसी ने ऋण वृद्धि की गति सुस्त होने का जिक्र करते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के प्रणालीगत ऋण वृद्धि अनुमान को 15 प्रतिशत से घटाकर 13-13.5 प्रतिशत कर दिया। उसने अगले वित्त वर्ष में मुख्य ब्याज आय प्रभावित होने की आशंका भी जताई।

# मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। देश में चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच दोपहिया तथा यात्री वाहनों की मजबूत मांग से 2024 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को बयान में कहा, 2024 में कुल वाहन पंजीकरण 2,61,07,679 इकाई रहा, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 में यह 2,39,28,293 इकाई था। वर्ष 2024 में भीषण गर्मी, केंद्र तथा राज्यों में चुनाव और असमान मानसून सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत बना रहा। दोपहिया वाहन खंड में बेहतर आपूर्ति, नये मॉडल तथा मजबूत ग्रामीण मांग ने वृद्धि को बढ़ावा दिया, हालांकि वित्तीय बाधाएं तथा बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहन प्रतिस्पर्धा चुनौतियां पेश करती रहीं। यात्री वाहनों की बिक्री 2024 में 40,73,843 इकाई रही, जो 2023 में 38,73,381 इकाई की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 1,89,12,959 इकाई हो गई। 2023 में यह 1,70,72,932 इकाई थी। वहीं तिपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 12,21,909 इकाई हो गया।

## वर्टेक्स ग्लोबल सर्विसेज की एरिश ग्लोबल सर्विसेज से साझेदारी

बंगलूरू। हालिया आंकड़ों के अनुसार, भारत में आईटी-बीपीएम सेक्टर ने मार्च 2023 तक 5.4 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए, टाइम्स स्क्वायर-मुख्यालय वर्टेक्स ग्लोबल सर्विसेज ने यूके स्थित एरिश ग्लोबल सर्विसेज के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस रणनीतिक गठबंधन का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 5000 से अधिक नौकरियां पैदा करना है, जिससे आउटसोर्सिंग उद्योग में वर्टेक्स की स्थिति मजबूत होगी। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बीपीएम कंपनियों में से एक के रूप में, वर्टेक्स ग्रुप विशेष रूप से ग्राहक सेवा, आईटी सहयोग, डेटा प्रोसेसिंग, वित्त और बैक-ऑफिस संचालन जैसे क्षेत्रों में रोजगार पैदा करके भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यवसायों के लिए ग्राहक अनुभवों को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वैश्विक बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) बाजार का आकार 2024 से 2030 तक 9.6 फीसद की सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है, इसे मजबूत करते हुए, यह साझेदारी भारत के आउटसोर्सिंग उद्योग के लिए बेहतर अवसर पैदा करेगी।

## क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन ने किया एथोक्सीसल्फ्यूरॉन परिसंपत्तियों का अधिग्रहण

नई दिल्ली। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह कुछ एशियाई देशों में बिक्री के लिए बायर एजी से इस के सक्रिय घटक एथोक्सी सल्फ्यूरॉन का वैश्विक स्तर पर अधिग्रहण करेगा। इस अधिग्रहण को क्रिस्टल का 13वां अहम लेनदेन माना जा सकता है और वर्ष 2021 में भारतीय कपास, बाजरा और सरसों के बीज पोर्टफोलियो के अधिग्रहण के बाद यह बायर से किया गया दूसरा अधिग्रहण है। इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन द्वारा समर्थित, क्रिस्टल क्रॉप एक अनुसंधान एवं विकास पर आधारित कंपनी है जो 4 दशकों से अधिक समय से किसानों को फसल के उन्नत समाधान प्रदान करती आ रही है। यह क्रिस्टल के सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक है।

# भारतीय प्रौद्योगिकी की गाथा बेहद रोमांचक

लास वेगास (अमेरिका)। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) के उपाध्यक्ष जॉन केली ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी गाथा बेहद रोमांचक है और हमें उम्मीद है कि यह सीईएस में भी जारी रहेगी।

जहां भारत के कई स्टार्टअप तथा उद्यमी अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर रहे हैं। केली ने कहा कि भारत की कहानी वाकई दिलचस्प है। यह निश्चित रूप से पिछले कई वर्षों काफी व्यापक हुई है। दुनिया का सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम सीईएस सात से 10 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसमें वैश्विक कंपनियां, शीर्ष ब्रांड, नवोन्मेषी स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोग, मीडिया तथा सरकारी अधिकारी एक साथ आएंगे।

## एस.यू.डी. लाइफ का नया यूनिट लिंक्ड फंड मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च

नई दिल्ली। स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एस.यू.डी. लाइफ) ने नए साल में एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड पॉलिसीधारकों को भारत के तेजी से बढ़ते मिडकैप मार्केट में निवेश करने का शानदार मौका दे रहा है। मिडकैप कंपनियां वे होती हैं जिनका काफी मजबूत बिजनेस मॉडल होता है और जो तेजी से बढ़ने के लिए तैयार होती हैं। मोमेंटम इन्वेस्टिंग यानी उन स्टॉक्स पर फोकस करना जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कमजोर स्टॉक्स को समय-समय पर हटा देना।

## बंधन निफ्टी अल्फा लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च

नई दिल्ली। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी अल्फा लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो दो निवेश फैक्टर्स-अल्फा और लो वोलैटिलिटी, को एक साथ लाती है। निफ्टी अल्फा लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स को ट्रैक करते हुए, फंड उन स्टॉक का चयन करता है जिन्होंने कम वोलैटिलिटी बनाए रखते हुए ऐतिहासिक रूप से जेनरेटड अल्फा का परफॉर्मेंस किया है। इस रणनीति का उद्देश्य अनिश्चित बाजारों में संबंधित स्थिरता प्रदान करते हुए मजबूत ग्रोथ के अवसरों को प्राप्त करना है।

## पेज एक का शेष

### तिब्बत में

शहर की डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, भूकंप के कारण मंगलवार को अपराह्न तीन बजे तक (स्थानीय समयानुसार) 95 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 130 अन्य घायल हुए हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य चलाने के लिए हर संभव प्रयास करने के आदेश दिए। शी ने घायलों के उपचार के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया तथा द्वितीयक आपदाओं (भूकंप के बाद संभावित आपदाओं) को रोकने, प्रभावित निवासियों के समुचित पुनर्वास तथा इसके बाद के कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। भूकंप के बाद, चीन भूकंप प्रशासन ने स्तर-दो की आपात सेवा प्रतिक्रिया शुरू की तथा आपदा राहत प्रयासों में सहायता के लिए एक कार्य दल को घटनास्थल पर भेजा।

### मुफ्त वाली

है। कुमार ने बताया कि राजधानी के 2697 स्थानों पर कुल 13,033 मतदान केंद्र होंगे और इनमें से 210 मॉडल मतदान केंद्र होंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में विभिन्न कानून अनुपालन एजेंसियों के साथ व्यापक चर्चा की गई है, जिसमें सुरक्षा से जुड़े आयाम भी शामिल हैं।

आयोग ने घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर के दो निर्वाचन क्षेत्रों बडगाम और नगरोटा में मौजूदा बर्फीली परिस्थितियों के कारण बाद में उपचुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के बशीरहाट और गुजरात के विसावदर में चुनाव याचिकाएं लंबित रहने तक उपचुनाव नहीं कराए जा सकते। कुमार ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में दो विधानसभा सीटों-बडगाम और नगरोटा में उपचुनाव होने हैं। उन्होंने कहा, बर्फ की स्थिति के कारण, हम इसे बाद में करेंगे। हमारे पास अप्रैल तक का समय है और हम उससे पहले चुनाव पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा दो और संसदीय क्षेत्र हैं- पश्चिम बंगाल में बशीरहाट और गुजरात में विसावदर। दोनों ही मामलों में चुनाव याचिकाएं लंबित हैं और नियमों के मुताबिक तब तक हम उपचुनाव नहीं करा सकते।

### अयोध्या की

की अंतिम तिथि 20 जनवरी (सोमवार) तय की गई है। चंद्रशेखर के अनुसार मतदान पांच फरवरी 2025 (बुधवार) को होगा, और मतगणना आठ फरवरी (शनिवार) को संपन्न होगी। निर्वाचन प्रक्रिया 10 फरवरी (सोमवार) तक पूरी कर ली जाएगी। चंद्रशेखर के अनुसार आदर्श आचार संहिता के प्रावधान निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार लागू हो गए हैं।

मिल्कीपुर सीट का उपचुनाव भी पूर्व में हुए उत्तर प्रदेश के नौ विधानसभा सीट के उपचुनाव के साथ ही होना था लेकिन साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में इस सीट के लिए हुए निर्वाचन को लेकर अदालत में याचिकाएं दायर होने की वजह से यहां उपचुनाव नहीं हो सका था। हालांकि हाल ही में यह बाधा समाप्त होने के बाद मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2022 के विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर निर्वाचन क्षेत्र से सपा नेता अवधेश प्रसाद के निर्वाचन को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं को वापस लेने की अनुमति दे दी, जिससे सीट पर उपचुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया।

### यूपी : 11

ट्रांसफर होकर आए थे। वहीं सुल्तानपुर, अमरोहा, मैनपुरी, मिजार्पुर, बस्ती, कन्नौज और भदोही के एसपी का भी तबादला किया गया है। मैनपुरी के एसपी विनोद कुमार अब कन्नौज के पुलिस कप्तान होंगे।

शासन ने देर रात आठ जिलों के कप्तान समेत सोलह आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं जिनमें सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा को एसपी मिर्जापुर, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से आईपीएस संकल्प शर्मा को एसपी लखीमपुर आईपीएस कुंवर अनुपम सिंह को पुलिस अधीक्षक अमरोहा से पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर आईपीएस गणेश प्रसाद साहा को पुलिस अधीक्षक खीरी से हटाकर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी, आईपीएस अभिनन्दन को पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर से हटाकर पुलिस अधीक्षक बस्ती आईपीएस विनोद कुमार को पुलिस अधीक्षक मैनपुरी से हटाकर पुलिस अधीक्षक कन्नौज, आईपीएस डाक्टर मीनाक्षी कात्यान को पुलिस अधीक्षक भदोही से हटाकर पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना कानपुर आईपीएस बसंत लाल को पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना कानपुर से पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, आईपीसएस गोपाल चौधरी को पुलिस अधीक्षक बस्ती से हटाकर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, आईपीएस अमित कुमार आनन्द को पुलिस अधीक्षक कन्नौज से पुलिस अधीक्षक अमरोहा व अभिमन्यू मांगलिक को अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहारनपुर से हटाकर पुलिस अधीक्षक भदोही का कप्तान बनाया गया है। वहीं वरिष्ठ अफसरों में संजीव गुप्ता का कुछ दिनों पहले किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। और मेरठ से पूर्व में हटाए गए आईजी नचिकेता झा को स्थापना का आईजी बनाया गया है।

वहीं, एडीजी एंटी करप्शन एन रविंदर को डीजीपी के जीएसओ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। डीआईजी स्थापना के पद पर तैनात शलभ माथुर को कार्मिक विभाग में डीआईजी बनाया गया है।

### पहाड़ों पर

रिकॉर्ड किया गया। वहीं सोमवार की रात को न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। दिन भर 21 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलीं। इस हाड़ कंपाने वाली ठंड का असर बाजार से लेकर यातायात तक देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 11 और 12 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ के कारण रात के तापमान में वृद्धि हो सकती है, लेकिन दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। आने वाले दिनों में पश्चिमी हिमालय की ओर एक और पश्चिमी विक्षोभ बढ़ रहा है, जो उत्तर राजस्थान और उससे सटे पंजाब और हरियाणा में चक्रवातीय परिसंचरण को सक्रिय करेगा। इस विक्षोभ के प्रभाव से सबसे पहले उत्तर राजस्थान में बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां शुरू होंगी। मौसम विभाग के अनुसार 11 जनवरी तक कुछ जिलों में हल्की बारिश और ओले गिरने के आसार हैं। लखनऊ, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा और हमीरपुर समेत कई जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं और कोहरे के बीच रात के समय दृश्यता स्तर 100 मीटर से भी कम रह गया है।

### आसाराम बापू

जाएगी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने आसाराम को निर्देश दिया कि रिहाई के बाद वह अपने अनुयायियों से नहीं मिलेंगे। आसाराम को 2013 में जोधपुर स्थित अपने आश्रम में 16 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म करने का दोषी ठहराया गया था। इसके बाद, 2018 में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आसाराम ने अपनी सजा को स्वास्थ्य आधार पर निलंबित करने के लिए कई बार याचिकाएं दायर की थीं, लेकिन पहले हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

### धामी ने केंद्रीय

कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए काफी तैयारियां की गयी हैं। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखंड में खेल संस्कृति का विकास होगा। प्रदेश में खेल अवस्थापनात्मक सुविधाओं का इस प्रकार विकास किया जा रहा कि राज्य के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल सकें।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अल्मोड़ा के डीनापानी में उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं (हाई एल्टीट्यूट सेंटर) के निर्माण और प्रत्येक विकासखंड स्तर पर खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के लिए एक-एक बहुद्देशीय स्पोर्ट्स हॉल की स्थापना के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज परिसर में स्थित आईस स्केटिंग रिंग के संचालन के लिए पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव पर स्वीकृति के साथ ही राज्य सरकार द्वारा नई टिहरी स्थित शिवपुरी में संचालित साहसिक प्रशिक्षण केन्द्र के उच्चीकरण के लिए भी धनराशि की स्वीकृति दिये जाने का अनुरोध किया।

### विराज सागर

पेश करेगी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में भारत की यूथ टीम उपविजेता रही जबकि जूनियर टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। चैंपियनशिप के समापन समारोह में अतिथिगण उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास, प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन के.रविंद्र नायक, अपर पुलिस महानिदेशक वीके सिंह और खेल सचिव सुहास एल वाई ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्मित इस क्रीड़ा संकुल के होने के चलते ही लखनऊ में यह आयोजन किया जा सका। इस बड़ी पहल के लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन व खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव के प्रयासों की सराहना करता हूं। उन्होंने बताया कि इस हाल का निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड इकाई 21 के प्रोजेक्ट मैनेजर पीके जैन के निर्देशन में उच्च गुणवत्ता के साथ बहुत कम समय में पूरा कराया गया। अंत में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ.तेजराज सिंह ने उपस्थित अतिथिगण व प्रतिभागी खिलाड़ियों का आभार जताया। समापन समारोह में आईएचएफ से टेक्निकल डेलीगेट यूएई से सालेह मोहम्मद सईद, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के आयोजन सचिव अमित पाण्डेय, लखनऊ हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव डॉ. सुमंत पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारीगण व खेल प्रेमी मौजूद थे। आज यूथ वर्ग के फाइनल में भारत के खिलाफ शुरू से ही उज्बेकिस्तान ने अटैकिंग गेम दिखाया और लगातार गोल दागते हुए अपनी मजबूत पकड़ बनाये रखी। उज्बेक खिलाड़ियों ने अनुभव व फुर्ती के सहारे पहले हॉफ में मेजबान के खिलाफ 25-13 से बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौकों पर आक्रामक खेल दिखाया लेकिन मिले मौकों को वो भुना नहीं सके। इसके चलते उज्बेक खिलाड़ियों२२ ने अंतर बढ़ाते हुए 47-23 से जीत हासिल की। विजेता टीम से योरकुलोव ने 9, तुर्गुनोव कुवोंचबेक ने 7, सफारोव ने 8 व अब्दुकरिमोव ने 6 गोल किये। भारत की ओर से रवि ने 7, अंशु व प्रवीण गिल ने 5-5 जबकि मनीष यादव ने 4 व सुयश अवस्थी ने 2 गोल किये। जूनियर वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान ने कजाखिस्तान को 38-18 से हराया। मध्यांतर तक उज्बेकिस्तान 17-6 से आगे था। उज्बेकिस्तान से एशंकुलोव जलोलिद्दीन ने 8, राखत जोल्दास्बाएव ने 6 व रहिमोव ने 5 गोल किए। कजाखिस्तान से मिखाइल सालमोव व अजीजान रकीमजानोव ने 5-5 गोल किए। इससे पूर्व तीसरे स्थान के मैच में भारतीय जूनियर अंडर-20 टीम ने बांग्लादेश को 40-24 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत मध्यांतर तक 17-9 से आगे था। भारत के लिए जसप्रीत सिंह व मोहित ने सर्वाधिक 9-9 गोल दागे। यूथ अंडर-18 में तीसरे स्थान के मैच में कजाखिस्तान ने कांस्य पदक जीता जिसने बांग्लादेश को 33-29 से हराया। विजेता टीम से वादिम कैसिन ने सर्वाधिक 15 गोल किये।




संक्षेप

## त्रीसा व गायत्री की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में

कुआलालंपुर। भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यहां छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल 30 मिनट में 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर अंतिम 16 में जगह पक्की की। लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी सफलता से उत्साहित त्रीसा और गायत्री को गैरवरीय थाई जोड़ी से खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में कुछ समय में ही 17-8 की बढ़त बना ली और फिर यह गेम अपने नाम करने में देर नहीं लगाई। त्रीसा और गायत्री को दूसरे गेम के शुरू में थोड़ा चुनौती का सामना करना पड़ा। शुरू में एक समय स्कोर 88 से बराबरी पर था लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी में शानदार प्रदर्शन करके यह गेम और मैच अपने नाम किया।

## आईटीएफ : माया ने कुमरू को हराकर किया उलटफेर

नयी दिल्ली। भारत की माया राजेश्वरन रेवती ने मंगलवार को यहां उलटफेर करत हुए आईटीएफ जे300 टेनिस स्पर्धा के लड़कियों के एकल वर्ग के पहले दौर में दुनिया की 60वें नंबर की खिलाड़ी अदा कुमरू का हराया जबकि शीर्ष वरीय और खिताब की दावेदार योआना कोन्सटेनटिनोवा दूसरे दिन हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। कोयंबटूर की माया ने डीएलटीए परिसर में पहले दौर में तुर्की की चौथी वरीय कुमरू को सीधे सेट में 6-। 7-6 से हराया। पंद्रह साल की माया दुनिया की 139वें नंबर की खिलाड़ी हैं। माया से पहले भारत की रिषिता रेड्डी बासिरेड्डी और ऐश्वर्या जाधव भी लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। खिताब की दावेदार कोन्सटेनटिनोवा को नेइटो ने 6-3 6-। से हराया। नेइटो दुनिया की शीर्ष 400 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं हैं। फ्रांस की दूसरी वरीय एलिजाह इनिसान ने जापान की मियाकी यामागिशी को 7-6 6-। से शिकस्त दी। लड़कों के वर्ग में हालांकि भारत को निराशा हाथ लगी जब मंगलवार को उतरे तीनों एकल खिलाड़ी हारकर बाहर हो गए। अर्जुन पंडित को कजाखस्तान के शीर्ष वरीय डेनियल ताजाबेकोव के खिलाफ 0-6, 2-6 से हार झेलनी पड़ी जबकि सहज सिंह पवार को सिंगापुर के मैक्सिमस जेवियर वोंग के खिलाफ।-6 ।-6 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन राठी भी लात्विया के आर्तर्स जगरास के खिलाफ 3-6 6-7 से हार गए।

## भारतीय खिलाड़ियों को एसए20 में खेलने की स्वीकृति देगा बीसीसीआई : डिविलियर्स

नयी दिल्ली, सात जनवरी (भाषा) दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी एबी डिविलियर्स को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) निकट भविष्य में भारतीय खिलाड़ियों को एसए20 में भाग लेने की अनुमति देगा क्योंकि इससे इस फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग की लोकप्रियता बढ़ेगी। दिनेश कार्तिक एसए20 में भाग लेने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनने वाले हैं लेकिन यह तभी संभव हो पाया जब उन्होंने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। बीसीसीआई अपने सक्रिय खिलाड़ियों को विदेशी लीग में भाग लेने की अनुमति नहीं देता है और अभी तक भारत से बाहर की प्रतियोगिताओं में खेलने का एकमात्र तरीका स्वदेश में अपने करियर को विराम देना है। डिविलियर्स ने नौ जनवरी से शुरू होने वाले एसए20 के तीसरे सत्र से पूर्व चुनिंदा मीडिया से बात करते हुए कहा, ‘मैं और अधिक भारतीय खिलाड़ियों को इसमें शामिल होते देखना पसंद करूंगा। हम जानते हैं कि दिनेश कार्तिक इस साल यहां होंगे जो शानदार है और यह टूर्नामेंट के लिए बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, और उम्मीद है कि बीसीसीआई भविष्य में और अधिक भारतीय खिलाड़ियों को एसए20 में शामिल होने की अनुमति देगा। डिविलियर्स अच्छी तरह से जानते हैं कि बीसीसीआई निकट भविष्य में सक्रिय भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी लीग के लिए उपलब्ध नहीं कराने जा रहा है।

# बुमराह आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित

एजेंसी

दुबई। स्टार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हाल में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के कारण मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के दिसंबर 2024 महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। बुमराह ने दिसंबर में तीन टेस्ट में 14.22 के औसत से 22 विकेट चटकाए।

इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच टेस्ट में कुल 32 विकेट लिए। बुमराह पीठ में जकड़न के कारण सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में मेजबान टीम की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। बुमराह ने ब्रिसबेन और मेलबर्न में नौ-नौ विकेट चटकाए थे जिससे भारत मेजबान टीम को कड़ी चुनौती देने में सफल रहा था। बुमराह को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेन पेटरसन से कड़ी चुनौती मिलेगी। कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 3-। से श्रृंखला जीती थी। तेज गेंदबाज कमिंस ने दिसंबर में भारत के खिलाफ तीन टेस्ट में 17.64 की औसत से 17 विकेट हासिल किए। कमिंस ने महीने का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एडीडले में 57 रन पर पांच



विकेट चटकाकर किया जिसकी मदद से मेजबान टीम 10 विकेट से आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। कमिंस ने मेलबर्न में 49 और 41 रन की उपयोगी पारियां भी खेलीं। पेटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दो टेस्ट में 16.92 के औसत से 13 विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया से होगी।

**राजकोट में पहली बार होगा विमेंस वनडे:भारत और आयरलैंड की प्लेयर्स ने प्रैक्टिस शुरू की; स्मृति मंधाना करेंगी इंडिया की कप्तानी**

**राजकोट**। इंडिया विमेंस टीम ने राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। भारत और आयरलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेली जाएगी। सोमवार को दोनों टीमों की प्लेयर्स राजकोट पहुंचीं। आज से दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने मैदान पर नेट प्रैक्टिस भी शुरू कर दी। दोनों टीमों ने 6 घंटे प्रैक्टिस की मंगलवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक दोनों टीमों ने प्रैक्टिस की। जिसमें दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने वॉर्म-अप, फील्डिंग, कैच और नेट प्रैक्टिस के साथ बैटिंग और बॉलिंग की प्रैक्टिस की। राजकोट में पहली बार ही कोई विमेंस इंटरनेशनल मैच खेला जाएगा। 9 जनवरी तक प्रैक्टिस होगी दोनों टीमें 9 जनवरी तक प्रैक्टिस करेंगी। 10 जनवरी को पहला वनडे खेला जाएगा। भारत ने पिछले दिनों वेस्टइंडीज को वनडे और टी-20 सीरीज में हराया था। अब टीम आयरलैंड के खिलाफ 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। 12 और 15 जनवरी को बाकी 2 मुकाबले खेले जाएंगे।

हरमनप्रीत कौर को आराम आयरलैंड के खिलाफ हरमनप्रीत कौर को आराम दिया गया, उनकी जगह स्मृति मंधाना कप्तानी करेंगी। राजकोट एयरपोर्ट पर दोनों टीमों का फूल मालाओं से स्वागत हुआ। प्लेयर्स को किताबें भी गिफ्ट की गईं। मंधाना को मिल सकता है प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड भारत की ओपनिंग बैटर स्मृति मंधाना ने दिसंबर में 9 मैच खेले और 463 रन बना दिए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शतक भी लगाया। उन्होंने फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 5 मैचों में 50+ स्कोर बनाए। उन्होंने वनडे में 270 और टी-20 में 193 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द दिसंबर मंथ के लिए कउउ ने नॉमिनेट किया। वह अवॉर्ड जीतने की रेस में टॉप पर भी हैं।

# साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को 10 विकेट से हराया, सीरीज 2-1 से जीती

एजेंसी

केप टाउन । साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी जगह बना ली है। साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हरा दिया। केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में चौथे दिन होम टीम को 61 रन की टारगेट मिला, जिसे उसने बगैर नुकसान के 7.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 2 विकेट से जीता था, इसलिए सीरीज भी 2-0 से होम टीम के नाम ही रही। पहली पारी में 259 रन की मैराथॉन पारी खेलने वाले ओपनर रायन रिकेलटन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं 10 विकेट लेने वाले मार्को यानसन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 478 रन बनाए पाकिस्तान ने चौथे दिन अपनी दूसरी पारी 213/1 के स्कोर से आगे बढ़ाई। शान मसूद ने 102 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया।

नाइट वॉचमैन खुर्रम शहजाद 18 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद सभी बैटर्स को अच्छी शुरूआत मिली, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सका। मसूद 145 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद कामरान गुलाम 28, सऊद शकील 23, मोहम्मद रिजवान 41, सलमान आगा 48, आमेर जमाल 34 और मीर हम्जा 16 रन बनाकर आउट हुए। टीम ने दूसरी पारी में 478 रन बनाए और साउथ अफ्रीका को 61



रन का टारगेट मिला। रबाडा-महाराज को 3-3 विकेट साउथ अफ्रीका से गेंदबाजी में कगिसो रबाडा और केशव महाराज ने 3-3 विकेट लिए। मार्को यानसन को 2 और क्वेना मफाका को 1 विकेट मिला। मफाका ने मसूद का बड़ा विकेट लिया। टीम से 3 गेंदबाज ने 100 से ज्यादा रन दिए। बेडिंघम ने 5 चौके और 2 छक्के लगाए साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में रायन रिकेलटन की जगह डेविड बेडिंघम को ओपनिंग करने भेजा। उन्होंने तेजी से बैटिंग की और महज 30 गेंद पर 47 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। उन्होंने 5 चौके और 2 छक्के लगाए। उनके सामने ऐडन मार्करम 13 गेंद पर 14 रन बनाकर नॉटआउट रहे। मुकाबले के तीसरे दिन पाकिस्तान पहली पारी में 194 रन ही बना सका। साउथ अफ्रीका ने उन्हें फॉलोऑन दे दिया, टीम ने दूसरी पारी में वापसी की और एक विकेट के नुकसान पर 213 रन बना लिए।

**रोहित और कोहली का टेस्ट में भविष्य चयनकर्ताओं पर निर्भर : गावस्कर**

सिडनी। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पिछले छह महीनों में टीम के खराब प्रदर्शन की गहन समीक्षा करने की वकालत करते हुए कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य अब पूरी तरह से चयनकर्ताओं के हाथ में है। गावस्कर ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर चल रही बहस के संदर्भ में कहा, वे कितने समय तक टीम में रहेंगे यह वास्तव में चयनकर्ताओं पर निर्भर है।

# इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन में उतरेगा भारतीय दल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू की अगुवाई में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल 14 जनवरी से यहां शुरू होने वाले योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेगा। ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर एक शी युकी जैसे शीर्ष सितारों के साथ भारत के 21 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इसमें पुरुष एकल में तीन, महिला एकल में चार, पुरुष युगल में दो, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में चार जोड़ियां चुनौती पेश करेंगी।

इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में चैंपियंस के लिए साढ़े नौ लाख डॉलर (लगभग 8.15 करोड़ रुपये) का पुरस्कार पूल और 11,000 रैंकिंग अंक दांव पर लगे होंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा, सुपर 750 प्रतियोगिता में इतने सारे भारतीय खिलाड़ियों का प्रतिस्पर्धा करना विश्व मंच पर भारतीय बैडमिंटन के विकास और उन्नति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ शुरुआत हैं। इस साल हमारे स्थापित खिलाड़ियों के साथ नये नाम भी भारतीय बैडमिंटन की चमक को बढ़ायेंगे। इस टूर्नामेंट को 2023 में सुपर 750 श्रेणी में बढ़ा दिया गया था। भारत के 14 खिलाड़ियों ने इसके पिछले दो सत्र में हिस्सा लिया था।





टूर्नामेंट के पिछले आयोजन में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे थे जबकि एचएस प्रणय का 2024 में पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

चीन मास्टर्स 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चिराग और सात्विक पुरुष युगल में एक बार फिर खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। चोट से वापसी कर रहे सात्विक पेरिस ओलंपिक के बाद अपनी लय दोबारा हासिल करने की कोशिश करेंगे। सात्विक-चिराग के अलावा भारत की उम्मीदें पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पर भी टिकी होंगी। इस प्रतियोगिता में विश्व के शीर्ष-20 पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 और शीर्ष-20 महिला एकल बैडमिंटन खिलाड़ियों में से 14 भाग लेंगे।

**मलेशिया ओपन: छत से पानी टपकने के कारण प्रणय का मैच रुका**

कुआलालंपुर। भारत के एचएस प्रणय को सत्र के पहले मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में निराशाजनक शुरुआत का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां आशियाटा एरिना में छत से पानी टपकने के कारण कनाडा के ब्रायन यैंग के खिलाफ उनका मैच बीच में ही रोकना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के बाद वापसी कर रहे प्रणय जब करीब 25 मिनट के खेल के बाद मुकाबले में 21-12, 6-3 से आगे चल रहे थे तब छत से बारिश का पानी रिसने लगा और कोर्ट तीन पर खेल रोकना पड़ा।

एक घंटे से अधिक विलंब के बाद शाम लगभग सवा चार बजे मुकाबला दोबारा शुरू हुआ लेकिन इसे दोबारा रोकना पड़ा क्योंकि पानी फिर टपकने लगा।

## इंग्लैंड से चैंपियंस ट्रॉफी मैच का बहिष्कार करने का आग्रह

लंदन। ब्रिटेन के 160 से अधिक राजनेताओं ने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड से अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने का अनुरोध किया है। राजनेता चाहते हैं कि ईसीबी तालिबान शासन के महिलाओं के अधिकारों के दमन के खिलाफ आवाज उठाए और 26 फरवरी को पाकिस्तान के लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले पुरुषों के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच का बहिष्कार करे। तालिबान की 2021 में सत्ता में वापसी के बाद से खेल में महिलाओं की भागीदारी को प्रभावी रूप से गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नियमों का उल्लंघन भी है लेकिन अफगानिस्तान को आईसीसी की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है। ऐसे में ब्रिटेन के सांसदों ने एक पत्र लिखकर ईसीबी से अपनी नैतिक आपत्ति दर्ज कराने की अपील की है। यह पत्र लेबर सांसद टोनिया एंटोनियाजी में लिखा है तथा इसमें निगेल फराज और जेरेमी कॉर्बिन सहित हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सांसदों के हस्ताक्षर हैं। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड को संबोधित पत्र में कहा गया है, हम इंग्लैंड की पुरुष टीम के खिलाड़ियों और अधिकारियों से तालिबान के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाले बुरे व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह करते हैं।

# भाला फेंक प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी

चंडीगढ़। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंगलवार को बताया कि भारत संभवतः इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है। इसमें 2029 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है। एएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने पुष्टि की कि भारत ने 2029 विश्व चैंपियनशिप और 2027 में होने वाली विश्व रिले प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। एएफआई पिछले साल नवंबर में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को की भारत यात्रा के दौरान पहले ही 2028 विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए अपनी रुचि व्यक्त कर चुका है। पिछले 12 साल से एएफआई के अध्यक्ष रहे सुमरिवाला ने इस खेल महासंघ की वार्षिक आम बैठक के पहले दिन कहा, भारत इस साल के आखिर में भाला फेंक की एक शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें दुनिया के चोटी के 10 खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा, नीरज चोपड़ा वहां होंगे। वह उस टीम का हिस्सा हैं जो इस प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। जेएसडब्ल्यू, एक विदेशी फर्म और एएफआई मिलकर इस प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं। सुमरिवाला ने बाद में को बताया कि यह प्रतियोगिता सितंबर में आयोजित की जा सकती है।



एशियाड स्वर्ण विजेता बहादुर सिंह सागू एएफआई अध्यक्ष चुने गए एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता और गोला फेंक के पूर्व खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को यहां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लंबे समय से शीर्ष पद पर कार्यरत आदिल सुमरिवाला की जगह लेंगे। बुसान एशियाई खेल 2002 में गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने तथा 2000 और 2004 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 51 वर्षीय सागू को चार साल के लिए इस पद पर चुना गया है। वह एएफआई एथलीट आयोग के सदस्य भी हैं। निवर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाने के बाद सागू मैदान में एकमात्र उम्मीदवार बचे थे। एएफआई की दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक में उनके चुनाव को औपचारिक रूप दिया गया। सागू ने एशियाई खेल 2002 में पुरुषों के गोला फेंक में 19.03 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20.40 मीटर है।






लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल ‘कांटिनेंटल फेज – एशिया’ मैच के दौरान बाल के लिए संघष करते उज्बेकिस्तान व कजाखिस्तान के खिलाड़ी

# जांच एजेंसियां करेंगी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल

## शाह ने अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहायता के लिए भारतपोल का शुभारंभ किया

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत शुरू की गई आधुनिक प्रणालियां और भारतपोल जैसी प्रौद्योगिकीय व्यवस्थाएं कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भारत में अपराध करने के बाद विदेश भाग गए भगोड़ों को अदालत के कठघरे में लाने में सक्षम बनाएंगी।

इंटरपोल से संबंधित मुद्दों पर भारतीय एजेंसियों के साथ त्वरित समन्वय स्थापित करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित नये पोर्टल भारतपोल की शुरुआत के अवसर पर उन्होंने यह कहा।



शाह ने कहा कि केंद्र की (नरेन्द्र) मोदी सरकार द्वारा लाये गए तीन नये आपराधिक कानूनों में, आरोपियों की अनुपस्थिति में मुकदमा चलाने का प्रावधान जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत एक न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित कर अदालत के आदेश पर, भगोड़े अपराधियों की अनुपस्थिति में उन पर मुकदमा चलाना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में दोषी ठहराए गए अपराधियों को विदेशों से प्रत्यर्पित कराने की प्रक्रिया इस प्रावधान से सरल हो जाएगी। शाह ने कहा कि भारतपोल पोर्टल की क्षमताओं के साथ मिलकर यह नया उपाय भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भगोड़ों को अदालत के कटघरे में लाने में सशक्त बनाएगा, चाहे वे कहीं भी छिपे हों। भारतपोल सभी केंद्रीय और राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को एक साझा पोर्टल पर लाएगा, जिससे इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा, जिसमें रेड कॉर्नर नोटिस और रंग आधारित इंटरपोल के अन्य नोटिस शामिल हैं। शाह ने कहा कि कई सालों तक भारत में अपराध कर दुनिया के अन्य देशों में भाग जाने वाले अपराधी हमारे कानूनों की पकड़ से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग कर कानून की पहुंच से बाहर रहे अपराधियों को हमारे कानून की गिरफ्त में लाया जाए। गृह मंत्री ने सीबीआई का आह्वान किया कि वह जमीनी स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने में अग्रणी भूमिका निभाए, जिससे न्यायिक प्रणाली मजबूत होगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और कानून प्रवर्तन प्रयासों की समग्र दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार होगा।

गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल राज्य पुलिस बलों को 195 देशों की पुलिस के साथ जानकारी साझा कर उनका सहयोग प्राप्त करने में सहायता करेगी। गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों और विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजे गए अधिकारियों को भी पुलिस पदक प्रदान किए। उन्होंने जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री के पदक भी प्रदान किए।

# आंध्र प्रदेश में कई परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे मोदी

अमरावती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को विशाखापत्तनम में कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे तथा कुछ अन्य का उद्घाटन करेंगे।

वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद यह प्रधानमंत्री का राज्य का पहला दौरा होगा। आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनसेना के गठबंधन ने केंद्र में सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और अन्य लोगों के साथ मोदी विशाखापत्तनम में रेलवे जोन की नींव रखेंगे। इसी तरह, वह अनकापल्ली जिले के नक्कापल्ली मंडल के पुदिमदका में राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड



(एनटीपीसी) के एकीकृत हरित हाइड्रोजन केंद्र की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की यह कंपनी तीन चरणों में 65,370 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रधानमंत्री डिजिटल माध्यम से कृष्णापत्तनम औद्योगिक केंद्र का आरंभ करेंगे, जो पहले चरण में 2,500 एकड़ भूमि पर बनने वाली 1,518 करोड़ रुपये की परियोजना है। इससे 50,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इसी तरह, मोदी डिजिटल माध्यम से नक्कापल्ली में 1,877 करोड़ रुपये की लागत वाले बल्क ड्रग पार्क की भी आधारशिला रखेंगे। देश को दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बल्क ड्रग पार्क की स्थापना की जाएगी। करीब 11,542 करोड़ रुपये के निवेश से 2,002 एकड़ भूमि पर बनने वाले इस बल्क ड्रग पार्क से 54,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। विशाखापत्तनम में आंध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान में प्रधानमंत्री की जनसभा में 1.5 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। शिलान्यास और उद्घाटन समारोह के अलावा मोदी संपत विनायक मंदिर से आंध्र विश्वविद्यालय में बैठक स्थल तक रोड शो भी करेंगे।

संक्षेप

## पार्षद के घर में घुसकर हमला

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में करीब 50 लोगों द्वारा सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पार्षद के घर में घुसकर किए गए हमले के मामले ने मंगलवार को तूल पकड़ लिया, जब इस पार्षद ने पार्टी के एक अन्य पार्षद के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए भाजपा संगठन और पुलिस का दरवाजा खटखटाया। पुलिस ने इस घटना को लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है, लेकिन भाजपा पार्षद ने अपनी पार्टी के ही अन्य पार्षद के इशारे पर उनके समर्थकों द्वारा यह हमला किए जाने का आरोप लगाया है। भाजपा पार्षद कमलेश कालरा ने संवाददाताओं से कहा कि उनके और नगर निगम के एक कर्मचारी के बीच फोन पर हुई बहस के बाद भाजपा पार्षद जीतू यादव ने चार जनवरी को उनके घर में 50-60 हथियारबंद लोग भेजे जिन्होंने उनके परिजनों के साथ अभद्र बर्ताव, मारपीट और घर में तोड़-फोड़ की। कालरा के मुताबिक नगर निगम कर्मचारी यादव का रिश्तेदार है और यादव के कथित समर्थकों के हमले के दौरान वह अपने घर में नहीं थे। कालरा ने दावा किया कि हमलावरों ने घटनाक्रम के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर इन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित भी किया। यादव, महापौर परिषद के सदस्य भी हैं। उन्होंने कालरा के आरोप खारिज करते हुए कहा कि वह भाजपा संगठन के स्तर पर अपनी बात रखेंगे।

## मुकाबला काम और गाली गलौज की राजनीति के बीच होगा : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच मुकाबला होगा और दावा किया कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाएगी।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को होंगे और मतगणना 8 फरवरी को होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 17 जनवरी है और नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी तक की जाएगी। केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ रहेगा। हम जरूर जीतेंगे। केजरीवाल और आप के अन्य नेता भाजपा पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि भाजपा मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार और मुद्दों के बिना चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है।

केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार रहने की अपील की और उन्हें पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया।

## प्रवासी भारतीय दिवस ओडिशा के लिए अपनी समृद्ध विरासत प्रदर्शित करने का अवसर : जयशंकर

भुवनेश्वर।, सात जनवरी (भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम ओडिशा के लिए अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपरा को विश्व के समक्ष प्रदर्शित करने का अवसर है। तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम बुधवार से यहां शुरू होने जा रहा है।

यह कार्यक्रम प्रवासी केंद्र सरकार के साथ भारतीय समुदाय के जुड़ाव को मजबूत करने और उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जोड़ने के लिए हर दो साल में एक बार आयोजित किया जाता है। कड़ी सुरक्षा के बीच



जयशंकर अपनी पत्नी के साथ कोणार्क में 13वीं सदी के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर और पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर गए। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज कोणार्क में भव्य सूर्य मंदिर के दर्शन कर बहुत खुशी हुई। हमारी विरासत और रचनात्मकता का प्रमाण, कोणार्क आने वाले दिनों में भुवनेश्वर की यात्रा करने वाले हमारे सभी प्रवासी मित्रों के लिए अवश्य आने लायक जगह है। उन्होंने प्रसिद्ध कोणार्क चक्र की दो तस्वीरें भी पोस्ट कीं। बाद में, मंत्री ने पुरी में 12वीं सदी के श्री जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया और भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर के अंदर लगभग 40 मिनट बिताए और मंदिर और देवताओं के बारे में पुजारियों और सेवकों से बातचीत की।

## पहली वाणिज्यिक उड़ान सीरिया की धरती पर उतरी



दमिश्क। सीरिया के तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल करने की घटना के करीब एक महीने बाद पहली अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक उड़ान मंगलवार को दमिश्क हवाई अड्डे पर उतरी। यह विमान कतर से सीरिया पहुंचा।

जॉर्डन की सरकारी समाचार एजेंसी पेट्रा की खबर के मुताबिक, रॉयल जॉर्डन एयरलाइंस का एक विमान परीक्षण उड़ान के तहत दमिश्क के लिए रवाना हुआ है। नागरिक उड्डयन नियामक आयोग के प्रमुख कैप्टन हैथम मिस्तो अन्य विशेषज्ञों की एक टीम के साथ विमान में सवार थे। उन्होंने कहा कि इस उड़ान का उद्देश्य नियमित उड़ानें पुनः शुरू करने से पहले दमिश्क हवाई अड्डे की तकनीकी स्थिति का आकलन करना था।करीब एक महीने पहले विद्रोहियों ने असद को अपदस्थ कर दमिश्क पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद पूर्ववर्ती सरकार से राजनयिक संबंध तोड़ चुके अरब और पश्चिमी देश नए पदाधिकारियों के साथ राजनयिक संबंध धीर-धीरे बहाल कर रहे हैं। असद के पतन के बाद स्थापित सरकार का नेतृत्व इस्लामवादी विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम या एचटीएस कर रहा है। सीरिया के नए विदेश मंत्री असद अल-शिबानी ने हाल के दिनों में कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की है। असद को अपदस्थ किये जाने से पहले सीरिया करीब 14 साल तक गृह युद्ध से जूझता रहा और उम्मीद है कि उसके पुनर्निर्माण के लिए खाड़ी देशों द्वारा वित्तपोषण अहम साबित होगा। अल-शिबानी मंगलवार को अम्मान में अपने समकक्ष से मुलाकात करने के लिए जॉर्डन के दौरे पर गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अधिकारी सीमा, सुरक्षा, ऊर्जा, परिवहन, जल, व्यापार और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के तंत्र पर चर्चा करने को तैयार हैं।

## इजराइली हमलों में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

यरुशलम। इजराइल की सेना ने कब्जे वाले पश्चिमी तट पर रात भर और मंगलवार को कई हमले किए, जिसमें फलस्तीन के तीन नागरिकों की मौत हो गई।

इजराइली सेना ने बताया कि उत्तरी पश्चिमी तट के गांव तमुन में कुछ फलस्तीनियों ने सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसके बाद किए गए हवाई हमले में फलस्तीन के दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। उसने बताया कि निकटवर्ती गांव तालुजा में हुई मुठभेड़ में एक अन्य आतंकवादी मारा गया, हालांकि इसमें इजराइली सेना का एक जवान भी घायल हो गया। सेना ने कहा कि उसने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से 20 से अधिक संदिग्ध आतंकवादियों को



गिरफ्तार किया है। सेना ने बताया कि इससे एक दिन पहले पश्चिमी तट पर इजराइली नागरिकों को ले जा रही एक बस पर बंदूकधारियों ने गोलीबारी की थी, जिसमें दो महिलाओं और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी।

## कर्नाटक को नक्सल मुक्त बनाने और माओवादियों के आत्मसमर्पण के लिए प्रयास जारी: गृह मंत्री

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि आगामी दिनों में माओवादियों से आत्मसमर्पण कराने की कोशिश की जा रही है क्योंकि सरकार राज्य को नक्सलियों से मुक्त बनाना चाहती है। परमेश्वर ने यह टिप्पणी ऐसे समय की है जब कुछ संदिग्ध माओवादियों ने मुख्यधारा में लौटने की इच्छा जताई है। परमेश्वर ने कहा कि आत्मसमर्पण कराने की प्रक्रिया जारी है और हमें इसे अंतिम रूप देना है। विक्रम गौड़ा की घटना (मुठभेड़) के बाद, हमने उनसे (माओवादियोंनक्सलियों) आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया है। अधिकारी विभिन्न स्तरों पर इस दिशा में काम कर रहे हैं और हमें लगता है कि यह उन्नत चरण में है। हम इस दिशा में काम करना जारी रखेंगे और यदि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ तो हम उनका आत्मसमर्पण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि सरकार के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कुछ निश्चित प्रक्रियाएं और नियम हैं। एस एम कृष्णा के मुख्यमंत्री रहते हुए 2000-2001 में भी इसी तरह के प्रयास किए गए थे। इनकी समीक्षा की जाएगी क्योंकि आत्मसमर्पण करने वाले लोगों ने अपनी कुछ इच्छाएं बताई हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके (माओवादियोंनक्सलियों) आत्मसमर्पण किए जाने के बाद राज्य नक्सल मुक्त हो जाएगा, मौजूदा स्थिति में अगर कोई बाहर से नहीं आता है।

इंटरटेनमेंट...

## हमारी फिल्म बड़े पर्दे पर आयेगी : कंगना

नयी दिल्ली। अभिनेत्री एवं फिल्म निर्माता कंगना रनौत ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी का ट्रेलर सोमवार को जारी किया और कहा कि वह 17 जनवरी को इसकी रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म छह सितंबर 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी प्रमाणपत्र ना मिलने के कारण इसकी रिलीज टल गई।

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) सहित कई सिख संगठनों ने इस फिल्म में समुदाय की गलत छवि पेश करने तथा गलत तथ्य दिखाने का आरोप भी लगाया था। फिल्म की निर्देशक एवं निर्माता रनौत ने कहा कि वह 17 जनवरी को फिल्म की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। अभिनेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद ने बयान में कहा, मुझे खुशी है कि हमारी फिल्म इमरजेंसी आखिरकार 17 जनवरी को बड़े पर्दे पर आएगी। यह केवल एक विवादास्पद नेता की कहानी नहीं है। यह उन विषयों पर आधारित है जो आज भी बेहद प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा, गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) से एक सप्ताह पहले रिलीज हो रही यह फिल्म हमारे संविधान की मजबूती पर विचार करने और अपने प्रियजन के साथ फिल्म देखने का बेहतरीन अवसर है। कंगना ने फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया मंच



एक्स पर साझा किया। उन्होंने लिखा कि 1975 का आपातकाल भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय। इंदिराः भारत की सबसे शक्तिशाली महिला। उनकी महत्वाकांक्षा ने देश को बदला, लेकिन उनके आपातकाल के फैसले ने (देश में) अराजकता ला दी। फिल्म इमरजेंसी की कहानी इंदिरा गांधी के 1975 से 1977 तक 21 महीनों के लिए लगाए गए आपातकाल और उसके बाद की घटनाओं पर आधारित है। इसमें अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी और दिवंगत सतीश कौशिक जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक के बीच तलाक को लेकर सहमति बनी

लॉस एंजिलिस। अमेरिकी अभिनेत्री, गायिका एवं फिल्म निर्माता जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक के बीच तलाक को लेकर सहमति बन गई है और दोनों ने न्यायाधीश से उनके तलाक को मंजूरी देने का अनुरोध किया है।

लोपेज ने सोमवार को लॉस एंजिलिस सुपीरियर कोर्ट में दस्तावेज दाखिल किए जिनसे पता चलता है कि दंपति ने तलाक के लिए आवेदन करने के लगभग एक महीने बाद सितंबर में मध्यस्थता के माध्यम से अपने तलाक का निपटारा कर लिया था। हालांकि, ज्यादातर वित्तीय विवरण सार्वजनिक रूप से दर्ज नहीं किए गए लेकिन लोपेज या एफ्लेक में से कोई भी एक-दूसरे को भरण-पोषण नहीं देगा। तलाक होने के बाद लोपेज अपने



कानूनी नाम से एफ्लेक शब्द हटा देंगी। इस सुपरस्टार जोड़ी ने जुलाई 2022 में विवाह किया था। लोपेज ने अगस्त 2024 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। हालांकि पूर्व दंपति ने अदालत में दायर दस्तावेजों में कहा है कि वे अप्रैल 2023 में अलग हो जाएंगे। 2000 के दशक की शुरुआत में मुलाकात, प्यार और सगाई के बाद इस जोड़े ने अलग होने का फैसला किया।

## केरल पुलिस ने अभिनेत्री हनी रोज का बयान दर्ज किया



कोच्चि। केरल पुलिस ने मलयालम अभिनेत्री हनी रोज के सोशल मीडिया पेज पर कथित अश्लील टिप्पणियों के खिलाफ उनके द्वारा दर्ज की गई शिकायत के संबंध में उनका (अभिनेत्री हनी रोज का) बयान दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अभिनेत्री सोमवार को सेंट्रल पुलिस थाने पहुंची और अपना बयान दर्ज कराया। कोच्चि सेंट्रल पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए यौन उत्पीड़न की शिकायत पर 30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनमें से एक को गिरफ्तार भी कर लिया है। हमने अपनी जांच तेज कर दी है। जिन लोगों ने ऐसी टिप्पणियां पोस्ट की थीं।

## देवा मेरे दिल के बेहद करीब है : शाहिद

मुंबई। अभिनेता शाहिद कपूर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म देवा उनके दिल के बेहद करीब है।

अभिनेता ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि काफी समय से कई लोग उनसे कुछ अलग करने को कह रहे थे और इसलिए उन्होंने इस फिल्क को चुना। यह फिल्म बतौर अभिनेता उनके करियर में एक नया पड़ाव है। देवा में कपूर प्रतिभाशाली व स्वभाव से विद्रोही पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी नजर आएंगे। जी स्टूडियोज के सहयोग से सिद्धार्थ रॉय कपूर की रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी। कपूर ने रविवार को कार्टर रोड एम्फीथियेटर में फिल्म का टीजर जारी किया। अभिनेता ने कहा कि देवा उनके दिल के बेहद करीब है। कई वर्षों से लोग उनसे कह रहे थे कि ऐसी फिल्म बनाएं जो दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचे..। उन्होंने कहा, इसलिए मेरे लिए यह मेरे करियर का अगला पड़ाव है। यह शायद मेरी सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्म रही है। किरदार में बहुत कुछ ऐसा है जिसके बारे में अभी बात नहीं



कर सकता। आप इसे 31 जनवरी को देख सकते हैं। हैदर, कबीर सिंह, जर्सी और जब वी मेट जैसी फिल्मों से अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले कपूर ने कहा कि इस फिल्म की कहानी मुंबई शहर से प्रभावित है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K